RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

Black Bichhoo

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द्र सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

9644811407, 8102020599O
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 168 | ग्वालियर बुधवार 29 जनवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

# महाकुंभ संगम घाट पर मची भगदड़, कई श्रद्धालुओं के मरने की सूचना

महाकुंभ नगर (प्रयागराज)। बुधवार मौनी अमावस्या के मौके पर संगम तट पर भगदड़ मच गई। हादसे में कई श्रद्धालुओं के मरने की बात सामने आ रही है। हालांकि मेला प्राधिकरण की ओएसडी आकांक्षा राणा ने आधिकारिक तौर पर किसी भी मौत की पुष्टि नहीं की है। बचाव कार्य के लिए एंबुलेंस की दो दर्जन से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं। मेले में भारी भीड़ उमड़ी है। 10 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। एंबुलेंस की गाड़ियों को मरीजों को अस्पताल तक लाने में काफी दिक्कत हो रही है। सभी सड़कों पर भीड़ ही नजर आ रही है।





**अफवाह के चलते मची भगदड़:** बताया जा रहा है कि स्नान घाट के पास भीड़ में बेचैनी के चलते कुछ महिलाएं बेहोश होकर गिर गईं। इसके बात मची अफवाह के बाद लोग एक दूसरे को कुचलते हुए भागने लगे। सूचना पाकर दो दर्जन से अधिक एंबुलेंस की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। घायलों को महाकुंभ के केंद्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तमाम आला अधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गए हैं।

**श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से स्थिति बेकाबू :** महाकुंभ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते स्थिति बेकाबू हो गई है। भीड़ में सैकड़ों लोग कुचल गए। मौके पर चीख पुकार मची हुई है। एंबुलेंस घायलों को लेकर अस्पताल पहुंच रही है। अधिकांश लोग बेहोश हो गए हैं। कई शव वाहन भी मौके पर पहुंच रहे हैं, जिससे कई मौतों की आशंका जाहिर की जा रही है। चश्मदीदों के मुताबिक राहत और बचाव कार्य के कारण सिर्फ एंबुलेंस की आवाज सुनाई दे रही हैं। सभी घायलों को मेले के सेंट्रल हॉस्पिटल ले जाया जा रहा है। मौके पर चीख पुकार मची है। घटनास्थल पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर दी है। एनाउंस किया गया कि संगम नोज पर कोई श्रद्धालु जाने की कोशिश न करे। कहीं भी स्नान करके लौट जाएं। संगम पर न जाएं।

## साधु-संतों अमृत स्नान रद्द

**महाकुंभ नगर।** मौनी अमावस्या पर भारी भीड़ और भगदड़ की घटना के चलते सभी अखाड़ों ने अमृत स्नान न करने का ऐलान किया है। यह ऐलान अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र गिरी ने निरंजन छावनी से किया। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने कहा जिस तरह से श्रद्धालुओं की भीड़ है और भगदड़ की घटना सामने आई है उससे अखाड़े ने स्नान न करने का फैसला लिया है। अखाड़े के वहां जाने से स्थिति और भी बिगड़ सकती थी। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष के एलान के बाद महानिर्वाणी अखाड़ा अपना जुलूस बीच रास्ते से ही वापस लेकर छावनी लौट आया वहीं जूना अखाड़े ने भी अपना जुलूस छावनी में वापस बुला लिया।

# संघप्रिय बने नये निगमायुक्त आज सम्हालेंगे पदभार



ग्वालियर। ग्वालियर के नये निगमायुक्त संघप्रिय 29 जनवरी को अपना पदभार सम्हालेंगे। वह पन्ना में सीईओ जिला पंचायत से कार्यमुक्त हो गये है और 29 जनवरी को ग्वालियर में अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे। संघप्रिय ने इस प्रतिनिधि से चर्चा में कहा कि वह ग्वालियर में स्वच्छता से लेकर नगर निगम के आम जनता से जुड़े हर कार्य पर फोकस करेंगे, ताकि ग्वालियर प्रदेश के अव्वल शहरों की गिनती में रहें।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है: डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने जापान में इंटरैक्टिव सेशन में उद्योगपतियों से किया संवाद

टोक्यो (जापान )7 मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व बन्धुत्व की भावना के साथ नई वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है। जापान ऐतिहासिक रूप में गौतम बुद्ध की परंपरा से जुड़ा है और भारत गौतम बुद्ध की धरती है। भारत और जापान का सदियों से परस्पर संबंध रहा है। प्राचीनकाल से आधुनिक युग तक जापान का समृद्ध इतिहास रहा है। विनाशकारी भूकंपों और प्राकृतिक आपदाओं से उबरने में जापान द्वारा दिखाई गई उद्यमशीलता को नमन करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस जीवटता से जापान ने विश्व में विशेष पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जापान स्थित भारतीय दूतावास में आयोजित शो इंटरैक्टिव सेशन ऑन 卐इनवेस्टमेंट अर्पोचुनिटीज इन मध्यप्रदेश卐 के अवसर पर उद्योगपतियों से संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि इस यात्रा से मध्यप्रदेश-जापान की मित्रता में एक नये अध्याय की शुरुआत होगी।

**जापान से जुड़े हैं मध्यप्रदेश के व्यावसायिक संबंध:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जापान अपनी विशिष्ट जीवन शैली और औद्योगिक शैली के आधार पर आर्थिक संपन्नता में महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित करने वाला देश है। प्रसन्नता और गर्व का विषय है कि जापान से मध्यप्रदेश के व्यावसायिक संबंध भी जुड़े हैं। वर्ष




2023-24 में मध्यप्रदेश से जापान को 92.8 मिलियन डॉलर का निर्यात किया गया, इनमें एल्युमिनियम से बनी वस्तुएं, कार्बनिक रसायन, परमाणु रिएक्टर्स, बॉयलर्स, यांत्रिक उपकरण, फार्मास्युटिकल उत्पाद सहित अन्य मशीनरी शामिल हैं। जापान में मैन्युफैक्चरिंग और अन्य क्षेत्रों से जुड़े उद्योग भी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जापान के उद्योग समूहों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जापान में भारत के राजदूत श्री सिबी जॉर्ज का व्यवसायिक घरानों से जोड़ने के लिये निभाई गई महती भूमिका के लिये आभार माना।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 9 करोड़ से अधिक की आबादी के साथ मध्यप्रदेश क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक दशक में तीन गुना बढ़ी है, अर्थव्यवस्था को अगले पाँच साल में दोगुना करना हमारी सरकार का लक्ष्य है। पूंजीगत व्यय और शासकीय व्यय में पिछले एक साल में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो हमारे प्रदेश की प्रगति का द्योतक है। पिछले पाँच वर्ष में राज्य ने निर्यात की दिशा में विशेष प्रयास किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 2023-24 में 65 हजार करोड़ का निर्यात किया गया। ऊर्जा, खनन, शिक्षा, एम.एस.एम.ई. सहित सभी प्रमुख क्षेत्रों में उद्योग अनुकूल नीतियां लागू की जा रही हैं, जिसके परिणामस्वरूप देश में मध्यप्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बना है, साथ ही विश्व में उद्योग समूहों की रूचि भी मध्यप्रदेश में बढ़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निवेश और औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के लिए नीतियों के इतर जाकर भी यदि आवश्यकता होगी तो निवेशकों की सहूलियत के लिये सरकार नीतियों में परिवर्तन करेंगी।

# करोड़पति कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा गिरफ्तार

## भोपाल में लोकायुक्त ऑफिस में 5 घंटे चली पूछताछ; पार्टनर शरद भी हिरासत में

**भोपाल।** आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी चेतन गौर को लोकायुक्त पुलिस ने हिरासत में ले लिया। सौरभ को लोकायुक्त ऑफिस के बाहर से पकड़ा गया। इसके बाद उससे 5 घंटे तक पूछताछ की गई। उसे कोर्ट में पेश किया गया। इसके कुछ देर बाद चेतन गौर को भी कोर्ट में लाया गया। जहां कोर्ट रूम में बहस चल रही है। इधर, सौरभ के पार्टनर शरद जायसवाल भी मंगलवार दोपहर को अपने वकील के साथ लोकायुक्त में बयान दर्ज कराने पहुंचे। बयान दर्ज करने के बाद लोकायुक्त पुलिस ने उन्हें भी हिरासत में ले लिया।



**सौरभ के वकील बोले- असंवैधानिक तरीके से अरेस्ट किया:** सौरभ के वकील राकेश पाराशर ने बताया कि सौरभ कोर्ट के आदेश पर आज 11 बजे हाजिर होने वाला था। लेकिन, लोकायुक्त पुलिस ने उसे असंवैधानिक तरीके से अरेस्ट कर लिया। जबकि सौरभ ने सोमवार को कोर्ट में खुद उपस्थित होकर सरेंडर करने का आवेदन दिया था। पाराशर ने लोकायुक्त के खिलाफ कोर्ट में आवेदन भी लगा दिया है।सौरभ की गिरफ्तारी पर ईडी करेगा वेट एंड वॉच सौरभ शर्मा की गिरफ्तारी के बाद ईडी अभी वेट एंड वॉच की स्थिति में है। लोकायुक्त पुलिस के रिमांड के दौरान की जाने वाली जांच रिपोर्ट आने के बाद ईडी मुख्यालय तय करेगा कि सौरभ को रिमांड पर लेना है या नहीं।

## महाकुंभ में भगदड़ पर पीएम मोदी ने सीएम योगी से ली जानकारी



**प्रयागराज।** महाकुंभ में भगदड़ की खबर है। 15 लोग हताहत हुए हैंऔर कुछ को बेहोशी की हालत में अस्पताल ले जाया जा रहा है। मौके पर मुस्तैद प्रशासन ने तत्काल राहत-बचाव का काम शुरू किया। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। मेले में मची भगदड़ के बाद निरंजनी अखाड़े ने स्नान जुलूस रोक दिया है। कुछ फिलहाल अखाड़े स्नान के लिए नहीं निकले हैं। अखाड़ों ने अमृत स्नान स्थगित कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पीएम मोदी ने हादसे की जानकारी सीएम योगी से ली है।

# आप-दा के कुशासन व भ्रष्टाचार से निकालने का एकमात्र विकल्प 'भाजपा' : अमित शाह

**नई दिल्ली।** कालकाजी विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान शाह ने कहा कि दिल्ली को आप-दा के कुशासन व भ्रष्टाचार के अंधकार से निकालने का एकमात्र विकल्प 'भाजपा' है। कालकाजी विधानसभा में भाजपा ने पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी को मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ चुनावी मैदान में उतारा है। शाह ने कहा कि 5 तारीख को दिल्लीवालों के लिए केजरीवाल की आप-दा से मुक्त होने का बहुत बड़ा मौका है। 5 फरवरी को कमल का बटन दबाइए और केजरीवाल की आप-दा से हमेशा के लिए मुक्ति पाइए। केजरीवाल की सरकार झूठ, फरेब, वादाखिलाफी और भ्रष्टाचार की सरकार है।



अमित शाह ने कहा कि कल केजरीवाल ने जलबोर्ड की रिपोर्ट का हवाला देकर एक बयान दिया कि दिल्ली में जो यमुना का पानी आता है, उसमें हरियाणा सरकार ने जहर मिलाया है। जबकि जलबोर्ड वालों ने कहा कि केजरीवाल झूठ बोल रहे हैं। केजरीवाल जी, आपके पास जलबोर्ड की जो रिपोर्ट है, उसे कल सार्वजनिक ?कीजिए, हम जिम्मेदारी लेंगे। शाह ने कहा कि अन्ना हजारे के आंदोलन के दौरान इन्होंने (केजरीवाल) कहा था कि हम राजनीतिक लोग नहीं हैं, हम राजनीतिक पार्टी नहीं बनाएंगे, लेकिन इन्होंने पार्टी बनाई। इन्होंने कहा था कि हम कांग्रेस पार्टी का समर्थन नहीं लेंगे, कांग्रेस का समर्थन लिया। इन्होंने कहा था कि हम सिक्योरिटी, गाड़ी और बंगला नहीं लेंगे, इन्होंने सिक्योरिटी ली, गाड़ी ली और करोड़ों का शीश महल बनवाया।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल जी ने कहा था कि हम भ्रष्टाचार नहीं करेंगे, इन्होंने हजारों करोड़ रुपये का शराब घोटाला किया। मंदिर, गुरुद्वारा, स्कूल... सबके सामने शराब की दुकानें खोलीं, जेल गए।जलबोर्ड घोटाला, राशन घोटाला, डीटीसी बस घोटाला, क्लासरूम घोटाला किया और खुद के लिए करोड़ों का शीश महल बनवाया। शाह ने खड़गे पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जारी रखते हुए कहा कि अभी कल मैंने महाकुंभ में गंगा की डुबकी लगाई, लेकिन डुबकी मैंने लगाई और ठंड खड़गे जी को लग गई। वो कह रहे हैं कि गंगा में डुबकी लगाने से गरीबों का भला नहीं होगा। खड़गे साहब, आपने पूरा जीवन डुबकी नहीं लगाई, लेकिन आपने गरीबों का क्या भला किया।

अमित शाह ने कहा कि भाजपा पार्टी इस देश की परंपरा और आस्था में विश्वास करती है, इसलिए भव्य करतारपुर साहिब कॉरिडोर भी बनता है और महाकुंभ का मेला भी लगता है। 2019 में मोदी जी ने गंगा में डुबकी लगाई और देश के करोड़ों गरीबों को गैस कनेक्शन, शौचालय, बिजली, मुफ्त अनाज, मुफ्त इलाज समेत सारी सुविधाएं दीं। लेकिन कांग्रेस पार्टी हमेशा सनातन धर्म का अपमान करती है। खड़गे साहब, आपको सनातन धर्म में श्रद्धा नहीं है तो कोई बात नहीं, लेकिन करोड़ों सनातनियों का मजाक मत उड़ाइए।

# हम सभी एक साथ मिलकर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे: भारत सिंह कुशवाह

**ग्वालियर/ डबरा।** कार्यकर्ताओं में असीम ताकत होती है। अगर में भारतीय जनता पार्टी का कार्यकता नहीं होता सांसद नहीं बनता। आप लोगों के कारण ही हमारा देश का डंका विश्व में बज रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को कभी अपना स्टेशन ना छोड़े,एक ट्रेन छुटने पर दूसरी आ जायेगी। उन्होंने कहा कि नव नियुक्त जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत के नेतृत्व में पार्टी नई ऊंचाइयों को छुएगी और कार्यकर्ताओं को उनके कुशल नेतृत्व में काम करने का अवसर मिलेगा। हम सभी प्रेम सिंह राजपूत के नेतृत्व में एक साथ मिलकर संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे।कार्यकर्ता को हमेश दोहरी भूमिका में रहना चाहिए, संगठन के कार्य करते हुए जनता की अन्य समस्या को भी सुनना चाहिए। केंद्र में मोदी सरकार और मध्यप्रदेश में डॉक्टर मोहन यादव की सरकार में विकास के कार्य शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे हैं। उक्त बात मंगलवार को ग्वालियर सांसद भरत सिंह कुशवाहा ने डबरा में आयोजित नवनियुक्त ग्वालियर ग्रामीण जिला अध्यक्ष के स्वागत कार्यक्रम में कहीं।

इस अवसर पर नवनियुक्त ग्वालियर ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत ने कहा कि ये सिर्फ परंपरा है जो सिर्फ किसी दल में है वो है भाजपा है। आप सभी का प्रेम मिलता रहे, मैं वरिष्ठों को विश्वास दिलाता हूं भाजपा ग्रामीण नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।जब आप जहां कहेंगे जिलाध्यक्ष होने के नाते जो कार्यकर्ता मुझे पुकारेगा में उसके साथ वहां खड़ा मिलूंगा। उन्होंने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी के संस्कार हैं। हमारी भाजपा



सरकार सेवा का काम कर रही है और करते रहनाहै। आपके स्नेह और प्यार के लिए मैं अभिभूत हूं। इस अवसर पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष कौशल शर्मा ने कहा हम अध्यक्ष जी आप के साथ कंधे से मिलाकर काम करेंगे। सभा को पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र जैन और डॉ विवेक मिश्रा ने भी संबोधित किया। संचालन डबरा नगर के मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने किया

**ग्वालियर ग्रामीण अध्यक्ष का जगह-जगह हुआ स्वागत :** भाजपा ग्वालियर ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत का स्वागत का अडुपुरा से शुरू हो गया। अडूपूरा एवं जौरासी मंदिर पर शिवम यादव एवं नरेंद्र जैन समेत अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा,आंतरी तिराहा, मासनपुर तिराहा, जौरासी गांव में कुलवंत बाजवा, मुकेश भार्गव, जीत यादव, अरविंद शर्मा, बलवीर गुर्जर समेत अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा चिरूल, मानपुर तिराहा, सिमरिया टेकरी पर जिला पंचायत सदस्य राजू खटीक,पवन राणा, महेश पचौरी, गुरलाल कंग, अमर दीप मौर्य, मम्मू भाई एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने, डबरा नगर में पहुंचने पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा एवं अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पमाला पहनकर एवं आतिशबाजी कर भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्री कौशल शर्मा जी, जिला पंचायत सदस्य केशव बघेल, जितेन्द्र रावत, राजु खटीक उपस्थित रहे। वहीं डबरा पहुंचने पर विभिन्न स्थानों पर भाजपा के विभिन्न मोर्चा प्रकोष्ठों एवं पार्षदों द्वारा उत्साह से आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया गया।

# वित्तीय साक्षरता केंद्र अम्बाह के द्वारा सीएम जनकल्याण कैंप का आयोजन ग्राम बडफरा में हुआ संपन्न

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से पवन किरार ग्रामीण ब्यूरो मुरैना



**अम्बाह ।** अम्बाह कस्बा के ग्राम पंचायत बडफरा में जिला अग्रणी बैंक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशानुसार चल रही परियोजना आरोह फाउंडेशन के द्वारा संचालित मनी वाइज वित्तीय साक्षरता केंद्र अम्बाह के माध्यम से वित्तीय साक्षरता शिविर के माध्यम मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत बडफरा में किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे आरोह फाउंडेशन मनी वाइज वित्तीय साक्षरता केंद्र इंचार्ज एवं ब्लॉक कॉर्डिनेटर अम्बाह से श्री पवन किरार जी के साथ ग्राम पंचायत बडफरा के समस्त कर्मचारी और अधिकारी के साथ ही साथ सेंट्रल बैंक बीसी इंद्रजीत सिंह एवं सीएफएल इंचार्ज अम्बाह से श्री पवन किरार जी के द्वारा अग्रणी जिला प्रबन्धक एन के मंगल जी मुख्य अतिथि के रूप में पधारे और समस्त ग्रामीणजनों के साथ स्वागत किया। मुख्य मंत्री जन कल्याण अभियान के तहत चल रहे शिविर में अग्रणी बैंक कार्यालय सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से पधारे हमारे जिले के अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक श्री नरेंद्र कुमार (एन.के) मंगल जी ने बैंकों से संबंधित समस्त जानकारियों किसान भाई एवं लाडली बहिनों के समक्ष प्रस्तुत की और विस्तार से योजनाये साझा कीं उन्होंने बताया कि शासन और बैंक की ओर से किसानों एवं समस्त भाइयों एवं बहिनों के लिए कितनी महत्वपूर्ण योजनाये चल रही हैं जिनकी जानकारी आप लोगों को शायद नहीं है और इसलिए आप समस्त बैंक या विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित आयोजित कैंपों में जाकर अपनी समस्या का निराकरण तुंरत करवाए, उन्होंने आव्हान किया कि आप सभी ज्यादा से ज्यादा केसीसी या विभिन्न प्रकार के ऋण का लाभ लें और समय से ऋण भरे जिससे शासन से मिलने वाली समस्त छूट आपको प्रदान समय से की जा सके एवं अपने फसलों के बीमे समय से कराएं। तो वही मनीवाईज वित्तीय साक्षरता केंद्र से वित्तीय साक्षरता केन्द्र प्रभारी श्री पवन किरार जी ने भी किसान भाइयों और लाडली बहिनों की संबोधित करते हुए समस्त बैंक के माध्यम से जानकारी देते हुए कहा कि बचत को अपनी आदत बनाए ओर वित्तीय लाभ पाए उन्होंने बैंक की अनेकानेक योजनाओं के बारे में लाभ और बीमों की विस्तृत जानकारियां प्रदान की। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत बडफरा एवं वित्तीय साक्षरता केंद्र प्रभारी अम्बाह से सीएफएल इंचार्ज एवं ब्लॉक समन्वयक पवन किरार जी ने किया। कार्यक्रम ग्राम पंचायत के उच्च अधिकारी श्री चेतन गुप्ता जी समग्र विभाग जनपद अम्बाह ओर पूजाराम राठौर जी के माध्यम से किया तो वहीं अम्बाह ब्लॉक कॉर्डिनेटर पवन किरार ने एलडीएम साहब के साथ-साथ समस्त ग्रामीण वासियों का आभार व्यक्त किया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों के लिए डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण संपन्न

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
पंकज जैन

**अंबाह ।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्देशित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम अधिकारियों को माय भारत पोर्टल/डिजिटल साक्षरता हेतु अंबाह पीजी कॉलेज में एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुरैना जिले के सभी एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों ने भाग लिया और डिजिटल तकनीकी ज्ञान अर्जित किया।

कार्यशाला का आयोजन जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के रासेयो प्रकोष्ठ के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. हरिशंकर कंसाना एवं रासेयो जिला मुरैना के जिला संगठक डॉ. शशि वल्लभ शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ।

माय भारत पोर्टल के मास्टर ट्रेनर डॉ. दीप किशोर (एमआईटीएस कॉलेज, ग्वालियर) एवं डॉ. स्मृति वर्मा (शासकीय वीरांगना झलकारी बाई कॉलेज, ग्वालियर) ने कार्यक्रम अधिकारियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग और तकनीकी कार्यप्रणाली सिखाई। प्रशिक्षण अंबाह पीजी कॉलेज की कंप्यूटर लैब में, प्रो. दिवाकर शर्मा के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस अवसर पर प्रो. हरिशंकर कंसाना ने कहा, आज के समय में डिजिटल ज्ञान अनिवार्य हो गया है। भारत सरकार अब एनएसएस के कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग माय भारत पोर्टल के माध्यम से करेगी। संस्थाओं को अपने सभी कार्यक्रमों की जानकारी और फोटो पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। इस उद्देश्य से यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विश्वास मेढेकर, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी विजय शर्मा, डॉ. दिलीप कटारे, शिवदत्त शर्मा, के.सी. बंसल, एवं जिले के सभी एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की सफलता में जीवाजी विश्वविद्यालय से आए आकाश अष्ठाना एवं पुनीत बंसल का विशेष योगदान रहा।

**डॉ. शशि वल्लभ शर्मा**
**जिला संगठक, राष्ट्रीय सेवा योजना**

# कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने हिन्दू आस्था और सनातन का अपमान किया : राजौरिया




दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
9009601101

**ग्वालियर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपनी सनातन विरोधी मानसिकता का पुन: परिचय देते हुए हिंदुत्व सनातन एवं महाकुंभ के स्नान के खिलाफ वक्तव्य देकर समस्त देशवासियों की भावनाओं को आहत किया है। यह बात आज मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा फूलबाग चौराहा पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का पुतला दहन करते समय कहीं।

भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने कहा कि महाकुंभ लाखों वर्षों से सनातन आस्था का प्रतीक रहा है । इसी आस्था और श्रद्धा के कारण करोड़ों लोग महाकुंभ में प्रयागराज में गंगा मैया में आस्था की डुबकी लगा रहें हैं।

उन्होंने कहा यह कहना दुखद है कि जहां पूरी दुनिया में इस आस्था को महत्व दिया जाता है, वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा हिंदुत्व सनातन एवं महाकुंभ के स्नान के खिलाफ वक्तव्य देकर समस्त देशवासियों की भावनाओं को आहत किया है। इससे देश और दुनिया भर के सनातनियों का अपमान किया है।

## अपर आयुक्त ने सुनी आमजन की समस्यायें

**ग्वालियर।** आमजनों की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जनसुनवाई आयोजित की गई। जिसमें अपर आयुक्त विजय राज, मुनीश सिंह सिकरवार, अनिल दुबे ने आमजनों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में वार्ड 35 शांती नगर शेख की बगिया निवासी निसार हुसैन ने आवेदन देते हुए बताया उनके पडोसी शाहरुख खान द्वारा नाली बंद कर अतिक्रमण कर लिया है। जिस कारण क्षेत्र के निवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। आवेदक ने उचित कार्यवाही किए जाने के संबंध में, वार्ड 63 चकरायपुरा निवासी श्रीमती जरीना ने आवेदन देते हुए अवगत कराया कि ग्राम रायपुरा कुंअरपुर में अजय भदौरिया द्वारा अवैध रूप से कच्ची कॉलोनी काटी जा रही है।

# सिद्धचक्र विधान में आदिनाथ निर्वाण लाडू किया समर्पित

## सिद्धों की आराधना में 248 अर्घ समर्पित

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
पंकज जैन



**मुरैना ।** ज्ञानसागर सेवा सदन, बड़े जैन मंदिर में चल रहे सात दिवसीय श्री 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान में अभी तक 248 अर्घ समर्पित किए गए । जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी के मोक्ष कल्याणक के पावन अवसर पर निर्वाण लाडू अर्पित किया गया। प्रतिष्ठाचार्य पंडित महेन्द्रकुमार शास्त्री मुरैना एवं विधानाचार्य पंडित राजेंद्र शास्त्री मंगरोनी द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार पुण्यार्जक परिवार नेमीचंद विमलचंद जैन वर्तन वाले कुम्हेरी परिवार की ओर से आयोजित विधान के प्रथम दिन 26 जनवरी को घट यात्रा, ध्वजारोहण, सकलीकरण, मंडप शुद्धि, पात्र शुद्धि के साथ विधान का शुभारंभ हुआ । दूसरे दिन सिद्धों की भक्ति करते हुए तीन पूजाओं के 56 अर्घ एवं तीसरे दिन दो पूजाओं के 192 अर्घ यानि कि अभी तक कुल 248 अर्घ समर्पित किए हुए हैं । चौथे दिन 256, पांचवे दिन 512, छठवें दिन 1024 अर्घ समर्पित किए जाएंगे । मंगलवार को जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक मनाया गया । विमलचंद जैन एवं योगेन्द्र जैन ने अपने परिजनों के साथ मुख्य लाडू एवं उपस्थित अन्य सभी लोगों ने भी निर्वाण लाडू समर्पित किया । विधान के पूजन में बैठने वाले सभी बंधु, माता बहिनें एक विशेष परिधान के साथ साथ हार एवं मुकुट आदि से सुशोभित थी सभी लोग सिद्धों की आराधना करते हुए भक्ति के साथ नृत्य कर रहे थे । विधान के अर्घ समर्पण हेतु एक विशाल मंडप बनाया गया है । मंडप के मध्य पाण्डुक शिला पर चतुर्मुखी जिन प्रतिमाएं विराजमान की गईं हैं । स्वर संगम सौरभ जैन एण्ड पार्टी द्वारा प्रतिदिन रात्रि को महाआरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं। अंतिम दिन 01 फरवरी को विश्वशांति की कामना के साथ महायज्ञ का आयोजन होगा एवं श्री सिद्धचक्र विधान के समापन पर श्री जी को रथ पर विराजमान कर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी । भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण करती हुई बड़ा जैन मंदिर मुरैना पहुंचेगी । वहां श्री जी को पाण्डुक शिला पर विराजमान कर कलषाभिषेक किए जायेगें ।कार्यक्रम के मुख्य संयोजक विनोद जैन लोहे वाले एवं आशीष जैन ने बताया कि रथयात्रा एवं कलषाभिषेक के पश्चात दोपहर 01 बजे से पुण्यार्जक परिवार कुम्हेरी वाले नेमीचंद विमल जैन वर्तन वाले परिवार की ओर से सकल जैन समाज के वात्सल्य भोज का आयोजन किया गया है, साथ ही विधानाचार्य, संगीतकार, पुजारियों सहित अन्य लोगों का सम्मान किया जाएगा ।

# सनराइज पब्लिक स्कूल व सरस्वती विद्यालय मुरार में रंगारंग कार्यक्रम के साथ झंडा वंदन हुआ संपन्न






दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
9009601101

**ग्वालियर-** ?गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सनराइज पब्लिक स्कूल, मामा का बाज़ार, लकड़खाने एवं सरस्वती स्कूल तहसील टप्पा मुरार आयोजित झंडा वंदन कार्यक्रम बेहद उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजसेवी अरुणेश सिंह भदोरिया ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने झंडा वंदन करते हुए सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दीं और बच्चों को प्रेरणादायक बातें बताईं।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जो बेहद प्रभावशाली रहीं। खासतौर पर नाटकों के माध्यम से बच्चों ने समाज को जागरूक करने वाले महत्वपूर्ण संदेश प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को न केवल प्रेरित किया, बल्कि देशभक्ति और सामाजिक चेतना को भी बढ़ावा दिया। साथ ही साथ, इस अवसर पर जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी के मीडिया प्रभारी श्री अजय पोशिया जी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को उनकी प्रस्तुतियों के लिए पुरस्कार वितरित किए गए, जिससे उनका उत्साह और बढ़ा। स्कूल परिवार और स्थानीय समुदाय का सहयोग इस आयोजन को सफल बनाने में सराहनीय रहा। यह कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास, देशप्रेम और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को प्रबल करने में बेहद प्रेरणादायक रहा।

# भिंड (म.प्र.) में बनी भारत की सबसे बड़ी रंगोली

## जिसमे बनाया 60 घटे में इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड 2025

चित्रकार आर्टिस्ट बेताल केन



**ग्वालियर** ,भिंड में बनी भारत की सबसे बड़ी 5400 वर्ग फुट की 21 परमवीर चक्र विजेताओं की रंगोली के बारे में जानकारी यह कार्यक्रम अश्वनी सिंह भदौरिया के द्वारा ऑर्गेनाइज किया गया जिसमें मुख्य कलाकार भूपेंद्र चौहान , रविकांत, आर्टीस्ट बेताल केन ,प्रशांत कुशवाहा , के साथ अन्य 35 राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों ने मिलकर इस रंगोली को संपन्न किया ,ग्वालियर रंगोली आर्टिस्ट बेताल केन ग्वालियर जिसमे कालाकर सामिल थे , अश्वनी सिंह भदौरिया (आयोजक) बालकिशन बोहरे(मॉडरेटर) प्रिंसचौहान राधा कुशवाह ,रितिका सुमन ,हर्ष सिंह भदौरिया ,सूर्या भदौरिया,खुशी कुशवाह,विशाल तिवारी ,शिवम शर्मा ,अदिति सिंह भूपेंद्र सिंह चौहान, रविकांत गोयल, पूनम कुमारी , रेहान खान,प्रशांत कुशवाह ,शिक्षा शिवहरे,सचिन नामदेव, साक्षी शर्मा,अक्षित पाल,खुशबू बगुल्या ,सुहावना गौर,वैष्णवी गर्ग,ओम गर्ग,रुखसार अंसारी ,भारत तोमर ,प्रिया कुशवाह,प्रतीक्षा ओझा,राहुल शिवहरे,भारत तोमर ,बलबीर सिंह,मनीषा प्रजापति, कार्तिक तिवारी,अंशिका दीक्षित, पूजा बघेल, अभिषेक,अंजली पंडोरिया, प्रवेश इंदौरिय,अंशुमन आदि कलाकार ने भूमिका निभाई । व 60 घटे में रिकॉड बनाया ,

# जन-सुनवाई : कलेक्टर न्यायालय में भी कलेक्टर श्रीमती चौहान ने सुनी आम जन की समस्याएँ

## कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में 144 लोगों की समस्याओं की हुई सुनवाई

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**ग्वालियर** कलेक्ट्रेट में आयोजित जन-सुनवाई में इस बार 144 लोगों की समस्यायें सुनी गईं। कलेक्ट्रेट स्थित स्व. टी धर्माराव सभागार में हर मंगलवार की तरह जन-सुनवाई हुई। इसके बाद कलेक्टर श्रीमती चौहान ने शेष बचे लोगों को सम्मानपूर्वक कलेक्टर न्यायालय में बुलाकर सभी की एक ङ्क एक कर समस्यायें सुनीं। साथ ही आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध कार्यक्रम के तहत हर आवेदन का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में इस बार 144 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 62 आवेदन दर्ज किए गए। शेष 82 आवेदन संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को सीधे ही निराकरण के लिये दिए गए। जन-सुनवाई में राजस्व, नगर निगम, बिजली इत्यादि से संबंधित समस्यायें प्राप्त हुईं। समस्याओं के निराकरण के साथ-साथ जरूरतमंदों के निश्शुल्क इलाज का इंतजाम कराया गया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ दिलाने की प्रक्रिया भी निर्धारित की गई। जन-सुनवाई में अपर कलेक्टर श्री कुमार सत्यम व श्री टी एन सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री सुरेश कुमार बरहादिया व एसडीएम श्री अतुल सिंह सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने भी समस्यायें सुनीं और आवेदन प्राप्त कर निराकरण के लिये भेजे।

# ग्वालियर में किया यू.पी.एस.का बहिष्कार,योजना की जलाई होली




ग्वालियर ,नेशनल मूवमेंट फोर ओल्ड पेंशन स्कीम (ह्स्ल्ह्क्र) जिला शाखा ग्वालियर के पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों ने अपने अपने कर्तव्य स्थल पर भारत सरकार द्वारा लागू की जाने वाली यूनीफाइड पेंशन स्कीम (क्क्र) का विरोध करते इस योजना की बापस लेने के लिए विरोध स्वरूप यू.पी.एस.बापस लो ,यू.पी.एस.नहीं चाहिए आदि नारे लगाते हुऐ इसयू पी एस योजना का ठाठीपुर ,मुरार बारादरी, ओडपुरा तथा जिला ग्वालियर के कई स्थानों पर एवं अपने अपने कार्यस्थल पर दहन किया गया।

इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण जाटव ने कहा कि किसी भी कीमत पर हमें यूनिफाइड पेंशन स्कीम स्वीकार नहीं है एन.पी.एस.को भी समाप्त कर हम केवल पुरानी पेंशन बहाली की माँग करते है और जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी तब तक हम संघर्ष करते रहेंगे इस अवसर पर लक्ष्मी नारायण जाटव , राजेंद्र सिंह , प्रदीप यादव ,रामोतार राजौरिया, रामोतार मौर्य , राजेंद्र पक्षबार, अमन शर्मा ,महेश शर्मा, मनोज बरैया , विनीता निगम ,कविता तोमर, कल्पना शर्मा ,मीरा जाटव ,सुभा फ्रेंकले ,वीरेंद्र सिंह राकेश धाकड़ ,सतीश प्रजापति, बाबूलाल मांझी ,जसबंत सिंह यादव ,श्रीमती मीरा पाल ,श्रीमती संगीता सिंह आदि उपस्थित रहे ।

# जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत ने सुनी 120 आवेदकों की समस्याएं निराकरण के दिए निर्देश

**सीधी।** जनसुनवाई में अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज द्वारा जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों से आए 120 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि जिन आवेदन पत्रों में समय सीमा निर्धारित किया जाता है उसको तत्काल विभाग प्रमुख अपने संज्ञान में लेकर निराकरण कर संबंधित हितग्राही को सूचित करे।

अपर कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। जनसुनवाई में हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रत्येक स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए। योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाइयों की पहचान करें तथा उनका समाधान करते हुए प्रत्येक हितग्राही को पात्रतानुसार लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित करें। अपर कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा लोगों की समस्या के त्वरित निराकरण करने की मंशा से जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। इसे पूरी गंभीरता से लें तथा प्राप्त समस्याओं का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करायें।

इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# एसपी ने साइबर फ्रॉड से बचने का बताया मूलमंत्र, बैंक कर्मियों को किया जागरूक

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा द्वारा साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये, इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिले की सायबर सेल टीम को लगातार कार्यक्रमों का आयोजन कर जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी अनुक्रम में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा सीधी मे पहुंचे एवं वहां उपस्थित बैंक कर्मी सहित खाता धारकों को साइबर जागरूकता का पाठ पढ़ाया।






स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य शाखा प्रबंधक प्रतिमान मिश्रा, सहायक संचालक जनसंपर्क विभाग जिला सीधी मुकेश मिश्रा, बैंक कर्मी, बैंक ग्राहक एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। सभी से रूबरू होते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया की आज हमारे भौतिक संसार के समानांतर एक साइबर संसार भी चल रहा है। भौतिक संसार मे होने वाली चीजे हमें सामने से दिखती है किन्तु साइबर संसार को हम नग्न आँखों से नहीं देख सकते। साइबर अपराध की चपेट मे आने से यदि बचना है तो कुछ बातों का विशेष ध्यान देना होगा, साथ ही सतर्क रहना होगा। आजकल साइबर जगत में तरह तरह के नये हथकंडे अपना कर आमजनो को शिकार बनाया जा रहा है। जैसे एटीएम और ओटीपी के माध्यम से किए जाने वाले फ्रॉड, फर्जी लिंक फ्रॉड, ओएलएक्स मार्केट ऐप वाले फ्रॉड, सेक्सटॉरसन फ्रॉड, फर्जी लोन ऐप फ्रॉड आदि के साथ ही सोशल मीडिया से संबंधित साइबर फि शिंग बुलीइंग आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए इनसे बचने की टिप्स भी दिये। जागरूकता कार्यक्रम के समापन अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा स्टेट बैंक ऑफ़इंडिया की तरफसे साइबर जागरूकता हेतु चलाए जा रहे जागरूकता रथ को झंडी दिखा दिखाकर रवाना किया गया।

### इनका कहना है

साइबर फ्रॉड से बचने का मूल मंत्र यही है कि हम पूरी तरह जागरूक रहकर, सतर्कता के साथ सावधानी पूर्वक ही डिजिटल काम करें और किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी जानकारी शेयर ना करें।

**डॉ. रविंद्र वर्मा पुलिस अधीक्षक सीधी**

# फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर 36 हजार रूपये का ईनाम घोषित

सीधी। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर 36 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। उन्होंने कहा है कि जो भी व्यक्ति आरोपी को गिरफ्तार करेंगा या गिरफ्तारी के लिए ऐसी सूचना देगा जिसके आधार पर फरार आरोपी की गिरफ्तारी हो सके इनाम राशि के पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा। इनाम वितरण का अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक का मान्य होगा। पुलिस अधीक्षक डॉ वर्मा ने बताया कि ग्राम रामनगर कला थाना अमिलिया जिला सीधी के अर्जुन केवट पिता जगदीश केवट की गिरफ्तारी पर 05 हजार रूपये, ग्राम खैरही थाना कोतवाली जिला सीधी के पूजा पाण्डेय पति संजय पाण्डेय की गिरफ्तारी पर 03 हजार रूपये, ग्राम घोपारी थाना अमिलिया जिला सीधी के नील कमल पटेल पिता बालगोविन्द पटेल की गिरफ्तारी पर 03 हजार रूपये, नगर परिषद मझौली थाना मझौली जिला सीधी के श्याम सुंदर गुप्ता पिता तीरथ प्रसाद गुप्ता की गिरफ्तारी पर 05 हजार रूपये, ग्राम भेलकी कला थाना जमोड़ी जिला सीधी के राजेश कोल पिता छोकवा कोल एवं नीतू कोल पति स्व. दिलीप कोल की गिफ्तारी पर 10-10 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया है। उक्त के संबंध में अधिक जानकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय सीधी से प्राप्त की जा सकती है।

# आदतन गांजा विक्रेता को रंगे हॉथो मड़वास पुलिस ने किया गिरफ्तार, 1.49 लाख की बनाई जप्ती

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी मझौली उनिरीक्षक दीपक बघेल के नेतृत्व में चौकी प्रभारी मड़वास उप निरीक्षक केदार परौहा एवं टीम ने अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा जप्त करते हुए आरोपी इन्द्रपाल जायसवाल पिता सूर्यपाल जायसवाल उम्र 23 साल निवासी दरीमाडोल चौकी मडवास थाना मझौली को गिरफ्तार कर मादक पदार्थ गांजा जप्त करते हुए आरोपी को जिला जेल सीधी दाखिल कराया है।




मड़वास पुलिस ने बताया कि 27 जनवरी को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि एक व्यक्ति काले लाल कलर की पल्सर विना नम्बर की मोटर साइकल से अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर महखोर से देवरी तरफ जा रहा है, सूचना प्राप्त होते ही चौकी प्रभारी मड़वास वरिष्ठ अधिकारीयों को अवगत करा उनके निर्देश पर टीम गठित कर सूचना की तस्दीक एवं कार्रवाई हेतु रवाना हुए। पुलिस टीम देवरी तरफवाली रोड में प्राथमिक विद्यालय देवरी के पास जैसी ही पहुंची तो एक पल्सर मोटर साइकल में एक व्यक्ति अपनी गाडी लेकर पुलिस की गाडी को देखकर भागने लगे जिन्हे हमराही स्टाप की मदत से रुकवाया गया एवं नाम पता पूछा गया जो अपना नाम इन्द्रपाल जायसवाल पिता सूर्यपाल जायसवाल उम्र 23 साल निवासी दरीमाडोल चौकी मडवास थाना मझौली का होना बताया, संदेही की तलासी ली गई जो हरे रंग की पोलीथीन के अन्दर 1.235 कि.ग्राम कीमती 15,000 रुपये का अवैध मादक पदार्थ होना पाया गया एवं एक नग मोबाइल बीबो कम्पनी का कीमती 18000 रुपये तथा काले लाल कलर की पल्सर मोटर साइकल कीमती 120000 रुपये। आरोपी के पास से कुल कीमती 149000 रुपये का मशरुका जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार का चौकी मड़वास लाया गया एवं वैधानिक कार्रवाई उपरांत न्यायलय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहा से जेल भेज दिया गया है। समस्त कार्रवाई मे चौकी प्रभारी मड़वास उप निरीक्षक केदार परौहा, सहायक उप निरीक्षक राजकुमार परिहार, प्रधान आरक्षक तकराज, आरक्षक प्रवीण, राकेश का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।




# एसपी ने शिकायतकर्ताओं की सुनी फरियाद, त्वरित कार्यवाही हेतु किया निर्देशित

**सीधी।** आम जनता की शिकायतों एंव समस्याओ के त्वरित निराकरण हेतु मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ रविन्द्र वर्मा द्वारा जन सुनवाई की गयी। जन सुनवाई में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के शिकायतकर्ता पुलिस कार्यालय में आये थें। अधिकांश शिकायतें घरेलू एवं जमीन सम्बंधी विवाद से सम्बंधित थी। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त शिकायतकर्ताओं को संबंधित थाना प्रभारियों से वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के माध्यम रूबरू कराकर शीघ्र शिकायतों पर वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु आश्वस्त किया गया तथा जन सुनवाई में प्राप्त समस्त शिकायतों का त्वरित निराकरण समय सीमा मे करने हेतु सम्बंधित थाना प्रभारियों राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय गायत्री तिवारी, थाना प्रभारी बहरी निरीक्षक राकेश सिंह बैस, थाना कोतवाली से उप निरीक्षक आकाश राजपूत, थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी एवं कार्यालयीन स्टॉफ पुलिस सभागार में तथा अन्य राजपत्रित अधिकारी एवं थाना चौकी प्रभारी वीडियो कॉल के माध्यम से उपस्थित रहे।

# कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत जिले के गणेश विद्यालय में किया गया आयोजन

**सीधी।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार कॉलेज चलो अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी के प्राचार्य डॉ. पी. के. सिंह के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ उमाकांत साहू प्रभारी कॉलेज चलो अभियान, डॉ दिलीप कुमार सोनी विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र, डॉ. गुलाम मोहिउद्दीन सहायक प्राध्यापक वाणिज्य के द्वारा 28.01.2025 को गणेश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी पहुंचकर छात्र- छात्राओं को महाविद्यालयीन प्रवेश प्रक्रिया, संचालित पाठ्यक्रम तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराकर कॉलेज में प्रवेश हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल जे एन मिश्रा, शिक्षकगण व छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान का हुआ समापन

सीधी । प्रदेश के साथ-साथ सीधी जिले में भी गत 11 दिसंबर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक संचालित मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का समापन सोमवार 27 जनवरी 2025 को किया गया। इस अवसर पर सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में कार्यक्रमों का आयोजन कर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हितलाभ का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में हितग्राही सम्मेलन और सफाई मित्रों को किट वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण प्रदेश स्तरीय मुख्य समारोह इन्दौर से किया गया।

अभियान के दौरान जिले में कुल 472 शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में विभिन्न योजनाओं से संबंधित 45 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से 95 प्रतिशत आवेदनों को निराकृत करते हुए 42 हजार से अधिक हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया तथा उन्हें निर्धारित समय-सीमा में सेवाएं प्रदान की गई। शिविर अवधि में 19 हजार से अधिक हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। 70 वर्ष से आयु के अधिक हितग्राहियों के घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। अभियान में प्रसूती सहायता के 236, मातृवंदना योजना के 686, पीएम किसान योजना के 854, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के 625, निर्माण श्रमिकों के 7306 पंजीयन तथा 253 हितग्राहियों की अनुग्रह सहायता स्वीकृत की गई है। साथ ही 1500 से अधिक हितग्राहियों को विभिन्न पेंशन योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन से 962, समग्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन से 360, राष्ट्रीय नि:शक्तता पेंशन से 158, मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना से 14 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह योजना से 80, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना से 61, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से 24 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। पीएम स्वनिधि योजना से 137 तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता ऋण योजना से 111 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है।


# मारपीट की दो अलग अलग मामलों में न्यायलय ने सुनाई सजा

**सीधी।** बताया गया कि फरियादी रमाकांत पटेल ने पुलिस थाना अमिलिया में उपस्थित होकर इस आशय की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 16.07.2020 को 9:30 बजे वह अपना ट्रेक्टउर लेकर खेत जोतने जा रहा था, रास्ते में गोपाल पटेल का खेत पड़ता है। वह खेत जोत रहा था तब गोपाल पटेल का लडका रामनिवाज पटेल आकर उसे मा- बहन की बुरी बुरी गाली देने लगा, तब उसने गाली देने से मना किया तो रामनिवाज बोला कि उसके खेत से ट्रैक्टर क्यों निकाले हो, तब रामनिवाज एक लाठी उसके सिर में मारा, सिर फट गया, खून बहने लगा, गिरने के बाद दो तीन लाठी और मारा जिसे उसने हाथ से रोक लिया। हल्ला गुहार करने पर देवेन्द्र प्रसाद पटेल, देवराज पटेल आकर बीच बचाव किये। अभियुक्त रामनिवाज पटेल बोल रहा था कि दुबारा उसके खेत से ट्रेक्टेर निकालोगे तो जान से खतम कर देगे। फरियादी की लिखित रिपोर्ट पर से पुलिस थाना अमिलिया जिला सीधी द्वारा अपराध क्रमांक 213/2020 अंतर्गत धारा 294, 323, 506 भारतीय दण्ड संहिता के अधीन प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई एवं विवेचना पश्चा9त् अभियोग पत्र माननीय न्यासयालय सीधी के समक्ष प्रस्तुति किया गया, जिसके न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 1399/2020 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुश्री सीनू वर्मा के द्वारा आरोपी को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया, जिसके परिणामस्वरूप माननीय न्याणयिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी की न्यायालय के द्वारा आरोपी रामनिवाज पटेल तनय गोपाल पटेल, उम्र 50 वर्ष निवासी चमरौहा, थाना अमिलिया, जिला सीधी म.प्र. को धारा 323 भादवि में दोषी पाते हुए 03 माह के सश्रम कारावास एवं कुल 1,000/- रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

इसी प्रकार मारपीट के एक अन्यव मामले में बताया गया कि फरियादी अशोक यादव ने थाना कोतवाली में मौखिक रिपोर्ट इस आशय की लेख कराई कि दिनांक 10.06.2016 को अपनी दाई को पहुंचाने के लिए गया था दाई को पहुंचाने के बाद बारह एक बजे की बात है चाचा शक्ति यादव के पास पैर छू रहा था तब चाची शकुंतला यादव कहीं की तुम्हारा यहां कुछ नहीं है तो क्यों आते हो, हिस्सा बंटवारा करवाना चाहते हो यह कह कर मां बहन की गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देते हुए उसे सब्बर से सिर में मारा, जिससे खून निकल आया है तथा चाची का पक्ष लेकर चाचा ने डंडे से दोनों पैर के जांघ में मारा है जो सूजनदार चोट आई है। झगड़ा मारपीट होते हुए बुआ गीता यादव, बाबू यादव दाई, भिन्नी यादव देखी बीच बचाव किया। फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर थाना कोतवाली सीधी, जिला सीधी म.प्र. द्वारा अपराध क्रमांक 486/2016 अंतर्गत धारा 294, 323/34 एवं 506 भा.दं.स. पंजीबद्ध कर प्रकरण अन्वेषण में लिया गया एवं विवेचना पश्चांत् अभियोग पत्र माननीय न्याटयालय सीधी के समक्ष प्रस्तुीत किया गया, जिसके न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 230/2016 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुश्री सीनू वर्मा के द्वारा आरोपियों को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया, जिसके परिणामस्वरूप माननीय न्यारयिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी की न्यायालय के द्वारा आरोपीगण शकुंतला यादव पत्नी शक्ति यादव उम्र-20 वर्ष, एवं शक्ति यादव पिता रामप्रसाद यादव उम्र-26 वर्ष, निवासी ग्राम सिरसी थाना कोतवाली जिला सीधी म0प्र0 को धारा 323/34 भादवि में दोषी पाते हुए न्यादयालय उठने तक का कारावास एवं कुल 500/- 500/- रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।



# नर्मदा के तट स्वयं तीर्थ और मठ हैं



तेंदूखेड़ा भारत भूमि को देवधरा का देश कहा जाता है। देवशक्तियां ही हमें संक्रमण आपदाओं से बचाते हैं। हमारे देश के नदियों को मां के रूप में माना जाता है। जिसमें गंगा यमुना जमुना सरस्वती गोदावरी कावेरी तथा नर्मदा प्रमुख रुप से शामिल हैं। मां नर्मदा साक्षात भगवती का स्वरूप है।इसका जितना भी वर्णन किया जाये वह कम है।जिस तरह से नदी में मिलने वाला हर कंकड़ शिव का रुप माना जाता है उसी तरह से नर्मदा का प्रत्येक तट तीर्थ है मठ हैं। तीर्थों की जननी मां नर्मदा ही है। इनकी परिक्रमा ही होती है और इनके दर्शन मात्र से लोगों के मनोरथ पूर्ण हो जाते हैं। वैज्ञानिक शोध करने में लगे हुए हैं और सबसे बड़ा उदाहरण तो मैं स्वयं खड़ा हूं कि मां के एक गिलास जल से आज चल रहा हूं। और अब तो वह भी नहीं केवल और केवल इनकी परिक्रमा और हवा के बलबूते पर सबके बीच में बैठा हूं।उक्ताशय के विचार विशाल काफिले के साथ नर्मदा परिक्रमा कर रहे दादा गुरु जी के द्वारा नरसिंहपुर जिले की सीमा में पहले पड़ाव नर्मदा के पावन तट बिल्थारी घाट में व्यक्त किए। लगभग 500 से अधिक परिक्रमा वासियों के साथ प्रतिदिन 30 किमी पैदल यात्रा कर रहे दादा गुरु का काफिला भी स्वयं किसी तीर्थ से कम नहीं है जहां एक साथ मां नर्मदा का पूजन अर्चन सत्संग भजन कीर्तन और प्रसादी ग्रहण करने का अवसर लोगों को मिल रहा है।

**धरा और धेनु को बचा लो:** दादा गुरु ने कहा कि धरा और धेनु को बचाने के लिए स्वयं भगवान ने जन्म लिया। सबसे बड़ा विडम्बना का विषय यह बना हुआ है कि अधिक लाभ और उपज के चक्कर में धरती को विषैला बना रहे हैं। लेकिन ऐवरेज वही आ रहा है कि जिस जहर के बीच फसलों का उत्पादन कर रहे हैं उसी अन्न को खाने से हम बीमार हो रहे हैं।उतनी राशि अस्पताल में जाकर दे रहे हैं। कैंसर जैसी घातक बीमारियों से जूझ रहे हैं। पहले गोली मारकर लोगों को मारते थे अब गोली खाकर मर रहें हैं। धरती मां को जहर से मुक्त करना होगा। आजकल तो आग लगाना भी शुरू हो गया है। हमारी धरती मां को हम जहर और आग लगाकर मार रहें हैं तो हम सुखी कहां से रह पायेंगे।यही हाल गौ माता का है जिस गौ माता के गोबर से घर में पवित्रता आती थी स्वयं देव शुभ कार्य में आते थे लेकिन अब गोबर से घर गंदे लगने लगे तो देव शक्तियां कहां से आयेंगी।गौ के दूध से शरीर हष्ट–पुष्ट हुआ करता था आज गाय पालना एक समस्या बन गई है।लोग किस तरह से उस माता का तृस्कार कर रहे हैं। इसलिए तो घरों में सुख शांति और समृद्धि नहीं आ पा रही है।

**नर्मदा को गंदगी से मुक्त करो:** सनातन की सामर्थ धर्म और संस्कृति तटों पर ही जन्म लेती है। इन तटों पर को हरा भरा बनाने की जरूरत है। नर्मदा जी का प्रकटोत्सव पर्व आ रहा है। श्रद्धालु बड़ी तन्मयता के साथ चुनरी यात्रा निकालेंगे दीपदान करने पहुंचेंगे लेकिन कचड़े से बने दोनों पत्तलों में दीप जलाकर जल प्रवाहित करेंगे। तटों पर दोना पत्तल छोड़कर गंदगी करेंगे इस गंदगी से मुक्ति दिलाने के लिए मिलकर प्रयास करने होंगे।संभव हो सके तो भोजन पंगतो भंडारों में इन प्लास्टिक के दोना पत्तल गिलासों में परोसना बंद कर दो इनमें में भोजन करने से ही हमारे विचारों में विकृतियां आ रही है।आज लोगों के चेहरों से मुस्कुराहट बंद हो गई है तालियां बजाना बंद हो गया है।एकाकी जीवन जीने की राह पर चलने लगे हैं।पहले बुजुर्ग सभी को साथ में लेकर साथ साथ चलते गांवों में त्योहारों को मिलकर मनाते थे खुशहाल रहते थे एक दूसरे के का आते थे और अब इसका विपरीत हो रहा है।

## पुलिस थाना रामपुरा को मिली बड़ी सफलता

# अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा 03 क्विंटल 90 किलोग्राम परिवहन करते एक आरोपी को मय वाहन के साथ किया गिरफ्तार




**रामपुरा** /नीमच 27/1/2025 माननीय मुख्यमंत्री एवं पुलिस महानिदेशक मुख्यालय भोपाल द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जयसवाल सर के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसोदिया सर, नगर पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक रंजन सर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी रामपुरा निरीक्षक आर.एस.दांगी के नेतृत्व मे पुलिस परिवार रामपुरा द्वारा 03 क्विंटल 90 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा मय पीकअप वाहन के जप्त करने मे महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई आज मुखबिर सूचना पर कार्यवाही करते हुये पीकअप क्रमांक ऋ्ञ–01–त्ष्ट–4914 मे नीले रंग के प्लास्टिक के 13 ड्रम मे छिपाकर ले जाते 03 क्विंटल 90 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा मय पीकअप वाहन किमती 18 लाख रूपये का जप्त कर आरोपी पीकअप चालक मनीष पिता अशोकलाल जाति हरिजन उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम गोगेला थाना टॉडगढ़ जिला ब्यावर (राजस्थान) को गिरफ्तार किया गया एवं डोडाचूरा के संबंध मे पूछताछ करते जप्तशुदा डोडाचूरा बहादुर बंजारा निवासी रगसपुरिया के आस पास गांव का रहने वाला व नेमजी बलाई निवासी रास जिला ब्यावर (राजस्थान) को प्रकरण मे आरोपी बनाया जाकर अपराध क्रमांक 24/25 धारा 8/15,29 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया । उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक आर.एस. दांगी थाना प्रभारी रामपुरा व टीम का सराहनीय योगदान रहा ।

# मां नर्मदा महापुराण रसपान कर रहे नगरवासी

दीपक तोमर केसरिया हिंदुस्तान
खरगोन जिला ब्योरो चीफ




**मंडलेश्वर।** नर्मदा तट श्रीराम घाट पर चल रही मां नर्मदा महापुराण मे हरदा से पधारे कथा प्रवक्ता पं ललीत किशोर दाधीच ने कहा कि कथा अहंकार ओर अज्ञानता को दूर करती हे मा रेवा पानी नही पवित्र अमृत हे, नर्मदा पूजा का अर्थ हे घाट पर पडे कचरे पोलीथीन को जलाना तभी दीपक जलाना सार्थक होगा माँ के जल हेतू देवता भी तरसते है। पानी ओर वाणी का दुरूपयोग हो रहा हैं वाणी बाण बन जाती है तो तब कष्ट देती है पानी व्यर्थ जाता है तब भगवान कोअच्छा नही लगता, जो जल महादेव पर चढ़कर मानोकामना पूरण करता है वही जल शरीर मे प्रवेश करता हे तो आत्म आनंद देता हे नगर मे सोमवार को शोभा यात्रा के साथ मां नर्मदा महापुराण का शुभारंभ हुआ अमरकंटक धाम माँ नर्मदा का अवतार स्थल है जहा शिव अविरल निवास करते है यह अमरो की भूमी हे देवता मा नर्मदा का गुणगान करते रहते हे यहा आधात्मीक ऊर्जा बहती रहती हे परिक्रमा मे दर्शन कर भक्त भावविभोर होते है कथा पांडाल के समीप नर्मदा तट पर नर्मदेश्वर शिवलिंगस्थापित है जिनका श्रृंगार हनुमान जी के रूप में किया गया शिवलिंग का श्रृंगार वैशाली निलेश वर्मा ने किया 26 जनवरी से 2 फरवरी तक कथा का आयोजन किया गया है

# निलेश मालाकार पुनः फूल माली समाज सोशल उत्थान समिति खरगोन के जिला अध्यक्ष नियुक्त'

आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**सनावद** – बीते दिनों फूलमाली समाज धर्मशाला उज्जैन में फूल माली समाज सोशल उत्थान समिति मध्य प्रदेश की प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित की गई ।बैठक में फूलमाली सोशल उत्थान समिति के संरक्षक रोडेराम पुष्पद, प्रदेश महामंत्री दीपक पुष्पद , पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र पुष्पद की अनुशंसा पर समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ संतोष माली द्वारा निलेश मालाकार निवासी सनावद को फूल माली सोशल उत्थान समिति का खरगोन जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया।निलेश मालाकार ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ संतोष माली एवं प्रदेश कार्यकारिणी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि जल्द से जल्द खरगोन जिले में भी समिती की कार्यकारिणी का गठन कर समाज के विकास एवं उन्नति के नवाचार प्रयास किए जाएंगे । साथ ही साथ फूल माली समाज के उत्थान व विकास के लिए मध्य प्रदेश शासन से वनमाली बोर्ड के गठन के संबंध में माननीय मुख्यमंत्री जी मोहन यादव से मुलाकात कर जल्द से जल्द वन माली बोर्ड का गठन करवाने का भी प्रयास करेंगे । निलेश मालाकार के जिला अध्यक्ष बनने पर बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के विधायक सचिन बिरला , पूर्व विधायक हितेंद्र सिंह सोलंकी , भाजपा नेता प्रभात उपाध्याय , पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश पाल, कांग्रेस नेता नरेन्द्र पटेल, आशीष चौधरी, शहजाद खान, माली समाज के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष हरिशंकर मालाकार, अशोक माली इंदौर, प्रेस क्लब अध्यक्ष सतीश इंगले, पूर्व सचिव नितिन माली, ओंकारेश्वर धर्मशाला अध्यक्ष सुनील माली, रामेश्वर फुलकर, नागु सेठ मालाकार, सहित कई वरिष्ठ जनों ने बधाई देकर हर्ष जताया ।

# 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर को मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक की सौगात

आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




सनावद–76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर को मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक की सौगात मिली।

विधायक सचिन बिरला, नपाध्यक्ष सुनीता बिर्ला एवं जनप्रतिनिधियों ने रविवार को 43.25 लाख की लागत से नवनिर्मित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक का लोकार्पण किया। विधायक ने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा जन–जन तक चिकित्सा सुविधाएं सुलभ कराने के उद्देश्य से देश–प्रदेश के चिन्हित नगरीय निकायों में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक की स्थापना की जा रही है। पूर्व मंत्री ज्योति येवतीकर,दिनेश शर्मा एवं कमल बिर्ला ने केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की जनहितकारी नीतियों पर प्रकाश डाला। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि इंदर बिर्ला ने कहा कि नगर में जन आकांक्षाओं के अनुरूप विकास कार्य किए जा रहे हैं। नगरपालिका परिषद नगर में नियमित पेयजल आपूर्ति, साफ–सफाई,सुचारु रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था के लिए संकलबद्ध है।इस दौरान ज्योति येवतीकर,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर,भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष अनिता बंसल,विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण पटेल,नपा नेता प्रतिपक्ष गजेन्द्र उपाध्याय,अमिता मंत्री,गंगाभारती शर्मा, ज्योति गुप्ता,अनिता भागचंद जैन,ममता वर्मा,जय शिंदे,पवन अरझरे,विष्णु ठेकेदार, अनिल अजमेरा,नरेंद्र शर्मा,संजय राठौर दिलीप सकरोदिया,राजा चौरसिया,अमित यादव, संजय वर्मा,सरोज इंगला,ओम वर्मा, शुभम शर्मा, राकेश गहलोत मोहित यादव,किशन प्रजापत, कमल वर्मा, अज्जू राठौर,नवीन प्रजापत, रविंद्र कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

# बचपन से ही बहुमुखी की प्रतिमा की धनी रही सरदारनी अरविंदर कौर

## श्रद्धांजलि सभा में बोले वक्ता सुखमणि साहिब के अखंड पाठ के समापन के बाद लंगर के साथ संपन्न हुआ शोक निवारण कार्यक्रम

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा



**महिदपुर।** पंजाबी सिक्ख समाज के समाजसेवी पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतापसिंह गुर की बहिन जिला पंचायत सदस्य दलजीत सतनाम सिंह गुर की बड़ी बीटिया के निधन पर रविवार को गुर निवास महिदपुर रोड़ पर श्रद्धांजलि सभा शोक निवारण का आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान नागदा महिदपुर पंजाबी सिख संगत के सभी समाज ज न विभिन्न समाजों के प्रमुखों के अ लावा बड़ी संख्या में राजनैतिक दलों के जन प्रतिनिधियों ने उपस्थित होक र दिवंगत सरदारनी अरविंदर कौर को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की

इस दौरान क्षेत्र के विधायक दिनेश जैन बोस, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व बहादुर सिंह चौहान, जिला कांग्रेस के ग्रामीण अध्यक्ष कमल पटेल, पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर पटेल, सरपंच संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष विजय सिंह गौतम, कय्यूम नागौरी, गौरिक दुग्ध संचालक सुभाष ठाकु,र जिला पंचायत उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, गजराज सिंह पंवार, भरत शर्मा, संदीप व्यास राजेश कांठेड, पत्रकार अरुण बुरड, दिनेश मंडोवरा, अनंत शर्मा, पुजारी संघ के अध्यक्ष शिवनारायण शर्मा, नारायणसिंह चौहान, पूरण गुलाटी, वरिष्ठ शिक्षक अशोक पोरवाल, संजीव शर्मा, गुरुप्रीत सिंह दुआ, पंजाबी सिख समाज संगत महिदपुर के प्रधान सतपाल गांधी, नाग?दा के प्रधान सरदार गोपाल सलूजा, जावरा सिक्ख समाज संगत के प्रधान, सरपंच ऋ्नु पाटीदार आदि वक्ताओं ने अपने श्रद्धा सुमन अ?र्पित करते हुए प्रेम से मोट्टो दीदी के नाम से पहचा नी जाने वाली स्व. अरविंदर की बच पन से ही सामाजिक कार्यों में बढ़ –च ढ़ कर हिस्सा लेने तथा जीवन पर्यन्त परोपकार भावना बनाये रख धार्मि क कार्यों में स्वयं को व्यस्त रखने के भाव का स्मरण किया कार्यक्रम में महिदपुर गुरुद्वारे के ज्ञानी प्रकाश जी द्वारा सुखमणि सा हिब के पाठ शबद कीर्तन गुरुवाणी के अखंड पाठ के उपरांत समाज ज नों का लंगर आयोजित किया गया। श्रृद्धांजलि सभा का संचालन श्याम गुलाटी ने किया।

# गोवंश से भरे ट्रक को हिन्दू संगठनों ने पकड़ा, आरोपी फरार

दैनिक केसरिया श्रीराम सेन



**सिलवानी ।** सिलवानी तहसील के जैधारी पुलिस चौकी क्षेत्र में गोवंश तस्करी का एक बड़ा मामला सामने आया है। सोमवार–मंगलवार की दरमियानी रात ग्राम रैपुरा के पास बजरंग दल कार्यकर्ताओं और पुलिस की सतर्कता से 36 गोवंश से भरा 10 चक्का ट्रक पकड़ा गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार सोमवार की रात्रि ग्राम पंचायत फुलमार के ग्राम रैपुरा में सरकारी स्कूल के पास टाटा 10 चक्का ट्रक क्रमांक रू॥ 29 ज्ञ 2003 में 36 नग गोवंश भरे मिले, जिनके मुँह और पैर क्रूरतापूर्वक रस्सी से बंधे थे जो वध करने की नीयत से ले जाये रहे थे। हालांकि, कार्रवाई के दौरान ट्रक चालक और अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश शुरू कर दी है। पकड़े गए गोवंश को सुरक्षित सिलवानी की गौशाला में पहुंचाया गया है।

फरियादी रविशंकर राय की रिपोर्ट पर मध्य प्रदेश गौवंश बध प्रतिषेध अधिनियम 2004 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

विश्व हिंदू परिषद के महेश नामदेव, बजरंग दल से रविशंकर राय, राहुल नामदेव, नीरज जोशी और राघवेन्द्र कुशवाहा ने बताया ट्रक में गोवंश लादकर उन्हें वध करने की नीयत से ले जा रहे है। हम लोग रैपुरा सरकारी स्कूल के ग्राउंड में पहुँचे जहाँ टाटा एक क्र. रू॥.29.ज्ञ.2003 बडा मिला है। इस ट्रक के आसपास कोई आदमी नहीं मिला । इस ट्रक के अन्दर 36 नग गोवंश जिसमें 28 नग गाय तथा 8 नग बछड़े से भरे थे जिनके मुँह और पैर क्रूरतापूर्वक रस्सी से बंधे हुए थे।

बजरंग दल कार्यकर्ता और पुलिस की त्वरित कार्रवाई के कारण पशु तस्करी का यह मामला समय रहते सामने आ गया। फिलहाल पुलिस इस घटना की तह तक जाने और तस्करी के नेटवर्क को तोड़ने में जुटी हुई है।

*इस संबंध में थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी* ने बताया कि रैपुरा में एक ट्रक से गोवंश मिलने की सूचना पर पुलिस ने ट्रक जप्त कर 36 गोवंश को सिलवानी गौशाला में भेजा गया है। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## करवार में बुजुर्ग महिला की संदिग्ध मौत, मक्के के ढेर में मिला शव, बेटे से हुआ था विवाद

**छिंदवाड़ा ।** छिंदवाड़ा जिले के करवार गांव में 66 वर्षीय लुढ़काबाई धोटे का शव मक्के के ढेर में जली अवस्था में मिला। परिजनों ने इसे हत्या करार देते हुए सौतेले पुत्र दिनेश धोटे पर आरोप लगाया है। पुलिस जांच में सामने आया कि घटना से एक दिन पहले मृतका और दिनेश के बीच विवाद हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दिनेश को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले की सटीक जानकारी सामने आने की उम्मीद है। पुलिस की प्रारंभिक पड़ताल में पता चला है कि मृतका लुढ़काबाई और उनके सौतेले बेटे दिनेश धोटे के बीच 25 जनवरी के दिन किसी बात पर विवाद हुआ था, जिसके बाद अगले ही दिन महिला का शव मक्के के ढेर में जली अवस्था में मिला है।

# महिदपुर मंडी में नए गेहूं की आवक

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा



**महिदपुर।** कृषि उपज मंडी महिदपुर में मंगलवार को नए गेहूं का श्रीगणेश हुआ। मंडी सचिव आश्विन सिन्हा ने बताया कि मंगलवार को मंडी में रबी सीजन की उपज नए गेहूं की आवक हुई। जिसमे किसान श्री संजय ग्राम झिरन्या द्वारा नए गेहूं विक्रय के लिए मंडी में लाए। मंडी नीलामी में व्यापारी फर्म जयचंद्र रखबचंद चौपड़ा के प्रोपाइटर अजय चौपड़ा ने उच्चतम बोली लगाकर 3421 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से खरीदी। इस दौरान मंडी प्रशासन ने किसान का साफा बांधकर व पुष्प माला पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर मंडी प्रांगण प्रभारी हरचंद मईडा, उद्घोषक रूपसिंह राणावत ,नरेंद्र कसेरा, मनोहरलाल विश्वकर्मा , अनिल उपाध्याय व्यापारी सुरेशचंद्र चोपड़ा,अर्पित चोपड़ा,मोहन सोनी , अजय नाहर, शैलेश आंचलिया आदि व्यापारी व कृषकगण उपस्थित थे।

**मंडी सचिव ने किया निरीक्षण :** मंडी सचिव आश्विन सिन्हा के द्वारा नीलामी स्थल सहित तौल कांटों का निरीक्षण कर जांच की गई। मंडी सचिव ने उपस्थित किसानों से संवाद भी किया। इस दौरान किसान मंडी की व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आए।

# विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास ही हमारा उद्देश्य श्री देवेंद्र मूणत

## (सेंट पॉल कॉन्वेंट स्कूल ने किया शहर में पहली बार नॉलेज कार्निवाल का आयोजन)

**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश पौराणिक**

**जावरा** उत्साह, कर्मठता,परिश्रम और संघर्ष की एकात्मकता सफलता की नई इबारत लिखने के सर्वोत्तम स्याही और दवात सिद्ध होते है। दिनांक 26 जनवरी 2025 को ऐसा ही स्थानीय सेंट पॉल कॉन्वेंट स्कूल ने करके दिखाया। गणतंत्र दिवस के पावन राष्ट्रीय पर्व पर नॉलेज कार्निवाल का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यालय के द्वारा बच्चों के समग्र ज्ञान एवं विकास हेतु विभिन्न पहलुओं पर विचार करते हुए आयोजन किया गया। जिसमें प्री प्राइमरी कक्षाओं में किस ढंग से विद्यालय में पढ़ाई कराई जाती है, का प्रेजेंटेशन भी दिया गया। इसके साथ ही मुख्य विषयों के साथ अन्य विषय विद्यालय में पढ़ाए जाते हैं जैसे आर्ट,ड्राइंग एवं क्राफ्ट इत्यादि विषयों पर बच्चों के ज्ञान का प्रैक्टिकल उपयोग सुंदर ढंग से किया गया और उनके द्वारा उसकी प्रस्तुति प्रोजेक्ट एवं चार्ट्स बनाकर बच्चों के द्वारा दी गई।



बच्चों के मनोरंजन हेतु जादूगर और विभिन्न प्रकार के विभिन्न प्रकार के मैस्कॉट जगलर्स कार्टून भी रखे गए थे एवं विभिन्न प्रकार के झूले आदि से पूर्ण रूप से मेले जैसा आयोजन किया गया जिसमें खान-पान की उत्तम व्यवस्था रखी गई। इस प्रकार के मेले ने बच्चों को बड़ा ही आनंदित किया। मेले को और वृहद रूप देते हुए पालक गण के लिए भी एंटरटेनमेंट गेम्स रखे गए थे। विद्यालय द्वारा पधारे सभी पालकों को एक कूपन दिया गया और लकी ड्रॉ द्वारा करीब दस से अधिक पालक गणों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्निवल का मुख्य आकर्षण देशभर से आए गए पब्लिशर की प्रदर्शनी था। जिसमें पुस्तकालय से संबंधित पुस्तक, उपन्यास एवं विभिन्न विषयों से संबंधित पुस्तकों का प्रदर्शन प्रदर्शन किया गया। बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए, जो कि विद्यालय का मुख्य उद्देश्य भी है कि 12वीं कक्षा के बाद में विद्यार्थियों को किस दिशा में जाना चाहिए इससे संबंधित करियर काउंसलिंग कैंप भी रखा गया था। जिसमें इंजीनियरिंग, मेडिकल, कॉमर्स और आर्ट्स के अलावा किन विषयों में ग्रेजुएशन के किया जा सकता है और उसके उपरांत आप किस क्षेत्र में अपना कैरियर बना सकते है, का भी समावेश किया गया था। इस प्रकार से मेले को पूर्ण रूप देते हुए बच्चों के सांस्कृतिक विकास हेतु भी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। संपूर्ण विद्यालय में ऐसी व्यवस्था स्थापित की गई मानो प्रत्येक पक्ष विविधता और अनेकता में एकता का परिचय दे रहे हो।

कार्निवल का उद्घाटन श्री श्री नमन जी वैष्णव महाराज साहब द्वारा किया गया। सामाजिक विज्ञान और कला संकाय की प्रदर्शनी का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती अनम यूसुफ कड़पा द्वारा किया गया। सभी अतिथियों ने और जावरा के पधारे गणमान्य नागरिकों ने संपूर्ण आयोजन की भूरि भूरि प्रशंसा की एवं संस्था के प्राचार्य श्री देवेंद्र मूणत और मैनेजर श्री भाविक मूणत से इस प्रकार के आयोजन की निरंतरता बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने ये भी कहा कि जावरा शहर में यह इस प्रकार पहला आयोजन है। इसके लिए पूरा सेंट पॉल परिवार धन्यवाद का पात्र है। संस्था के मैनेजर श्री भाविक मूणत ने बताया कि इस कार्यक्रम का लुफ्त करीब 12000 लोगों ने उठाया। संस्था द्वारा सभी पधारे गणमान्य अतिथियों और नागरिकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया और श्री मूणत ने बताया कि हम सदेव से ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्यरत है। हम किसी कतिपय प्रतिस्पर्धा का हिस्सा नहीं बनते हुए सतत अपनी कर्मठता पर ही विश्वास रखते है। उन्होंने विभिन्न विद्यालयों से पधारे पालकों, शिक्षक शिक्षिकाओं का भी आभार माना।

# बाबुओं की कार्य शिथिलता के कारण नहीं हो पा रहा है अध्यापकों का डीए एरियर का भुगतान



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रेम सिंह कुशवाहा नजीराबाद**

**नजीराबाद** *-विभाग एवं शासन के बार-बार आदेशों के बाद भी संकुल पर हो रही बाबुओं की लापरवाही के कारण अध्यापकों को सातवें वेतन का डीए एरियर का लाभ नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण अध्यापकों को काफी आर्थिक नुकसान हो रहा है विभाग द्वारा इसके आदेश काफी पहले कर दिए गए हैं और संकुल प्राचार्य को निर्देशित कर शीघ्र प्रकरणों को तैयार कर कार्य पूर्ण कर आर्थिक लाभ दिया जाने की हिदायत दी गई है परंतु संकुल पर बैठे हुए बाबुओं द्वारा इस कार्य में लापरवाही की जा रही हैद्य

नजीराबाद के अध्यापकों द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी महोदय बैरसिया से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि संकुल से बाबुओं द्वारा प्रस्ताव नहीं आने की वजह से कार्य में विलंब हो रहा है यदि संकुल से प्रस्ताव समय पर पहुंच जाए तो क्रमोन्नति डीए एरियर का भुगतान हो सकता है वहीं संकुल पर कार्य कर रहे बाबू संदीप साहू से चर्चा की गई उन्होंने प्रकरणों को वरिष्ठ कार्यालय में है कहकर अपना पल्ला झाड़ दिया वहीं अध्यापकों ने संकुल प्राचार्य नजीराबाद को ज्ञापन दिया

जिसमें मुख्य रूप से आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रति सचिव जुगल सक्सेना, जिला सचिव विक्रम सिंह गौर, बद्री प्रसाद गुर्जर, कृष्ण पाल सिंह, राजेश कुमार श्रीवास्तव, गजेंद्र कुशवाह,मीडिया प्रभारी नंदकिशोर टॉक, अनीश खान, पर्वत सिंह कुशवाह, भारत सिंह अहिरवार, दौलत सिंह, कमलेश बाबू, भैया लाल गुर्जर, भंवरलाल विश्वकर्मा, सुनील बाक्सला, राजेश मीणा, नारायण सिंह मालवीय, गोपाल प्रसाद पालीवाल, बापू लाल तंवर, दशरथ गोस्वामी, मुख्य रूप से उपस्थित रहेद्य

# 26वें स्थापना दिवस पर भव्य सुंदरकांड प्रतियोगिता का आयोजन

## झाबुआ और आलीराजपुर जिले की पांच टीमों ने दी सुंदर प्रस्तुतियां

**हरीश सोनी केसरिया हिंदुस्तान**

**जोबट।** शनिवार को स्थानीय श्री चमत्कारी बटुक हनुमान मंदिर के 26वें स्थापना दिवस पर मंदिर समिति द्वारा भव्य सुंदरकांड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आलीराजपुर और झाबुआ जिले के कुल पांच सुन्दरकाण्ड मंडलों द्वारा प्रतियोगिता में भाग लिया गया। प्रत्येक मंडल को 12 दोहे के साथ 40 मिनट का टाइम दिया गया। इस दौरान सभी ने आकर्षक और सुंदर प्रस्तुतियों से सभी को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया।





रामदास रामायण मंडल आलीराजपुर, खेड़ापति सुंदरकांड मंडल जोबट, मारुति रामायण मंडल राणापुर, राम मित्र मण्डल नानपुर, राम भक्त मंडल खट्टाली की सुंदरकांड टीमों द्वारा एक से बढ़कर एक सुंदर भजनों के साथ सुंदरकांड पाठ की सुन्दर प्रस्तुति दी गई। निर्णायक के रूप में ओमजी दा साहब रतलाम व विजू भैया गुरु जी द्वारा चयन कर प्रथम पुरस्कार राम दास मित्र मंडल आलीराजपुर, द्वितीय पुरस्कार खेड़ापति सुंदरकांड मंडल जोबट व तृतीय पुरस्कार राम मित्र मंडल राणापुर को दिया गया साथ ही सभी मंडलों का समिति द्वारा शिल्ड देकर सम्मान किया गया। इस दौरान मन्दिर स्थापना की आधारशिला रखने वाले दिवंगत मनोहर ठाकुर जिन्होंने निस्वार्थ भाव से 25 साल तक मंदिर में सेवाएं दी, उनको सभी उपस्थित जनों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिले में पहली बार भव्य सुंदरकांड प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए निर्णायक ओमजी दा साहब रतलाम द्वारा चमत्कारी बटुकनाथ मंदिर समिति को रामलला फोटो भेंट की गई। अंत में महाआरती एवं प्रसादी का वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# ग्राम चितौरा में हुआ तीन पंचायतों का आनंद उत्सव

## शिक्षिका श्रीमति कृष्णा साहू के निर्देशन में हुए अनेक कार्यक्रम

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान- पुरषोत्तम साहू**

**सागर।** ग्राम पंचायत चितौरा, बेरखेरी गुरु, जसराज तीन पंचायतों का शासन के निर्देशानुसार आनंद उत्सव का आयोजन किया गया।

आनंद उत्सव मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय वर्मा मुख्य अतिथि, श्री विवेक तिवारी एडीओ जनपद पंचायत सागर (आनंद उत्सव क्लस्टर प्रभारी) एवं प्राचार्य चितौरा श्री आर के गुप्ता की अध्यक्षता में समस्त कार्यक्रम आनंदमय संपन्न हुए।

राज्य के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में 14 से 28 जनवरी के बीच %आनंद उत्सव-2025% का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आनंद विभाग के निर्देशानुसार तीनों पंचायतों के ग्राम वासियों, स्कूली छात्रों, शिक्षको की सहभागिता ने इस आनंद उत्सव को परंपरा, खेल,



और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक सहभागिता , आनंद और उल्लास का अनूठा उदाहरण बना दिया।

आनंद उत्सव में सभी की सहभागिता एवं उत्साह बढ़ाने के लिए आनंदम सहयोगी एवं खेल प्रभारी श्री मती कृष्णा साहू शिक्षक के निर्देशन में विभिन्न खेल ,स्वच्छता एवं नशा मुक्ति गीत और लोक सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गई। स्थानीय स्तर के खेल जैसे बोरा रेस, कुर्सी दौड़, 100,200,500 मीटर दौड़, गुब्बारा दौड़, रस्साकसी, लोक संगीत, नृत्य, नाटक और भजन जैसे कार्यक्रम आनंद उत्सव स्थल पर आनंद मय रूप से कराए गये।

महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगों , छात्रङ्कछात्राओं को भागीदारी एवं प्रोत्साहन के लिए प्रमाण पत्र के साथ विशेष पुरस्कार भी दिए गए कार्यक्रम में सभी वर्गों की भागीदारी रही।

इस कार्यक्रम में कलस्टर प्रभारी, तीनों ग्राम के सरपंच ममता संदीप चढ़ार चितौरा, भरत गुरु बरखेरी गुरु,भूरीबाई कोरकू जसराज,सचिव प्रीतम अहिरवार चितौरा, माधव से राजपूत बेरखेरी गुरु, सत्यनारायण मिश्रा जसराज, सहायक सचिव चितौरा अश्वनी तिवारी, राहुल पाराशर बरखेड़ी गुरु, महेंद्र लोधी जसराज एवं शिक्षक ङ्क विकास सैनी बरखेरी, संजय तिवारी एवं अमित गर्ग जसराज, चितौरा से हेमवती चढ़ार, स्वाति जैन, कल्पना सैनी, बैजन्ती असाटी, संदीप सेन, नितिन, कविता सेन, राखी शर्मा, पूजा मिश्रा, तेजबल राजपूत, तीनों ग्राम के विद्यालयों के छात्र, ग्रामवासी आदि उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री ने नगर परिषद के तीन कर्मचारियों को किया सम्मानित

**हरीश सोनी केसरिया हिंदुस्तान**

**जोबट।** राष्ट्रीय महापर्व 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मौके पर आलीराजपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री संपतिया उइके द्वारा जोबट नगर परिषद के तीन कर्मचारियों को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। सीएमओ संतोष राठौड़ ने बताया कि प्रभारी मंत्री द्वारा नगर परिषद के कर्मचारी जेसीबी चालक मदन चौहान को जेसीबी के कुशल संचालन के लिए, कम्प्यूटर



ऑपरेटर निधि शर्मा को निकाय की शासन संबंधी सभी जानकारियों को कुशलता पूर्वक कंप्यूटरीकृत करने तथा वालमेन नीलेश उपाध्याय को जल प्रदाय, राजस्व वसूली व उत्कृष्ट कंप्यूटर कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सीएमओ संतोष राठौड़, परिषद अध्यक्ष राहुल मोहनिया, उपाध्यक्ष अमृतलाल राठौड़, पार्षदगण तथा परिषद के स्टाफ द्वारा तीनों कर्मचारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# महिला बाल विकास अधिकारी ने अपनी माता के निधन पश्चात कराये नेत्रदान

## जिले धार के कुक्षी में रोटरी क्लब बड़वानी के माध्यम से कराए नेत्रदान

**केसरिया हिन्दुस्तान से रघुनाथ सेन**

**बड़वानी।** जिले के महिला बाल विकास अधिकारी अजय गुप्ता की माता रूखमणी देवी के निधन होने पर श्री गुप्ता द्वारा समाजसेवी अजित जैन को सूचना देकर नेत्रदान की इच्छा जताई । श्री जैन व डॉक्टर चक्रेश पहाडिया किट लेकर कुक्षी पहुंचे और नेत्रदान की प्रकिर्या को सम्पन्न किया और कॉर्निया निकालकर एम के इंटरनेशनल आई बैंक इंदौर पहुँचाया । रोटरी क्लब सचिव ललित जैन द्वारा परिजनों से सहमति पत्र भरवाया । डॉक्टर पहाडिया ने बताया कि नेत्रदान के



प्रति रोटरी क्लब बड़वानी की प्रेरणा से लोगो मे नेत्रदान के प्रति जागरूकता आ रही है। क्लब सचिव ललित जैन एवम सामाजिक कार्यकर्ता अजित जैन ने बताया कि नेत्रदान में पूरी आँखे न निकालते हुए मात्र कॉर्निया निकाला जाता है जिसमे मात्र बीस मिनिट का समय लगता है एवं जिससे मृत शरीर को किसी भी प्रकार से कोई नुकसान नही पहुँचता है और यह प्रक्रिया लगभग रक्तहीन होती है ।

रोटरी क्लब बड़वानी ने इस मानवीय कार्य के लिए पति बद्रीप्रसाद गुप्ता,पुत्र इंजीनियर राजेन्द्र गुप्ता,अजय गुप्ता,जितेंद्र गुप्ता एवम परिवार का आभार व्यक्त किया । कहा कि स्वजनों ने दु:ख की घड़ी में भी मानव सेवा माधव सेवा की मिशाल पेश कर अंधकारमय जीवन को रोशनी दी है। दो आँखों का कार्निया दो लोगो को लगाया जावेगा, जिन दो लोगो ने कभी दुनिया नहीं देखी आज वो की आँखों से इस खूबसूरत दुनिया को देखेंगे स इनकी दोनों आँखे हमेशा हमारे बीच मौजूद रहेगी ।कुक्षी के समाजसेवी राज प्रकाश पहाड़िया आशा ग्राम ट्रस्ट के सचिन दुबे, मनीष पाटीदार, मनीराम नायडू का सराहनीय सहयोग मिला।

# बर्फीली हवाओं से प्रदेश में बढ़ी ठंड, कल 15 जिलों में बूंदाबांदी के आसार

भोपाल। प्रदेश के मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है, कहीं बारिश तो कहीं ठंड तो कहीं तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। अभी बर्फीली हवाओं से प्रदेश के कई जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। अब वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से 29 जनवरी को भोपाल, इंदौर-ग्वालियर समेत करीब 15 जिलों में बूंदाबांदी हो सकती है। हालांकि, कहीं भी तेज बारिश होने की संभावना नहीं है। फरवरी की शुरुआत में भी प्रदेश में बारिश होने के आसार है।

मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तरी हवाओं की वजह से प्रदेश में पिछले चार दिन से तेज ठंड पड़ रही है। बुधवार से ठंड से राहत मिल सकती है।




दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होगी। वहीं, बारिश का दौर शुरू होगा। शहडोल 3.6, छतरपुर 5, मंडला 5.2, शाजापुर 5.4, पचमढ़ी 5.7, सिंगरौली 5.9, उमरिया 5.9, राजगढ़ 6, ग्वालियर 6.2, सीहोर 6.4, भोपाल 6.8, सतना 7.2, खजुराहो 7.2, रायसेन 7.4, जबलपुर 7.5, बालाघाट 7.5, रीवा 7.6, अमरकंटक 7.8, नीमच 8.1, पृथ्वीपुर 9, सीधी 9, दमोह 9, गुना 9, टीकमगढ़ 9.3, शिवपुरी 9.5, उज्जैन 10, रतलाम 10.4, छिंदवाड़ा 11, सागर 11.6, बैतूल 11.7, आगर 11.81 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

मौसम विभाग ने 29 जनवरी और 1 फरवरी को दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने का अनुमान जताया है। इसका असर प्रदेश में भी देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के सीनियर वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया, पश्चिमी विक्षोभ की वजह से फरवरी के शुरुआती 4 दिन तक मौसम बदला रहेगा। 1 से 4 फरवरी के बीच पूर्वी और दक्षिणी हिस्से में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। इनमें रीवा, शहडोल, जबलपुर, सागर, ग्वालियर, चंबल और नर्मदापुरम संभाग के जिले शामिल हैं।

# धनपुरी में तुसली बर्मन द्वारा सड़क पर किया जा रहा अवैध कब्ज़ा

**अखंड प्रताप सिंह की रिपोर्ट**

शहडोल- थाना धनपुरी छेत्र के अंतर्गत वार्ड न.02, बिलियस न.1 सामु. स्वास्थ्य केंद्र के पास धनपुरी के पास सार्वजनिक सड़क पर तुलसी बर्मन उर्फ (भइयन लाल बर्मन) द्वारा अवैद्य रूप से सड़क पर कर रहा कब्ज़ा जिससे आने जानें



वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं जब आस-पास के लोगों द्वारा इसका विरोध किया तो कहता है, कि मेरी जमीन पर सड़क का निर्माण हुआ हैं जिसकी शिकायत नीरज गूजर द्वारा नगर परिषद धनपुरी एवम थाना धनपुरी और बुढार तहसील पे कि जा चुकी हैं ।

जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित

# संबल योजना में ईपीओ जारी, खाते में आयेगी राशि, बेसहारा बुजुर्ग को वृद्धाश्रम पहुंचाया

**नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरीया हिंदुस्तान**

सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान संबल योजना में अनुग्रह राशि की मांग लेकर आये हितग्राही को अवगत कराया गया कि प्रकरण स्वीकृत होकर ईपीओ जारी हो चुका है तथा शीघ्र ही खाते में राशि आयेगी। इसी प्रकार बेसहारा बुजुर्ग को वृद्धाश्रम पहुंचाया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन, श्री वायएस तोमर एवं नव नियुक्त डिप्टी कलेक्टर श्री विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें। जनसुनवाई में कुल 92 आवेदन प्राप्त हुए।

**संबल योजना में ईपीओ जारी, खाते में आयेगी राशि :** सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने जनसुनवाई के दौरान आवेदक श्री शभूलाल गुर्जर निवासी उतनवाड को अवगत कराया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत प्रकरण में ईपीओ जारी हो गया है तथा शीघ्र ही बैंक खाते के माध्यम से दो लाख रूपये की अनुग्रह राशि प्राप्त होगी। आवेदक श्री शंभूलाल गुर्जर ने अपनी पुत्रवधु स्व. श्रीमती धापू बाई गुर्जर पत्नि श्री बुद्धिप्रकाश गुर्जर की मृत्यु हो जाने पर मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत लाभ दिये जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया था।



बेसहारा बुजुर्ग को वृद्धाश्रम

**पहुंचाया :** सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा जनसुनवाई के दौरान ग्राम राडेप निवासी बुजुर्ग श्री काडूराम बैरवा को वृद्धाश्रम पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। जनसुनावई में आये बुजुर्ग श्री काडूराम बैरवा ने बताया कि उनकी देखभाल करने वाला कोई नही है तथा वे अकेले ही जीवनयापन कर रहे है। बुजुर्ग अवस्था में होने के कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना पड रहा है। इस पर सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा तत्काल ही सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से बुजुर्ग श्री काडूराम बैरवा को प्रेरणा वृद्धाश्रम पहुंचाया गया तथा उनकी देखरेख करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही वृद्धावस्था पेंशन का लाभ दिये जाने के लिए भी निर्देशित किया गया।

**संबल योजना का प्रकरण जांच कर अपील में लेने के निर्देश :** सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा वार्ड 14 बडौदा निवासी श्री रामभरत मीणा के आवेदन पर मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत प्रकरण की जांच दो दिवस में करने के निर्देश सीईओ जनपद श्री एसएस भटनागर को दिये। जांच उपरांत पात्र पाये जाने पर प्रकरण को अपील में लेकर स्वीकृत किये जाने के लिए भी निर्देशित किया गया। आवेदक श्री रामभरत मीणा ने अपनी पुत्री स्व. कु. स्वीटी मीणा की मृत्यु होने पर उक्त योजना के तहत अनुग्रह राशि प्रदान किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था।

# एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन

## हमें भारतीय होने और अपने संविधान पर गर्व-पंडित राघव मिश्रा

**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



**सीहोर।** हमें भारतीय होने और अपने संविधान पर गर्व है। हमारा गणतंत्र संविधान के मजबूत बुनियाद पर खड़ा है। हमें संविधान ने पूरा अधिकार दिया है, लेकिन हमें सामाजिक कर्तव्यों के प्रति भी संकल्प लेना चाहिए। आज भारत विश्व स्तर पर सशक्त राष्ट्र के रूप में उभरा है। उक्त विचार शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित वृद्धाश्रम में एक शाम शहीदों के नाम संगीतमय प्रस्तुति के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद कथा व्यास पंडित राघव मिश्रा ने कहे। इस मौके पर विशेष अतिथि कथा व्यास शिवम मिश्रा ने कहा कि संगीतमय देश भक्ति कार्यक्रम में देशभक्ति की भावना, संयम का संदेश और सांस्कृतिक सौन्दर्य का अनोखा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि पंडित श्री मिश्रा, आश्रम के संचालक राहुल सिंह, प्रभारी नटवर कुशवाहा, जिला संस्कार मंच की ओर से धर्मेन्द्र माहेश्वरी, मुन डेविड आदि ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

कार्यक्रम में वृद्धजनों के अलावा यहां पर युवाओं ने लोगों को देश भक्ति, संयम और खुशी के रंग में रंग दिया। मुख्य आकर्षण देशभक्ति गीतों की भावुक प्रस्तुति रही, इसके साथ ही भगोरिया नृत्य में किसानों की खुशी और उल्लास झलका, ए मेरे प्यारे वतन गाने ने दर्शकों की आंखें की नम, देशभक्ति का जगा जज्बा ए मेरे प्यारे वतन की प्रस्तुति ने श्रोताओं को भावुक कर दिया। यह गीत, जो हर भारतीय के दिल के करीब है, मातृभूमि के प्रति प्रेम और समर्पण की भावना को जीवंत करता है। बोलों की मधुर आवाज में प्रस्तुति ने श्रोताओं के मन में देशभक्ति की लहर दौड़ा दी। मंच पर सादगी भरे अंदाज में गाए गए इस गीत ने एक तरफ देशप्रेम की भावना जगाई तो दूसरी ओर विदेश में बसे भारतीयों की मातृभूमि के प्रति लालसा को व्यक्त किया।

# कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण, मरीजों के बेहतर इलाज के दिए निर्देश

## नवागत कलेक्टर श्री बालागुरु ने किया पदभार ग्रहण



**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

नवागत कलेक्टर श्री बालागुरु के. द्वारा आज 28 जनवरी को सीहोर कलेक्ट्रेट कार्यालय में पदभार ग्रहण किया गया। कलेक्टर श्री बालागुरु के 2015 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। श्री बालागुरु के. सीहोर कलेक्टर पदस्थापना के पहले जल निगम में महाप्रबंधक थे। उन्होंने कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही अपर कलेक्टर श्री वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला पंचायत सीईओ श्री नितिन टाले, संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, श्री आनंद सिंह राजावत, एसडीएम श्री तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले की विभिन्न प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी ली। नवागत कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात कलेक्टर कार्यालय की सभी शाखाओं का निरीक्षण किया।

**कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण :-**

नवागत कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं, चिकित्सा सुविधाओं और साफ-सफाई का अवलोकन किया। उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर उनके अनुभव और समस्याओं को सुना। उन्होंने चिकित्सालय के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार और आवश्यक दवाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने विभिन्न वार्डों, ओपीडी, इमरजेंसी, एक्स रे, पैथोलॉजी, स्टोर, एनआरसी, दवा वितरण कक्ष सहित पूरे अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं तथा त्वरित इलाज के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए तथा इसके लिए मानव संसाधन बढ़ाने के लिए कहा।

उन्होंने डॉक्टरों और स्टाफ को निर्देश दिए कि अस्पताल आने वाले मरीजों के प्रति मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए पूरी संवेदनशीलता के साथ उपचार किया जाए। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने जिला चिकित्सालय के नवीन भवन का भी निरीक्षण किया तथा नवीन भवन में अस्पताल शिफ्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान एनआरसी में भर्ती बच्चों की कम संख्या को देखते हुए बच्चों की संख्या को बढ़ाने के माहिला बाल विकास विभाग को निर्देश देने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ श्री सुधीर कुमार डेहरिया, एसडीएम श्री तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## परिवार कल्याण केंद्र के द्वारा आयोजित होगा पत्रकार सम्मान समारोह

**ग्वालियर।** परिवार कल्याण केंद्र जवाहर कॉलोनी कंपू द्वारा पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है यह आयोजन कंपू पर आयोजित किया जा रहा है समाजसेवी गीता सूर्यवंशी के द्वारा बताया गया कि परिवार कल्याण केंद्र जवाहर कॉलोनी के द्वारा एक पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है इस पत्रकार सम्मान समारोह के आयोजन मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर सुजाता बापट जी द्वारा किया जाएगा जिसमें ग्वालियर जिले के पत्रकार गणों का सम्मान किया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय पार्षद कपिल शर्मा उपस्थित रहेंगे।

# विधायक सुदेश राय करेंगे कल 5 करोड़ से बनने वाली 8 किलोमीटर की 4 सड़कों का भूमिपूजन

**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



**सीहोर।** सुगम ग्रामीण यातायात व्यवस्था के लिए विधायक सुदेश राय गुरूवार को विधानसभा क्षेत्र के आठ गांवों को जोडने् वाली पांच करोड़ रूपये लागत की चार डामर सड़कों का भूमि पूजन करेंगे। सड़क निर्माण से जहां ग्रामीणों की पूरानी दिक्कत खत्म होगी वहीं नई डामर सड़कों से ग्रामीणों को आवागमन में भी बड़ी राहत मिलेगी। ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए विधायक सुदेश राय पूरे विधानसभा क्षेत्र में परिवहन के लिए सड़कों का विस्तार करने में जुटे हुए है। क्योंकी ग्रामीण परिवारों की समृद्धी खुशियाली में पक्की सड़कों का भी महत्वपूर्ण योगदान माना गया है। यही कारण है विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कतपोन,ग्राम हालियाभील,ग्राम मोतीपुरा,ग्राम मगरदा,ग्राम सौंठी,ग्राम घाटपलासी और ग्राम सोंडा के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ग्रामीणों की सड़क निर्माण की मांग को विधायक सुदेश राय ने अल्पकाल में ही पूरा कर दिया है। विधायक सुदेश राय ने ग्रामीणों की मांग को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के समक्ष रखा और विधायक श्री राय के अनुरोध पर मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र के आठ गांवों को जोडने् वाली चार सड़कों के निर्माण के लिए पांच करोड़ रूपये से अधिक राशि स्वीकृत कर दी। गुरूवार को विधायक सुदेश राय विधिविधान से 111.94 लाख से बनने वाली ग्राम कतपोन क्रेशर से ग्राम हालियाभील तक 1.40 किलो मीटर डामर सड़क 121.44 लाख लागत से बनने वाली ग्राम मोतीपुराड्ड से ग्राम मगरदा तक 2. किलोमीटर की सड़क एवं 160.30 लाख रूपये से बनने वाली ग्राम पंचायत सौंठी से सोंठीपुरा तक की1.50 किलोमीटर सड़क और 168.43 लाख रूपये की लागत से बनने वाली ग्राम घाटपलासी से ग्राम सोंडा तक की 2.20 किलो मीटर डामर सड़क का भूमि पूजन करेंगे। भूमि पूजन के बाद विधायक सुदेश राय स्थानीय ग्रामीणों से भी विभिन्न विकास कार्यो और ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण को लेकर चर्चा करेंगे। भूमि पूजन कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता और ग्रामीणजन मौजूद रहेंगे।

# महाकुंभ पर खड़गे के बयान का श्योपुर में विरोध भाजपा ने जलाया कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का पुतला

**नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा महाकुंभ पर दिए गए विवादित बयान को लेकर श्योपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आक्रोश जताया। मंगलवार को गांधी पार्क पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खड़गे का पुतला दहन किया। इस दौरान बीजेपी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोनू सोनी ने कहा कि कांग्रेस की सोच शुरू से ही सनातन विरोधी रही है। करोड़ों लोगों की



आस्था के केंद्र महाकुंभ पर इस तरह की टिप्पणी करना खड़गे की मंदबुद्धि का प्रमाण है। बीजेपी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोनू सोनी कहा कि जब देश के कोने-कोने से लोग मां गंगा त्रिवेणी संगम पर पहुंच रहे हैं, ऐसे में यह देश की एकता, अखंडता और धर्म की पताका को ऊंचा करने का अवसर है। कांग्रेस पार्टी सनातन के विरोध में कोई बयान देता है तो उन्हें शर्म करनी चाहिए किस प्रकार वह मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा बयान दिया गया वह सनातन का विरोध दर्शाता है मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा अन्य धर्म के खिलाफ कभी टिप्पणी नहीं की पर सनातन को लेकर हमेशा कांग्रेस पार्टी द्वारा कुठाराघात किया गया है

# राज्यमंत्री श्री पटैल एवं दमोह विधायक श्री मलैया ने किये पुरूस्कार वितरित

## भारत पर्व पर बुंदेली लोकगीत एवं बधाई लोकनृत्य की हुई प्रस्तुति

**राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**दमोह।** स्वराज संस्थान, संस्कृति विभाग, जिला प्रशासन और जनसंपर्क विभाग के संयुक्त तत्वाधान में लोकतंत्र का लोक उत्सव भारत पर्व दमोह के मानस भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, जनपद अध्यक्ष प्रीति कमल ठाकुर, साहित्यकार नरेन्द्र दुबे एवं कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा मॉ सरस्वती के समक्ष दीप



प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायक जयंत कुमार मलैया सहित अतिथियों द्वारा कला का प्रदर्शन करने वाले कलाकारों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर गंजबासौदा के मनोज कुमार सहित सहयोगी कलाकारों ने बुंदेली लोकगीत एवं सागर के केशव रैकवार सहित सहयोगी कलाकारों ने बधाई लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर नागरिकों का मन मोह लिया। इसी प्रकार अनहद कला केन्द्र दमोह के छात्राओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पशुपालन, डेयरी विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटैल, दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, जनपद अध्यक्ष प्रीति कमल ठाकुर, पंडित विद्यासागर पांडे, साहित्यकार नरेन्द्र दुबे, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा और पत्रकार धीरज जॉनसन ने दमोह दर्शन पत्रिका का विमोचन किया। दमोह जिले में चल रहे स्वच्छता अभियान के तहत अतिथियों ने मुम्बई में सिमैटोग्राफी कर रहे हरीश पटैल के पोस्टर मत करो ना यार तथा प्रिंट टी शर्ट का भी विमोचन किया।

# जनसुनवाई में कलेक्टर द्वारा ट्राइसाइकिल प्रदान की गई

## जनसुनवाई में सुनी गई आमजन की समस्याएं

**बृजमोहन कारपेंटर, केसरिया हिंदुस्तान**

**राजगढ।** जिला मुख्यालय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का निराकरण किया जाता है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में ग्राम अमावता निवासी राधेश्याम दांगी ने बताया कि आवेदक की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। साथ ही आवेदक को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिस पर कलेक्टर द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए सामाजिक न्याय विभाग द्वारा मोटराईज्ड ट्राईसाईकिल प्रदाय की गई। इस दौरान अपर





कलेक्टर श्री शिवप्रसाद मण्डराह मौजूद रहे। जनसुनवाई में ग्राम बुडनपुर निवासी कमला बाई ने बताया कि आवेदिका की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। साथ ही वृद्ध होने के कारण बीमार भी रहती है। जिस पर आवेदिका को कंबल प्रदान किया गया। ग्राम कोलुखेडी निवासी सुगन बाई ने बताया कि आवेदिका को खेत तालाब योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। जबकि कोलुखेडी पंचायत में अभी 15 खेत तालाब आए हैं। जिस पर कलेक्टर द्वारा जनपद पंचायत राजगढ़ को नियमानुसार निराकरण हेतु निर्देशित किया।

**पचोर तहसील का मामला बहुचा जनसुनवाई में कलेक्टर से लगाई गुहार :-**

ग्राम बुचाखेडी निवासी जीतेन्द्र राजपूत ने बताया कि आवेदक के खते में पी.एम सम्मान निधि की सातवीं किश्त के बाद शासन की योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। साथ ही पटवारी के द्वारा मेरी जमीन संबंधित कार्य भी नहीं किए गए एवं मेरी भूमि संबंधी शिकायत का निराकरण भी पटवारी के द्वारा नहीं किया गया है। जिस पर कलेक्टर द्वारा तहसीलदार पचोर को को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। ग्राम बडोलिया काछीपुरा निवासी कन्हैयालाल द्वारा बताया गया कि आवेदक की चरनोई की भूमि पर अनावेदकों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। जिस पर कलेक्टर द्वारा तहसीलदार नरसिंहगढ़ को को को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। पिपल्या कॉलोनी निवासी द्वारा आवेदन दिया गया कि अनावेदकों द्वारा हमारी भूमि पर जाने का रास्ता बलपूर्वक रोक दिया गया है। जिससे हमे अपने खेत पर जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# जनसुनवाई में 230 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



**दमोह।** जिले भर से आये नागरिकों ने आज जनसुनवाई में अपनी समस्याएं कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के समक्ष रखी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 230 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 40 आधार कार्ड, 03 आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आवेदन प्राप्त हुए एवं 173 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा जबेरा से एक साधारण परिवार से रितिक जन सुनवाई में आया था और उसके पास बैग नहीं था और लग रहा था कि उसके पास कॉपी किताबें भी नहीं है। रितिक बहुत ही निर्धन परिवार का था। उसकी माता जी की मृत्यु सर्पदंश से हो गई थी, उस केस के लिए वो परेशान था, उसके परिवार के लोग भी आये हुए थे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा हमे जनता से, सभी जगहों से, शहर के नागरिको से स्लेट, पेंसिल, पेन, बैग, बच्चों की स्टडी के लिए मिल रहे हैं और उसका उद्देश्य यही था की वो ऐसे बच्चों को दिए जाए जिनको वाकई में उनकी जरूरत है, तो आज जन सुनवाई में एक ऐसा केस था तो हमने उन्हें वहाँ पर उसको यहीं पर प्रदान किया। हिनौती खेत सिंह से आई कक्षा तीसरी की छात्रा उमा लोधी ने कहा कलेक्ट सर ने बैग, और कॉपी-किताब दी है ,और अच्छे से पढ़ाई करने के लिये भी कहा है। इस दौरान एडीशनल कलेक्टर मीना मसराम और लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटैल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# मनेंद्रगढ़ शहर के सबसे प्रतिष्ठित विद्यालय दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया देश का 76वां गणतंत्र दिवस

देबाशीष गांगुली (संवाददाता । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)

**एमसीबी।** कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती एवं भारत माता की समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण से किया गया तत्पश्चात् कार्यक्रम में शहर के गणमान्य व्यक्ति एवम् संस्था के निदेशक पूर्व न्यायमूर्ति श्री व्यंकटेश सिंह, निदेशिका श्रीमति पूनम सिंह तथा प्राचार्य डॉ बसंत कुमार तिवारी द्वारा राष्ट्रध्वज फहराया गया एवं तत्पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। इस भव्य उद्घाटन समारोह के बाद कक्षा आठवीं के छात्र आद्विक आचार्य एवम् छात्रा शैली जायसवाल ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कक्षा छठवीं से लेकर बारहवीं तक के छात्र छात्राओं को मार्च पास्ट हेतु आमंत्रित किया , शानदार मार्च पास्ट में विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय ध्वज एवम् मुख्य अतिथि को सलामी दी, मार्च पास्ट के पश्चात् संस्था के निदेशक श्री व्यंकटेश सिंह द्वारा विद्यालय को संबोधित किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमारा संविधान मात्र दस्तावेज नहीं है, यह हमारे लोकतंत्र की आत्मा है। यह न्याय,स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के सिद्धांतों को स्थापित करता है और हमें एक ऐसे समाज का निर्माण करने के लिए प्रेरित करता है जो सभी नागरिकों के अधिकारों और गरिमा का सम्मान करता हो। आज हम अपने महान राष्ट्र का 76वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं, यह वह दिन है जब हम उन महान नेताओं के सपने और बलिदानों को नमन करते हैं। जिन्होंने भारत को एक संप्रभुत्व लोकतांत्रिक गणराज्य बनाने के लिए अथक प्रयास किया। इस पावन गणतंत्र दिवस के अवसर पर हम संकल्प लेते हैं कि हम देश के प्रति अपने कर्तव्य का पूरी निष्ठा के साथ पालन करेंगे देश की अखंडता और एकता बनाए रखने की दिशा में काम करेंगे और अपने साथ दूसरों के अधिकारों का ध्यान एवं सम्मान रखेंगे।

मुख्य अतिथि के संभाषण के पश्चात कक्षा छठवीं के छात्र-छात्राओं ने गीत सारे जहां से अच्छा गाकर



माहौल को देशभक्तिमय बना दिया तत्पश्चात संस्था के प्राचार्य डॉ बसंत कुमार तिवारी को मंच पर आमंत्रित किया गया। डॉक्टर तिवारी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने संदेश में कहा कि भारतीय इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक 26 जनवरी सन 1950 का दिन है जिस दिन हमारा संविधान लागू हुआ था इसी ने हमें एक समाजवादी, संप्रभुत्व, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य दिया। हमारा संविधान सभी के लिए समानता न्याय और स्वतंत्रता को भी सुनिश्चित करता है। इस वर्ष के गणतंत्र दिवस परेड की थीम स्वर्णिम भारत विरासत और विकास रखी गई है। हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित दस्तावेज है। जो हमारे देश को एकजुट रखने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है इस अवसर पर हमें उन सभी नेताओं को भी नमन करना चाहिए जिन्होंने ऐसे संविधान को रचा इतिहास उनके इस अवदान को कृतज्ञता पूर्वक सदैव याद रखेगा। प्रिय विद्यार्थियों आप हमारे देश का भविष्य है और भारत के उज्जवल भाग्य विधाता है आप नवाचार, प्रगति और आशा के ध्वजवाहक हैं। आशा है कि आप जीवन में जब भी अपने सपनों की तरफ कदम बढ़ाए तो हमेशा ईमानदारी कर्तव्यनिष्ठा और सम्मान के मूल्यों को बनाए रखें।

कार्यक्रम के अगले क्रम में कक्षा पहली एकलव्य के छात्र छात्राओं ने गीत देश मेरे पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया उसके पश्चात विद्यालय की गणित की शिक्षिका सुश्री निवेदिता घोषाल ने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस के महत्व के बारे में अवगत कराया इसके बाद विद्यालय के एडिशन सदन द्वारा गीत सुन सुन सुन मेरे नन्हे प्रस्तुत किया गया,इस सुमधुर प्रस्तुति के पश्चात कक्षा पहली प्रहलाद के छात्र छात्राओं ने नृत्य ए मेरे वतन पर प्रस्तुति दी, शानदार नृत्य के पश्चात कक्षा सातवीं एवं नवमी के विद्यार्थियों द्वारा गीत %छोड़ो कल की बातें% पर मनमोहक प्रस्तुति दी गई तत्पश्चात कक्षा तीसरी, चौथी एवं पांचवी की छात्र- छात्राओं द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया जिसका शीर्षक माई तेरी चुनरिया लहराई रहा इस आकर्षक नृत्य के पश्चात् गणित के वरिष्ठ शिक्षक श्री अमित कुमार तिवारी ने अपनी कविता वाचन से दर्शकों को अभिभूत कर दिया। तत्पश्चात अंत में संस्था के निदेशिका श्रीमती पूनम सिंह ने विद्यालय परिवार को अपना संदेश प्रेषित करते हुए कहा कि हमारा संविधान न केवल हमारी स्वतंत्रता का संरक्षक है बल्कि वह समानता, स्वतंत्रता त्याग और भाईचारा का संदेश देता है

# आलोट में हथियारबंद चोरों का आतंकः बाइक चोरी के दौरान मालिक जागा तो नकाबपोश बदमाशों ने लहराई पिस्तौल, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

दिनेश शुक्ला, दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी

आलोट में हथियारबंद चोरों का आतंक- बाइक चोरी के दौरान मालिक जागा तो नकाबपोश बदमाशों ने लहराई पिस्तौल, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात आलोट 7आलोट में 26 जनवरी की देर रात एक साहसिक वाहन चोरी का प्रयास सामने आया है। रात करीब 3.45 बजे चार नकाबपोश बदमाश मदन चौहान के घर के बाहर खड़ी हीरो होंडा बाइक को चुराने की फिराक में थे। घटना के दौरान तीन बदमाश बाइक को खींचकर ले जाने का प्रयास कर रहे थे, जबकि एक बदमाश रेकी करता रहा। इस दौरान वाहन मालिक की नींद खुल गई और उन्होंने चोर-चोर की आवाज लगाई। मालिक के पुत्र विक्की चौहान के भी जागने और शोर मचाने से मोहल्ले में हलचल मच गई। बदमाशों के पकड़े जाने का खतरा देख रेकी कर रहा साथी पिस्तौल लहराते हुए मौके पर पहुंचा और सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। आलोट थाना प्रभारी शंकर सिंह चौहान के अनुसार, मदन चौहान ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और सूचना तंत्र के माध्यम से आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने का प्रयास कर रही है। यह घटना आम नागरिकों में दहशत का कारण बन गई है, क्योंकि बदमाश खुलेआम हथियार लहराते हुए वारदात को अंजाम देने की कोशिश कर रहे थे।



## भोपाल में अनुवाद कौशल कार्यशाला का आयोजन

**भोपाल।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के भोपाल परिसर में सोमवार को पांच दिवसीय अनुवाद कौशल कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की भारतीय भाषा समिति के अकादमिक समन्वयक डॉ. गिरिधर राव उपस्थित रहे। डॉ. राव ने अपने संबोधन में अनुवाद कौशल के महत्व पर प्रकाश डाला और इसे वैदिक वाङ्मय एवं भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़कर समझाया। उन्होंने कहा कि अनुवाद कौशल सभी के लिए आवश्यक है, जिससे हिंदी और अन्य भाषाओं के ग्रंथों को संस्कृत में अनूदित किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे साहित्य विद्याशाखा के समन्वयक प्रो. सनंदन कुमार त्रिपाठी ने अनुवाद की विभिन्न विधियों पर चर्चा की।

# तहसील कार्यालय में मंगलवार जनसुनवाई 9 आवेदन प्राप्त, समस्याओं का त्वरित निराकरण

केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा..9425727854

**बैरसिया।** बैरसिया तहसील कार्यालय सभागृह में आयोजित मंगलवार जनसुनवाई में कुल 9 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई मैं एसडीएम आशुतोष शर्मा ने सभी समस्याओं के आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। इस जनसुनवाई में एसडीएम आशुतोष शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने मुख्यालय पर उपस्थित रहें और फील्ड में जाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा, अधिकारियों का फील्ड में रहना अत्यंत



आवश्यक है ताकि जनता की समस्याओं का समय पर और प्रभावी निराकरण किया जा सके। जनसुनवाई में तहसीलदार श्रीमती करुणा दंडोतिया, तहसीलदार अर्जुन मुरलीधरम, नायब तहसीलदार प्रेम नारायण गोस्वामी, मिट्ठू लाल पवार सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। एसडीएम द्वारा आयोजित यह जनसुनवाई प्रभावी और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई, जिससे आमजन को राहत मिली।

# कौशल विकास एवं राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने किया औचक निरीक्षण

बृजमोहन कारपेंटर, केसरिया हिंदुस्तान राजगढ़

**राजगढ।** जनपद पंचायत सारंगपुर के ग्राम पंचायत पटाडियाधाकड़ मैं कौशल विकास एवं राज्यमंत्री गौतम टेटवाल सुबह 10.30 की तकरीबन ग्राम पंचायत मैं पहुंच कर ओचक निरीक्षण किया ग्राम पंचायत व सोसाइटी देख कर प्रशंसा की वही उचित मूल्य की दुकान पर राशन वितरण किया जा रहा था तो मंत्री जी ने भी ई पोस मशीन पर हितग्राही का अंगूठा लगवा कर खाद्यान्न पर्ची दी ओर कहा कि मेरी विधानसभा क्षेत्र सारंगपुर में सभी विभाग अच्छे से कार्य कर रहे हैं यही देखने के




लिए पहुंचा हूं ग्राम पंचायत एवं सोसाइटी कर्मियों के कार्य देख प्रशंसा की आपको बता दें कि जैसे ही ग्रामीणों को मंत्री जी के गांव में आने की भन्नक लगी इतने में ग्रामीणजनो का ताता मंत्री से मिलने के लिए ग्राम पंचायत की ओर लग गया इस मौके पर सरपंच सुगनबाई जगदीशसिंह राजपूत कैलाश नारायण नागर जगदीश रूहेला हिंदूसिंह लोधी राधेश्याम कारपेंटर मनोज मालवीय आदि ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# बरखेड़ा क्षेत्र मे हरे भरे पेड़ो का नामोनिशान मिटाया जा रहा है

## जिले पर बैठे वनविभाग के अधिकारी पर्यावरण का आस्तित्व मिटा रहे है

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत

**पीलीभीत-बरखेड़ा।** क्षेत्र मे इस समय हरे भरे पेड़ो का वनविभाग की मिलीभगत से आस्तित्व मिटाया जा रहा है। बरखेड़ा क्षेत्र मे बरगदा व रम्पुरा दौलतपुर गाँव मे कई दर्जनो की संख्या मे फलदार हरे भरे पेड़ो पर आरा चलाया जा रहा है। वही वनविभाग ठेकेदार से सांठगांठ करके हरीयाली का दुश्मन वन बैठा है। कोई भी परमिट के लिए फाइल डालता है। वनविभाग रातोंरात परमिट जारी कर देता है। और पर्यावरण मिटाने की परमिशन दे देता है। जहा एक वृक्ष कई सालो मे




तैयार होकर लोगो का छाव देता है। पल भर मे आरा चलवाकर उसका सफाया करवा दिया जाता है। ठेकेदार अपने रसूख के चलते पर्यावरण को पूरी तरह नष्ट कर रहे है। वनविभाग का काला जादू आने वाले बक्त के लिए लोगो के लिए मुसीबत का सबब बन सकता है। वही वन विभाग हरे भरे पेडो को कागज़ो मे रोगग्रस्त व सूखा दर्शाकर आरा चलाने की अनुमति दे देता है। और शासन को गुमराह कर देता है। जबकि ज़मीनी हकीकत मे फलदार वृक्ष खुलेआम काटे जा रहा है। जबकि सरकार ने जिन्हे वन सुरक्षा की जिम्मेदारी दी है। वही वनविभाग सरकार की आंखो मे धूल झोकने का काम कर रहा है। जबकि योगी सरकार एक पेड मा के नाम लगाकर पर्यावरण को बढ़ावा दे रही है। जिससे आने वाले वक्त मे आक्सीजन की कमी ना हो। लेकिन वन विभाग बेखौफ होकर मनमानी पर उतारू दिखाई दे रहा है। बरखेड़ा क्षेत्र मे लगभग एक माह के अंदर वन विभाग ने अनगिनत हरे भरे फलदार बागो पर सांठगांठ के चलते आरा चलवा दिया जाता है। क्योंकि योगी सरकार जिले के वन विभाग के अधिकारियो पर पूरी तरह भरोसा कर रही है। लेकिन जिले के वनविभाग अधिकारी एक दूसरी की रिपोर्ट के आधार पर परमिट जारी करने की बात कहकर अपना पल्डा झाड लेते है। अगर शाशन स्तर से जांच हो जाये और जाच टीम गाँवो मे पहुंच जाये जहा हरे भरे फलदार वृक्षो पर आरा चलवा गया है। तो पता चल जायेगा की जिले मे हरे भरे पेड़ो का सफाया कराने मे हरे पेड़ो को सूखाग्रस्त दिखाने मे किस किस वनविभाग के अधिकारी ने काला जादू कागज़ो मे दिखाया है।

## केंद्रीय संग्रहालय में आज से शुरू होगी प्रदर्शनी

**इंदौर।** इंदौर में 6 दिवसीय दुर्लभ अभिलेखों और छायाचित्रों की प्रदर्शनी लगेगी। 28 जनवरी से इसकी शुरुआत होगी। संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय मध्यप्रदेश भोपाल के द्वारा ये आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी में तत्कालीन राजनैतिक घटनाएं, इंदौर शहर का नक्शा, होलकर राज परिवार का वंशवृक्ष सहित कई दस्तावेज और शासकों के फोटो देखने को मिलेंगे। प्रदर्शनी का शुभारंभ मंगलवार को विधायक उषा ठाकुर करेंगी। 28 जनवरी से शुरू होने वाली यह प्रदर्शनी 2 फरवरी तक केंद्रीय संग्रहालय में देखने को मिलेगी। प्रदर्शनी में तत्कालीन राजनैतिक घटनाओं, प्रशासनिक निर्णयों तथा अन्य विषयों के साथ-साथ इंदौर शहर का नक्शा, महाराजा यशवंतराव का वायसराय को बधाई संदेश, होलकर राज परिवार का वंशवृक्ष, महात्मा गांधी के नमक सत्याग्रह के संबंध में पत्र, इंदौर में विदेशी कपड़ों का बहिष्कार, इंदौर में भारत छोड़ो आन्दोलन तथा महाराजा होलकर द्वारा महात्मा गांधी के जन्म दिन पर बधाई संदेश एवं इंदौर रियासत के ऐतिहासिक दस्तावेज एवं शासकों के छायाचित्र भी प्रदर्शित में देखने को मिलेंगे।

# हनी ट्रैप केस-अब सबूतों के आधार पर आरोप साबित करेगी पुलिस

**इंदौर।** वर्ष 2019 में इंदौर में सिटी इंजीनियर हरभजन सिंह की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया था और इस मामले में आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। इस बहुचर्चित हनी ट्रैप में कई राजनेता व वरिष्ठ अफसरों के नाम है,लेकिन शिकायतकर्ता सिर्फ एक ही सामने आया था। मध्य प्रदेश के चर्चित हनी ट्रैप केस में कोर्ट ने आरोप तय कर दिए है, लेकिन इस बीच फरियादी इंदौर नगर निगम के निलंबित सिटी इंजीनियर हरभजन सिंह की मौत हो चुकी है, हालांकि इससे केस पर कोई असर नहीं पड़ेगा। अब पुलिस को सबूतों व गवाहों के आधार पर आरोप साबित करना होगा। पुलिस के पास सबसे बड़ा सबूत वह सीडी है, जो पुलिस ने आरोपियों के पास



से जब्त की थी। कोर्ट द्वारा तय आरोपों को आरोपियों के वकील ने मानने से इनकार कर दिया है। अब हनी ट्रेप मामले में सुनवाई लगातार जारी रहेगी। अब अगली सुनवाई आठ फरवरी को होगी। कोर्ट ने सभी आरोपियों को उपस्थित रहने के लिए कहा है।

आपको बता दे कि वर्ष 2019 में इंदौर में सिटी इंजीनियर हरभजन सिंह की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया था और इस मामले में आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। इस बहुचर्चित हनी ट्रैप में कई राजनेता व वरिष्ठ अफसरों के नाम है,लेकिन शिकायतकर्ता सिर्फ एक ही सामने आया था।

पुलिस ने एक आरोपी की शिकायत पर हरभजन के खिलाफ भी रेप का केस दर्ज किया था। इसके बाद हरभजन को नगर निगम ने निलंबित कर दिया था। हरभजन तीन साल से रीवा स्थित अपने पैतृक निवास में ही रहता था। इस मामले में दर्ज प्रकरण में छह महिलाएं और दो पुरुष शामिल है। आरोपी आरती दयाल और मोनिका ने हरभजन के जरिए अपने रिश्तेदारों को नगर निगम के ठेके दिलावाए थे। हरभजन को विजय नगर क्षेत्र के एक होटल में मोनिका ने बुलाया था और वहां शारीरिक संबंध बनाते समय हरभजन की सीडी भी तैयार कर ली गई थी। उसके आधार पर हरभजन को ब्लैकमेल कर रुपये मांगे जा रहे थे। 50 लाख रुपये आरती और मोनिका इंदौर लेने आई थी। तब हरभजन की शिकायत पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया था। उसके साथ आया ड्राइवर भी गिरफ्तार हुआ था।

इसके बाद भोपाल में भी एक फ्लैट में छापे मारकर श्वेता पति विजय, श्वेता पति स्वप्निल और बरखा को गिरफ्तार किया गया था। वे भी आरती से जुड़ी थी। 29 नवंबर को हरभजन सिंह का शव उनके घर में पड़ा मिला था। डाक्टरों ने मौत की वजह दिल का दौर बताई थी। तब हरभजन घर में अकेला था। पुलिस ने हरभजन के शव का पोस्मार्टम भी कराया था। इस केस के सिलसिले में हरभजन इंदौर भी आता-जाता रहता था।

# राज्यमंत्री श्री पटेल ने ग्राम बोतराई में ग्रामवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना

## शोकाकुल परिवारों से मिले, शोक संवेदनाएं व्यक्त की



**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल विधानसभा क्षेत्र पथरिया के ग्राम बोतराई में ग्रामवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना एवं यहां ग्रामवासियों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। साथ ही पूर्व सरपंच प्रेम पटेल की दादी जी के निधन पर, जगन्नाथ यादव की माता जी के निधन पर, तीरथ आदिवासी की माता जी के निधन पर परिवार के साथ बैठकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। इस दौरान जनप्रतिनिधिगण, पंचायत प्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक और ग्रामवासी मौजूद रहें।

# सीएम मोहन यादव ने निवेश के लिए किया रोड शो, जापानी निवेशकों के साथ किया सेशन

**भोपाल।** हमारा फोकस स्किल डेवलपमेंट पर है। प्रदेश में बड़ी संख्या में आईटीआई, पॉलिटेक्निक कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज संचालित हो रहे हैं जहां पर बौद्धिक क्षमता के युवा उपलब्ध हैं। जापान दौरे पर मोहन यादव ने बात कही है। ग्लोबल इंवेस्टर समिट में निवेशकों को आमंत्रण देने जापान पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भारतीय दूतावास में 'इंटरेक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट' कार्यक्रम में शामिल हुए। इस सेशन में उन्होंने कहा कि जापान का प्राचीनकाल से आधुनिक काल तक बहुत समृद्ध इतिहास रहा।

जापान की उद्यमशीलता को नमन करता हूं, जिसकी बदौलत आज जापान की विश्व के सामने अलग पहचान है। जापान गौतम बुद्ध की हजारों साल पुरानी परंपरा के साथ भारत से जुड़ा हुआ है। जो आज विशिष्ट जीवनशैली और औद्योगिक शैली के साथ आर्थिक युक्ति से संपन्नता पाने वाला देश है। अपने संबोधन में सीएम डॉ यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के साथ भी जापान के व्यवसायिक दृष्टि से मजबूत संबंध है। मध्यप्रदेश से आज जापान को एल्युमिनियम, कार्बनिक रसायन, बायलर, मशीनरी, फार्मास्युटिकल उत्पाद समेत कई वस्तुओं का निर्यात किया जा रहा है। 2023-24 में मध्यप्रदेश से जापान को 92.8 मिलीयन डॉलर का निर्यात किया गया। साथ ही मध्यप्रदेश में जापान के मैंन्युफैक्चरिंग से जुड़े कई उद्योग संचालित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था एक दशक में तीन गुना बढ़ी है, जिसे पांच साल में दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। पूंजीगत



समेत सरकारी व्यय 19 प्रतिशत तक बढ़ा है जो राज्य की उन्नति का द्योतक है। समग्र रुप से करीब 65 हजार करोड़ का निर्यात किया है। उन्होंने कहा कि विश्व के कई देशों के निवेशकों की मध्यप्रदेश के प्रति रुचि बढ़ी है। हमारी सरकार एनर्जी सेक्टर, माइनिंग, एजुकेशन, स्वास्थ्य समेत कई सेक्टर के लिए नई पॉलिसी बना रही है, जिससे निवेश के लिए अनुकूल माहौल बना। उन्होंने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि नीति से अलग भी अगर निवेशक कोई बदलाव और सुविधा चाहेंगे तो सरकार खुले मन से उन्हें मदद करेगी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में फूड, आईटी पार्क, मसाले, मेडिकल डिवाइस, सोलर इक्यूपमेंट, प्लास्टिक, फुटवियर, फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल्स, ईवी, गारमेंट यूनिट, सेमीकंडक्टर पार्क समेत कई क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं।

खासतौर पर लॉजिस्टिक, गारमेंट, खाद्य प्रसंस्करण, ईवी, आईटी के क्षेत्र में हमारी पॉलिसी बड़े निवेशकों को आकर्षित कर रही है। मध्यप्रदेश की अच्छी नीति और नीयत के बलबूते सभी तरफ से व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा फोकस स्किल डेवलपमेंट पर है। प्रदेश में बड़ी संख्या में आईटीआई, पॉलिटेक्निक कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज संचालित हो रहे हैं जहां पर बौद्धिक क्षमता के युवा उपलब्ध हैं। जापान और मध्यप्रदेश मिलकर इन युवाओं को तकनीकि और कौशल ज्ञान प्रदान कर सकते हैं। खासतौर पर इंजीनियरिंग, मेडिकल हेल्थ समेत कई क्षेत्रों में युवाओं को मौका मिल सकता है।

# सीएम मोहन यादव ने निवेश के लिए किया रोड शो, जापानी निवेशकों के साथ किया सेशन

**भोपाल।** हमारा फोकस स्किल डेवलपमेंट पर है। प्रदेश में बड़ी संख्या में आईटीआई, पॉलिटेक्निक कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज संचालित हो रहे हैं जहां पर बौद्धिक क्षमता के युवा उपलब्ध हैं। जापान दौरे पर मोहन यादव ने बात कही है। ग्लोबल इंवेस्टर समिट में निवेशकों को आमंत्रण देने जापान पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भारतीय दूतावास में 'इंटरेक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट' कार्यक्रम में शामिल हुए। इस सेशन में उन्होंने कहा कि जापान का प्राचीनकाल से आधुनिक काल तक बहुत समृद्ध इतिहास रहा।

जापान की उद्यमशीलता को नमन करता हूं, जिसकी बदौलत आज जापान की विश्व के सामने अलग पहचान है। जापान गौतम बुद्ध की हजारों साल पुरानी परंपरा के साथ भारत से जुड़ा हुआ है। जो आज विशिष्ट जीवनशैली और औद्योगिक शैली के साथ आर्थिक युक्ति से संपन्नता पाने वाला देश है। अपने संबोधन में सीएम डॉ यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के साथ भी जापान के व्यवसायिक दृष्टि से मजबूत संबंध है। मध्यप्रदेश से आज जापान को एल्युमिनियम, कार्बनिक रसायन, बायलर, मशीनरी, फार्मास्युटिकल उत्पाद समेत कई वस्तुओं का निर्यात किया जा रहा है। 2023-24 में मध्यप्रदेश से जापान को 92.8 मिलीयन डॉलर का निर्यात किया गया। साथ ही मध्यप्रदेश में जापान के मैंन्युफैक्चरिंग से जुड़े कई उद्योग संचालित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था एक दशक में तीन गुना बढ़ी है, जिसे पांच साल में दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। पूंजीगत समेत सरकारी व्यय 19 प्रतिशत तक बढ़ा है जो राज्य की उन्नति का द्योतक है। समग्र रुप से करीब 65 हजार करोड़ का निर्यात किया है। उन्होंने



कहा कि विश्व के कई देशों के निवेशकों की मध्यप्रदेश के प्रति रुचि बढ़ी है। हमारी सरकार एनर्जी सेक्टर, माइनिंग, एजुकेशन, स्वास्थ्य समेत कई सेक्टर के लिए नई पॉलिसी बना रही है, जिससे निवेश के लिए अनुकूल माहौल बना। उन्होंने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि नीति से अलग भी अगर निवेशक कोई बदलाव और सुविधा चाहेंगे तो सरकार खुले मन से उन्हें मदद करेगी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में फूड, आईटी पार्क, मसाले, मेडिकल डिवाइस, सोलर इक्यूपमेंट, प्लास्टिक, फुटवियर, फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल्स, ईवी, गारमेंट यूनिट, सेमीकंडक्टर पार्क समेत कई क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं।

खासतौर पर लॉजिस्टिक, गारमेंट, खाद्य प्रसंस्करण, ईवी, आईटी के क्षेत्र में हमारी पॉलिसी बड़े निवेशकों को आकर्षित कर रही है। मध्यप्रदेश की अच्छी नीति और नीयत के बलबूते सभी तरफ से व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा फोकस स्किल डेवलपमेंट पर है। प्रदेश में बड़ी संख्या में आईटीआई, पॉलिटेक्निक कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज संचालित हो रहे हैं जहां पर बौद्धिक क्षमता के युवा उपलब्ध हैं। जापान और मध्यप्रदेश मिलकर इन युवाओं को तकनीकि और कौशल ज्ञान प्रदान कर सकते हैं। खासतौर पर इंजीनियरिंग, मेडिकल हेल्थ समेत कई क्षेत्रों में युवाओं को मौका मिल सकता है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भोपाल में ग्लोबल इंवेस्टर समिट का उद्घाटन करने वाले हैं। 24-25 फरवरी को इन सभी क्षेत्रों में निवेश की जानकारी देने के लिए सेमिनार होंगे, जहां निवेश की संभावना पर चर्चा होगी। इससे पहले मध्यप्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी राघवेन्द्र सिंह और डॉ राजेश राजौरा ने प्रजेंटेशन के माध्यम से मध्यप्रदेश की आर्थिक उन्नति के साथ प्रदेश में निवेश की संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

# हनी ट्रैप केस-अब सबूतों के आधार पर आरोप साबित करेगी पुलिस

**इंदौर।** वर्ष 2019 में इंदौर में सिटी इंजीनियर हरभजन सिंह की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया था और इस मामले में आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। इस बहुचर्चित हनी ट्रैप में कई राजनेता व वरिष्ठ अफसरों के नाम है,लेकिन शिकायतकर्ता सिर्फ एक ही सामने आया था। मध्य प्रदेश के चर्चित हनी ट्रैप केस में कोर्ट ने आरोप तय कर दिए है, लेकिन इस बीच फरियादी इंदौर नगर निगम के निलंबित सिटी इंजीनियर हरभजन सिंह की मौत हो चुकी है, हालांकि इससे केस पर कोई असर नहीं पड़ेगा। अब पुलिस को सबूतों व गवाहों के आधार पर आरोप साबित



करना होगा। पुलिस के पास सबसे बड़ा सबूत वह सीडी है, जो पुलिस ने आरोपियों के पास से जब्त की थी। कोर्ट द्वारा तय आरोपों को आरोपियों के वकील ने मानने से इनकार कर दिया है। अब हनी ट्रेप मामले में सुनवाई लगातार जारी रहेगी। अब अगली सुनवाई आठ फरवरी को होगी। कोर्ट ने सभी आरोपियों को उपस्थित रहने के लिए कहा है। आपको बता दे कि वर्ष 2019 में इंदौर में सिटी इंजीनियर हरभजन सिंह की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया था और इस मामले में आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। इस बहुचर्चित हनी ट्रैप में कई राजनेता व वरिष्ठ अफसरों के नाम है,लेकिन शिकायतकर्ता सिर्फ एक ही सामने आया था।

पुलिस ने एक आरोपी की शिकायत पर हरभजन के खिलाफ भी रेप का केस दर्ज किया था। इसके बाद हरभजन को नगर निगम ने निलंबित कर दिया था। हरभजन तीन साल से रीवा स्थित अपने पैतृक निवास में ही रहता था। इस मामले में दर्ज प्रकरण में छह महिलाएं और दो पुरुष शामिल है। आरोपी आरती दयाल और मोनिका ने हरभजन के जरिए अपने रिश्तेदारों को नगर निगम के ठेके दिलावाए थे। हरभजन को विजय नगर क्षेत्र के एक होटल में मोनिका ने बुलाया था और वहां शारीरिक संबंध बनाते समय हरभजन की सीडी भी तैयार कर ली गई थी। उसके आधार पर हरभजन को ब्लैकमेल कर रुपये मांगे जा रहे थे। 50 लाख रुपये आरती और मोनिका इंदौर लेने आई थी। तब हरभजन की शिकायत पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया था। उसके साथ आया ड्राइवर भी गिरफ्तार हुआ था।

### खड़गे और रेवंत के बयानों पर बीजेपी हमलावर

# कांग्रेस सुप्रीमो के खिलाफ बी.जे.वाई.एम का प्रदर्शन

**भोपाल।** सोमवार को भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली महू में कांग्रेस ने जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली आयोजित की। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के बयानों पर बीजेपी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। खड़गे ने कुंभ स्नान पर एक बयान दिया, जिसे लेकर बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने महू के रोशनपुरा चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया। तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने प्रधानमंत्री मोदी की तुलना मुहम्मद गजनी से की, जिस पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने तीखा पलटवार किया। महू में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे



ने कहा- क्या गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी दूर होती है? क्या इससे खाना मिलता है? उन्होंने यह भी कहा कि वह किसी की धार्मिक आस्था का अपमान नहीं करना चाहते और अगर किसी को दुख हुआ हो, तो माफी मांगते हैं। खड़गे ने आगे कहा- जब बच्चा भूखा मर रहा है, स्कूल नहीं जा रहा, मजदूर को मजदूरी नहीं मिल रही, तब कुछ लोग हजारों रुपए खर्च कर के प्रतियोगिताओं में डुबकी लगाते हैं। जब तक टीवी पर अच्छा दृश्य नहीं आता, तब तक ये लोग डुबकी मारते रहते हैं। ऐसे लोगों से देश की भलाई नहीं हो सकती। महू में आयोजित कांग्रेस की रैली को संबोधित करते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, महमूद गजनवी ने हिंदुस्तान को लूटने की कोशिश की थी, ठीक वैसे ही मोदी जी संविधान को बदलने और आरक्षण को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। रेवंत रेड्डी ने आगे कहा, मैंने इतिहास में महमूद गजनवी के बारे में पढ़ा था, जो हिंदुस्तान को लूटने और अपने कब्जे में लेने के लिए बार-बार कोशिश करता था। वैसे ही मोदी जी संविधान बदलने और आरक्षण रद्द करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनकी ये कोशिशें सफल नहीं होंगी।

### भोपाल में अनुवाद कौशल कार्यशाला का आयोजन

**भोपाल।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के भोपाल परिसर में सोमवार को पांच दिवसीय अनुवाद कौशल कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की भारतीय भाषा समिति के अकादमिक समन्वयक डॉ. गिरिधर राव उपस्थित रहे। डॉ. राव ने अपने संबोधन में अनुवाद कौशल के महत्व पर प्रकाश डाला और इसे वैदिक वाङ्मय एवं भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़कर समझाया। उन्होंने कहा कि अनुवाद कौशल सभी के लिए आवश्यक है, जिससे हिंदी और अन्य भाषाओं के ग्रंथों को संस्कृत में अनूदित किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे साहित्य विद्याशाखा के समन्वयक प्रो. सनंदन कुमार त्रिपाठी ने अनुवाद की विभिन्न विधियों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस पांच दिवसीय कार्यशाला में विशेष महत्वपूर्ण ग्रंथों के अनुवाद का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### एमपी के सबसे लंबे फ्लाईओवर पर होंगे 2 बदलाव

# थर्ड आर्म पर लगेंगे सिग्नल, टाइमिंग बढ़ेगी

**भोपाल।** भोपाल में एमपी के सबसे लंबे डॉ. भीमराव अंबेडकर फ्लाईओवर (गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर तक) पर पीडब्ल्यूडी 2 बड़े बदलाव करने जा रहा है। पहला थर्ड आर्म पर सिग्नल और दूसरा शौर्य स्मारक चौराहे पर सिग्नल की टाइमिंग बढ़ाना। गणेश मंदिर के पास डिवाइडर नहीं हटेगा। पुलिस ने डिवाइडर हटने की स्थिति में एक्सीडेंट होने की संभावना जताई है। 23 जनवरी को इस ब्रिज का लोकार्पण हुआ था। ष्टरू डॉ. मोहन यादव ने ब्रिज का उद्घाटन कर इसे जनता को समर्पित कर दिया था। इसके बाद एमपी नगर की मुख्य सड़क से गुजरने वाला 60त्न ट्रैफिक ब्रिज पर डायवर्ट हो गया है। जिससे जाम से बड़ी राहत मिली है। मुख्य रोड पर सिटी बसें, ऑटो, ई-रिक्शा, टैक्सी समेत वे ही गाड़ियां दिखाई दे रही हैं, जो एमपी नगर के



अलावा न्यू मार्केट, आईएसबीटी, रायसेन रोड, अवधपुरी, अयोध्या बायपास की ओर आ-जा रही हो। दूसरी ओर, ब्रिज पर 3 ऐसी बड़ी चुनौतियां हैं, जो लोगों को भारी पड़ रही है। पीडब्ल्यूडी ने इन चुनौतियों को दूर करने की बात कही है।

ब्रिज की लंबाई पौने 3 किमी है, जो गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर तक जाता है। एक लेन अरेरा पहाड़ी (शौर्य स्मारक चौराहा) तक जाती है। जब ये तीनों लेग एक-दूसरे से जुड़ती हैं तो यहां पर सिग्नल नहीं लगे हैं। ऐसे में तेज रफ्तार में टर्न लेने पर गाड़ियां एक-दूसरे से टकरा रही है। यहां रोटरी और सिग्नल दोनों की जरूरत है। इस बारे में एक्जीक्यूटिव इंजीनियर (ब्रिज) जावेद शकील ने बताया, ब्रिज की थर्ड आर्म पर सिग्नल लगा रहे हैं। इसी सप्ताह सिग्नल लगा दिए जाएंगे। फ्लाईओवर का एक सिरा गणेश मंदिर पर उतरता है। इसके आगे वीर सावरकर ब्रिज है। पहले सड़क के बीच में डिवाइडर नहीं बना था। इसलिए लोग राइट टर्न लेकर अरेरा कॉलोनी, 10 नंबर मार्केट, बिट्?ठन मार्केट, कोलार रोड, शाहपुरा की ओर मुड़ जाते थे, पर अब बीचोंबीच डिवाइडर बना दिया गया है। ऐसे में इन जगहों पर जाने के लिए वीर सावरकर ब्रिज होते हुए आना पड़ रहा है।

इससे करीब 2 किमी का अतिरिक्त फेरा लग रहा है। मंदिर के पास सिग्नल लगाकर ट्रैफिक को रोका जा सकता है। इसे लेकर पीडब्ल्यूडी ने पुलिस से सुझाव मांगा था। ईई शकील ने बताया, डिवाइडर हटने की स्थिति में एक्सीडेंट हो सकते हैं। पुलिस ने डिवाइडर नहीं हटाने का सुझाव दिया है। ब्रिज की कुल 3 लेग है।

### नाबालिग को बेचने के मामले में 6 आरोपी गिरफ्तार

# भोपाल में ऑटो चालक ने अकेला देख किशोरी से की ज्यादती, फिर बेच दिया

**भोपाल।** भोपाल से 15 साल की नाबालिग को दो लाख रुपए में बेचने के मामले में पुलिस ने पति-पत्नी सहित कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी पति-पत्नी पहले भी अनैतिक देह व्यापार के मामले में गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इधर, बच्ची ने पुलिस की पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। घटना की रात एक ऑटो चालक ने उसे अकेला देख मदद के नाम पर अपने पास रखा और ज्यादती की। बाद में अशोक नगर में रहने वाले एक युवक को दंपती की मदद से बेच दिया था। जांच में सामने आया है घर से भागी नाबालिग सुनसान इलाके में



भटकती हुई ऑटो चालक सलमान को मिली थी। मदद के बहाने आरोपी उसे होटल लेकर पहुंचा और यहां गलत काम किया। ऑटो चालक ने नाबालिग को मानव तस्करों तक पहुंचाया था। सलमान ने बच्ची से ज्यादती के बाद उसे आरोपी आशुतोष और महक के हवाले कर दिया। दोनों ने शोभाराम के जरिए नाबालिग को अशोकनगर में बेच दिया था। सभी आरोपी आपस में पूर्व परिचित हैं। जांच में एक-एक कर सभी आरोपियों के नाम सामने आए। पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दो को जेल भेज दिया है। जबकि चार आरोपियों को सोमवार को 6 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस को दिए बयान में नाबालिग ने बताया कि 2022 में मां की मौत के बाद वह मामा के साथ उनके घर में रहने लगी थी। जहां मामा अकेलेपन का फायदा उठाकर उसके साथ गलत काम करता था। इससे तंग आकर उसने घर छोड़ने का फैसला लिया था।

# शहर का पहला स्वच्छता गीत 'मत करो न यार' का पोस्टर विमोचन, पशुपालन मंत्री और पूर्व वित्तमंत्री रहे मौजूद




**दमोह।** गीत के माध्यम से लोगों को कचरा न करने पान-गुटखा खाकर यहां वहां न थूकने सहित कई प्रकार से शहर को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया जाएगा। इस गीत के बोल मत करो न यार, शहर हमारा है के तहत विनम्र भाव से शहर वासियों से निवेदन किया गया है। दमोह शहर के पहले स्वच्छता गीत मत करो न यार का पोस्टर विमोचन मानस भवन में आयोजित लोक उत्सव पर्व भारत पर्व कार्यक्रम के दौरान किया गया। पशुपालन राज्यमंत्री लखन पटेल के द्वारा यह विमोचन किया किया गया। इस मौके पर पूर्व वित्तमंत्री और दमोह विधायक जयंत मलैया कलेक्टर सुधीर कोचर के साथ एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी भी मौजूद रहे।

मत करो न यार गीत को ओम शिव शक्ति फिल्मस के निर्माता निर्देशक दमोह जिले के युवा बॉलीवुड सिनेमैटोग्राफर हरीश पटेल ने मुंबई से रिकॉर्ड करवाया है।

### केंद्रीय संग्रहालय में आज से शुरू होगी प्रदर्शनी

**इंदौर।** इंदौर में 6 दिवसीय दुर्लभ अभिलेखों और छायाचित्रों की प्रदर्शनी लगेगी। 28 जनवरी से इसकी शुरुआत होगी। संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय मध्यप्रदेश भोपाल के द्वारा ये आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी में तत्कालीन राजनैतिक घटनाएं, इंदौर शहर का नक्शा, होलकर राज परिवार का वंशवृक्ष सहित कई दस्तावेज और शासकों के फोटो देखने को मिलेंगे। प्रदर्शनी का शुभारंभ मंगलवार को विधायक उषा ठाकुर करेंगी। 28 जनवरी से शुरू होने वाली यह प्रदर्शनी 2 फरवरी तक केंद्रीय संग्रहालय में देखने को मिलेगी।

### भोपाल के फिटजी सेंटर में पेरेंट्स का प्रदर्शन

# 12 करोड़ से अधिक फीस लौटाने का मामला; संस्थान के मालिक की गिरफ्तारी की मांग

**भोपाल।** भोपाल के फिटजी कोचिंग सेंटर के बाहर मंगलवार को अभिभावकों ने जमकर नारेबाजी की। अभिभावकों की मांग है कि जल्द से जल्द कोचिंग संस्थान के मालिक डीके गोयल को गिरफ्तार किया जाए। साथ ही उसका बैंक अकाउंट सीज कर अभिभावकों के सारे पैसे लौटाए जाए। इस दौरान अभिभावकों ने कोचिंग संस्थानों के खिलाफ एक सख्त गाइडलाइन बनाने की भी मांग की है,




ताकि आगे से कोई भी कोचिंग संस्थान ऐसी धोखाधड़ी न कर सके। पेरेंट्स अखिलेश अग्रवाल ने बताया कि हमने इसको लेकर कलेक्ट्रेट और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मगर हमें अभी तक प्रशासन या पुलिस की तरफ से कोई भी जवाब नहीं मिला है। बता दें कि इससे चार दिन पहले भी यह पेरेंट्स फिटजी इंस्टीट्यूट पर पहुंचे थे।

अखिलेश अग्रवाल ने बताया कि उनका बेटा पिछले चार साल से फिटजी का इंटीग्रेटेड कोर्स कर रहा था। क्लास 9 और 10 सुचारू रूप से चलीं। लेकिन दिसंबर के पहले सप्ताह में जानकारी मिली कि फिटजी कोचिंग बंद

# 'जय संविधान' कार्यक्रम में बोले राहुल, आरक्षण को 50 फीसदी से ज्यादा करेंगे

भोपाल। महू में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने कहा था कि अगर हमारी 400 सीटें आएंगी तो हम संविधान बदल देंगे। उनके इस बयान पर हम उनके सामने खड़े हुए। लोकसभा में 400 पार छोड़ो उन्हें सदन में मत्था टेककर घुसना पड़ा। राहुल गांधी ने कहा कि जिस दिन ये संविधान खत्म हो जाएगा, उस दिन देश के गरीबों के लिए कुछ नहीं बचेगा। दलितों-आदिवासियों-पिछड़ों के लिए देश में कुछ नहीं बचेगा। इनका यही लक्ष्य है। उन्होंने आगे कहा कि आंबेडकर जी, महात्मा गांधी जी, भगवान बुद्ध, ज्योतिबा फूले जी और हिन्दुस्तान के जो महापुरूष है, उनकी सोच उनकी आवाज इस संविधान में है। वहीं राहुल गांधी ने कहा कि आरक्षण को 50 फीसदी से ज्यादा किया जाएगा। कांग्रेस की सरकार आने पर लोकसभा और राज्यसभा में बिल पास कराकर 50 फीसदी की रेखा को हटाया जाएगा। राहुल गांधी ने संघ प्रमुख पर हमला बोलते हुए कहा कि कुछ दिन पहले आरएसएस के नेता मोहन भागवत ने कहा कि भारत को 15 अगस्त 1947 को आजादी नहीं मिली, वो झूठी आजादी थी, असली आजादी तो मोदी जी के आने के बाद मिली थी। राहुल गांधी ने कहा कि ये सीधा संविधान पर आक्रमण है।

वहीं उन्होंने आगे कहा एक बात याद कीजिए और भूलिए मत जिस



दिन ये संविधान खत्म हो गया, उस दिन हिन्दुस्तान के गरीब लोगों के लिए, दलितों के लिए, आदिवासियों के लिए, पिछड़ों के लिए, अल्पसंख्यकों के लिए देश में कुछ नहीं बचेगा। मोदी सरकार का लक्ष्य यही है। राहुल गांधी ने आगे कहा कि दो तीन अरबपतियों को सारे के सारे कांट्रेक्ट दे देते है। अदाणी और अंबानी जैसे लोगों को भारत का पूरा का पूरा धन पकड़ाया जा रहा है। इस संविधान में कहा लिखा कि भारत का धन अडानी के हवाले कर दिया जाए। संविधान में लिखा कि हिन्दुस्तान के सारे के सारे नागरिक एक समान है।

राहुल गांधी ने कहा कि आज 50 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी भारत में है। यहां के अरबपति अरबों रुपये अपने बेटे की शादी में खर्चा कर देते हैं। कोई दस करोड़ की घड़ी पहनता है तो कोई 15 करोड़ की घड़ी पहनता है, मगर आपको अपने बच्चे की शादी करवानी हो तो कर्जा लेना पड़ता है। उन्होंने कहा एक बात भूलिए मत, जितना धन अदाणी और अंबानी के पास जाएगा, उतना कम रोजगार आपके बच्चों को मिलेगा। राहुल ने कहा कि जो नोटबंदी इन्होंने की, जो जीएसटी लागू की, ये हिन्दुस्तान के गरीब लोगों को खत्म करने के औजार है। ये योजना नहीं ये हथियार है। उन्होंने कहा कि जीएसटी कौन देता है, जीएसटी अरबपति नहीं देते हैं। जीएसटी हिन्दुस्तान के गरीब लोग देते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि लाखों करोड़ों रुपये आपके जेब से निकाला जाता है।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादक: अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल
जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# डीएम ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



**सीतापुर ।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। जिलाधिकारी ने ओ0पी0डी0, भर्ती वार्ड, आई0सी0यू0, एन0आर0सी0, सर्जिकल वार्ड, आपरेशन कक्ष, सी0टी0 स्कैन कक्ष, एक्सरे वार्ड, ई0एन0टी0 वार्ड, टेलीमेडिसिन सेवा कक्ष, साथिया केन्द्र काउंसलिंग कक्ष, आर0बी0एस0के0 यूनिट, इमरजेंसी वार्ड, ब्लड बैंक आदि वार्डों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। सभी चिकित्सकों एवं कार्मिकों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। निर्धारित ड्यूटी स्थल पर अनुपस्थित पाये जाने पर डा0 अरशद जमाल, डा0 रवि शेखर श्रीवास्तव, डा0 कुलदीप शुक्ला एवं डा0 राकेश श्रीवास्तव के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुये कहा कि यदि कोई चिकित्सक अथवा कार्मिक ड्यूटी में लापरवाही करता पाया जायेगा तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कठोर विभागीय कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने सभी चिकित्सकों, सिक्योरिटी गार्ड एवं अन्य स्टॉफ को निर्देश दिये कि वह अपना पहचान पत्र प्रदर्शित रखें। सभी ओ0पी0डी0 कक्षों एवं अन्य कक्षों पर संबंधित चिकित्साधिकारी का फोटोयुक्त नाम पट्टिका अवश्य प्रदर्शित रखा जाये। उन्होंने कहा कि मरीजों को व्यवस्थित रूप से देखने हेतु पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित कराये जाये। एक्सरे, अल्ट्रसाउण्ड आदि सेवाएं नियमानुसार मरीजों को उपलब्ध करायी जायें एवं उन्हें आवश्यक जानकारियां भी समय से दी जायें। जिला चिकित्सालय में पी0पी0पी0 मॉडल पर संचालित सी0टी0 स्कैन सेवा को भी जिलाधिकारी ने देखा। ब्लड बैंक के निरीक्षण के दौरान उन्होंने ब्लड सेपरेटर यूनिट तत्काल संचालित कराये जाने के निर्देश दिये। ई-संजीवनी एप के माध्यम से टेलीकन्सल्टेशन सेवा में सुधार हेतु जिलाधिकारी ने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि निर्धारित मानकों को पूरा करते हुये एन0आर0सी0 को नई बिल्डिंग में तत्काल स्थानान्तरित कराये जाने के निर्देश दिये। भर्ती मरीजों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने हेतु भी जिलाधिकारी ने निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय चैकी पर भी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 इन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस पर गरीबो को बांटे कम्बल

**सिधौली -सीतापुर।** स्थानीय तहसील अंतर्गत नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर कहीं निराश्रित, गरीब,निरीह वृद्धा महिलाओं -पुर्षो को कम्बल वितरित किए गये तो कहीं खिचड़ी भोज कार्यक्रमो का आयोजन हुआ वहीं पूरा दिन विधायक मनीष रावत विद्यालयों में मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते नजर आए। कस्बे में गणतंत्र दिवस के अवसर पर महमूदाबाद चैराहे पर मस्जिद के सामने जमीयत उलेमा-ए-हिंद समित द्वारा कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का अंग वस्त्र देकर सम्मान किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी कपूर कुमार ने कहा कि गरीबों व निराश्रितों की सेवा सबसे बड़ी सेवा है इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष गंगाराम राजपूत, संजय सिंह, हाजी वहाजुद्दीन,मौलाना सईदुर रहमान, मौलाना अब्दुल करीम, हाफिज मोहम्मद असलम, करी निमतुल्लाह, मौलाना सफीक सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।चंद्रमौलि आश्रम पर 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आश्रम की ओर से सामूहिक रामचरितमानस के सुन्दरकाण्ड का पाठ कर के तहरी भोज का आयोजन किया गय जहां कानपुर, लखनऊ, सीतापुर, महमूदाबाद और सिधौली आदि क्षेत्रों से कई गणमान्य लोग वहां पर पधारे और बाबा श्री चंद्रमौलि महादेव जी के दर्शन करके तहरी को प्रसाद के रूप में प्राप्त किया । आश्रम के सचिव मुकेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 26 वर्षों से गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष कार्यक्रम आयोजित किए जाते है । आश्रम पर सनातन धर्म एवं मनोरंजन के मिश्रण की सेवा करी जा रही है । अध्यात्म के लिए बाबा भोलेनाथ जी का धाम है। और स्वस्थ मनोरंजन के लिए खेलने हेतु छोटा सा स्विमिंग पूल, आउटडोर ध्इंडोर खेल खेलने की व्यवस्था है । आने वाले समय में आश्रम से कन्याओं के विवाह, मुंडन, जन्मदिवस इत्यादि मांगलिक उत्सावों के आयोजन किये जायेंगे इस अवसर सचिव मुकेश मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार, ओमकार सिंह यादव , मनोज पासवान, अनुज कुमार यादव , सत्यम पटेल , जसवंत ,मंजीत यादव , ए के विश्वकर्मा, सुरेंद्र वर्मा , कुलदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया



**सीतापुर।** योग कक्षा पतंजलि द्वारा संचालित शहीद भगत सिंह पार्क में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा के समक्ष गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि जनपद प्रतापगढ़ गड़वाड़ा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह विमल जमुना उषा महावर संगीता पांडे राधा त्रिपाठी कमलेश अस्थाना साधना मालती आदि मातृशक्ति द्वारा ध्वजारोहण किया गया।इस दौरान राष्ट्र के नाम हवन यज्ञ अतुल त्रिपाठी द्वारा किया गया।कार्यक्रम मे नवल किशोर जमुना पतंजलि भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी नीरज वर्मा ने राष्ट्र के नाम संबोधन किया। उसके बाद राय साहब रामाश्रय शर्मा मास्टर साहब सरवन बाजपेई द्वारा राष्ट्र के नाम संबोधन किया गया तत्पश्चात मातृशक्ति द्वारा राष्ट्रभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया।वही बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया जिसमें प्रतिभाग लेने वाले अश्वनी त्रिपाठी आभा उत्कर्ष खुशी परी आदि बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और मुख्य योग शिक्षक संदीप सिंह द्वारा सामूहिक योग अभ्यास कराया गया। इस मौके पर श्याम नारायण वर्मा मोहन सिंह अश्वनी आदित्य भारतीय रामसनेही समरपाल उपस्थित रहे।

### बच्ची छीनकर विवाहिता को घर से निकाला

**सकरन ( सीतापुर )।** जनपद के सकरन थाना क्षेत्र में दहेज में बाइक न मिलने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को पीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की चार माह की बच्ची को भी ससुरालीजनों ने छीन लिया। थक हारकर पीड़िता ने पुलिस से मदद मांगी। थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त थानान्तर्गत ग्राम इटौवा गांव निवासी रामलोटन ने अपनी पुत्री सावित्री (23) की शादी दो वर्ष पूर्व धनपुरिया गांव निवासी सोनू के साथ की थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुरालीजन दहेज में बाइक की मांग करने लगे। सावित्री ने चार माह पूर्व एक बच्ची को जन्म दिया। इसके बाद और प्रताड़ित किया जाने लगा। रविवार को बच्ची छीनकर पीड़िता को ससुराल से भगा दिया गया। सावित्री ने चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।

### पंचायत सहायक ने तहरीर देकर लगाया अभद्रता का आरोप

**सीतापुर।** खैराबाद थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत ब्रद्रीपुर मंसूरपुर की महिला पंचायत सहायक आशा देवी ने थानाध्यक्षत खैराबाद को शिकायत पत्र देकर संदीप मिश्रा पुत्र सत्य प्रकाश मिश्रा पर अभद्रता व पति के साथ मारपीट का आरोप लगाया बताते चले कि पंचायत सहायक आशा देवी पत्नी हीरालाल ग्राम बेनियापुर थाना खैराबाद ने थानाध्यक्ष खैराबाद को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया कि वह ग्राम पंचायत की ग्राम इसौली पण्डित पुरवा में स्थित पंचायत भवन में कार्यरत है व पंचायत भवन की सम्पूर्ण जिम्मेदारी पीड़िता के पास है। पूर्व निर्धारित समय के अनुसार गणवतंत्र दिवस के अवसर पर पीड़िता पंचायत भवन पहुंची व निर्धारित कार्यक्रमों को सम्पूर्ण कराया। कार्यक्रम के मध्य ही संदीप मिश्रा पुत्र सत्य प्रकाश मिश्रा मोहल्ला माखूपुर थाना खैराबाद अपनी कार लेकर आये व पंचायत भवन के अन्दर गाड़ी खड़ी कर दी। पीड़िता द्वारा पंचायत भवन के अन्दर गाड़ी खड़ी किये जाने का विरोध किया गया लेकिन विपक्षी द्वारा गाड़ी को यथा स्थित खड़ा रखा कार्यक्रम सम्पूर्ण होने के बाद जब पीड़िता ने गाड़ी बाहर निकालकर गेट बंद करने की बात विपक्षी से कहीं तो विपक्षी उग्र होकर पीड़िता आशा देवी से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए बतमीजी करते हुए मारने का प्रयाय किया

# कादीनगर में कर्पूरी ठाकुर पार्क का सांसद ने किया लोकार्पण



**सीतापुर ।** विकास खण्ड मिश्रित के गांव कादीनगर में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शिक्षाविद ,सरलता, सादगी एवं ईमानदारी के प्रतीक , बिहार राज्य के दो बार मुख्यमंत्री रहे नाई समाज के गौरव भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर पार्क का लोकार्पण क्षेत्रीय सांसद अशोक कुमार रावत के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ । इस कार्यक्रम के बाद सरोजनी सियाराम बाबूराम नंद इंटर कार्ड में कक्ष एवं बाउंड्री वाल का भी लोकार्पण किया गया । इस मौके पर विद्यालय के बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी लगाई । सांसद अशोक रावत जी ने उपस्थित छात्रों , अभिभावकों एवं आम जनता को संबोधित करते हुए कहा की जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के आदर्शों पर चलकर हम अपने राष्ट्र को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में ला सकते हैं । उनका जीवन चरित्र प्रासंगिक है । वर्तमान में सबके लिए अनुकरणीय भी है । उनकी स्मृति में कादीनगर में पार्क का निर्माण कराया जाना सरकार की उपेक्षित एवं पिछड़े तथा सर्व समाज के महापुरुषों को सम्मान देने की दृष्टि उजागर होती हैं । उन्होंने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न से अलंकृत कर एक सादगी और सरलता तथा ईमानदारी की विचारधारा को सम्मान देने का काम किया है । उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी में जो मांडल प्रस्तुत किए हैं । वह बहुत ही सराहनीय है । इस मांडल प्रदर्शनी में प्रथम द्वितीय तृतीय विजेताओं को मेडल प्रशस्ति पत्र तथा ट्राफी देकर सम्मानित किया । उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए इस इंटर कालेज में कृषि विज्ञान वर्ग की मान्यता तथा इसे डिग्री कालेज करवाए जाने के लिए हम प्रयास करेंगे । ताकि क्षेत्र के बालक बालिकाएं स्थानीय स्तर पर ही उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य का स्वर्णिम निर्माण कर सके । इस अवसर पर भाजपा नेता , कालेज के संचालक देवेंद्र नंदवंशी द्वारा सांसद जी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया । कार्यक्रम संचालक देवेंद्र नंदवंशी ने कालेज में सांसद जी के पूज्य पिता स्वर्गीय श्री गोवर्धन लाल वर्मा एवं पूज्नीया माता स्वर्गीय श्रीमती मीना देवी की पुण्य स्मृति में कक्षों का नामकरण करने की घोषणा की । इस अवसर पर गन्ना समिति रामगढ़ के अध्यक्ष राम गोपाल अवस्थी , मछरेहटा के ब्लाक के पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रवीण सिंह , मिश्रित के खंड विकास अधिकारी अवध प्रताप सिंह , सहायक विकास अधिकारी अमित चतुर्वेदी , सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सोनी , रंजीत रावत , प्रधान सरोज कश्यप , रोजगार सेवक अमित यादव , प्रधान हरजीत गौतम , प्रधान ज्ञानेंद्र यादव , पंचायत सचिव हरीश कुमार सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे ।

# भाजपा सक्रिय सदस्य के पदाधिकारियों ने किया झंडारोहण



**सीतापुर।** भाजपा सक्रिय सदस्य के पदाधिकारियों ने 76 वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहर के चैधरी टोला के होली पार्क में ध्वजारोहण भाजपा जिला महामंत्री पिछड़ा मोर्चा अशोक राठौर व अधिवक्ता पूनम मिश्र द्वारा किया गया इसके उपरांत सभी ने नारे भी लगाए इस अवसर पर जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग महेंद्र बंगाली, मनीष पांडेय, विनोद त्रिपाठी, अनीत मिश्र, राकेश चंद्र गुप्ता पिंकू, विनोद गिहार सभासद, विष्णु वर्मा सभासद, किशोरी लाल कश्यप, सभासद, विजय शुक्ला, आकाश राय, रिजवान अहमद सभासद, श्याम लाल कनौजिया, संतोष कुमारी गुप्ता, नीरज राजवंशी, रूपा राजवंशी, कृष्णा राठौर, पंकज मिश्रा, सत्यम त्रिवेदी, अमित गुप्ता, राम नरेश मिश्र, विवेक गुप्ता, आशा राम भास्कर, मुदस्सर खान, अजमत, पुत्री लाल, आशुतोष दीक्षित, गुड़िया वर्मा, सरदार हर पेज सिंह, रामबाबू श्री वास्तव, श्रवण निषाद, शशिकन्ति तिवारी, सत्यम श्रीवास्तव, सतीश कुमार, रामजी गिहार, राजू पटवा, ममता डोडेजा, मधु श्रीवास्तव आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अँगूठा से कलम तक अभियान में शामिल नागरिकों को किया गया सम्मानित




**सीतापुर ।** बेसिक शिक्षा विभाग के जरिये चलाए जा रहे साक्षरता अभियान के तहत ग्राम पंचायत देना के मजरा तकिया में पन्द्रह साल से ज्यादा उम्र के निरक्षरों को साक्षर बनाने का अभियान तेज गति से चल निकला है। तकिया में 12 महिलाओं समेत कुल 19 निरक्षर, साक्षर होने के अभियान में शामिल हैं। जिनमें से पाँच लोगों ने अपना नाम लिखना सीख भी लिया है। इस बात की जानकारी स्वयं सेवी केन्द्र संचालक अख्तर अली ने उच्च प्राथमिक विद्यालय देना के प्रधानाध्यापक खुश्तर रहमान खाँ को दी है।उधर दूसरी तरफ देना गाँव में निरक्षर नागरिकों को साक्षर बनाने का बीड़ा नवनीत कुमार ने उठाया है। उन्होनें आश्वस्त किया है कि जल्द ही उनके द्वारा 15 वर्ष से ऊपर के निरक्षरों का चिन्हांकन कर उन्हें साक्षर बनाने का काम शुरू कर दिया जायेगा। याद रहे कि नवनीत कुमार और अख्तर अली दोनों ही उच्च प्राथमिक विद्यालय के पुरातन छात्र हैं। इस बात से खुश होकर यूपीएस देना के प्रधानाध्यापक खुश्तर रहमान खाँ ने आज गणतन्त्र दिवस के अवसर पर निक्षरों को साक्षर बनाने की मुहिम चला रहे स्वयं सेवी अख्तर अली और नवनीत कुमार को गणतन्त्र दिवस समारोह में नागरिक सम्मान देकर कर उन्हें पुरस्कृत करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया, साथ ही निरक्षर से साक्षर की श्रेणी में शामिल हुए लोगों को भी पुरस्कुत कर उनका उत्साहवधर्सन किया गया। प्रधानाध्यापक ने इस मुहिम को समाज के उत्थान और आत्मनिर्भर बनाने के लिये मील का पत्थर बताते हुए दिशा में हर सम्भव मदद करते रहने का आश्वासन भी दिया है।ज्ञातव्य है कि गणतन्त्र दिवस समारोह के अवसर पर निरक्षर से साक्षर बन अपने हस्ताक्षर करना सीख गए लोगों में मोहम्मद नईम, सुश्री खुशबू, मोसिना, सायरून, परवीन के नाम शामिल हैं।

# राकेश राठौर को जल्द गिरफ्तार किया जाए भाजपा



**सीतापुर ।** महिला के साथदुष्कर्म के आरोपी सांसद की गिरफ्तारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही है इसी क्रम में महोली विधानसभा के कार्यकर्ताओं द्वारा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के । नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया इस अवसर पर महोली विधानसभा के कार्यकर्ता पदाधिकारी व जन सामान्य सर्वप्रथम राजा कॉलेज मैदान पर एकत्रित हुए और लाल बाग पहुंचकर मुख्य चैराहे पर दुष्कर्म के आरोपी सांसद राकेश राठौर का पुतला दहन किया और सांसद राकेश राठौर की गिरफ्तारी के नारे लगाए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी पीड़िता के साथ है और उसको न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है हम सभी कार्यकर्ता आरोपी सांसद कि जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग करते हैं कार्यक्रम में बोलते हुए ब्लॉक प्रमुख पिसावा मिथिलेश यादव ने बताया की बलात्कार आरोपी सांसद राकेश राठौर की गिरफ्तारी तक हम सब लगातार प्रदर्शन करते रहेंगे उन्होंने बताया कि सांसद के पद पर रहते हुए उक्त आरोपी ने बहुत घृणित कार्य किया है उसकी जल्द से जल्द गिरफ्तारी होनी चाहिए इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख महोली जगदीश राजवंशी ने भी आरोपी सांसद की गिरफ्तारी की मांग की और उसके खिलाफ कठोर दंड की भी मांग की। गन्ना समिति के अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह चैहान ने आरोपी सांसद की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष प्रथम राजन गुप्ता नगर अध्यक्ष द्वितीय पंकज पांडे कौशलेंद्र सिंह,अमित दीक्षित, पूर्व प्रधान जगदीश लोधी, , जगदीश प्रसाद लोधी, विश्राम सागर राठौर अनूप विश्वकर्मा,ओम प्रकाश शर्मा कुसुम सिंह ,इंदू सिंह, संतोष शुक्ला संतोष सिंह रामबाबू शुक्ला, सचिन मिश्रा, अभिषेक मिश्रा अशोक सिंह , ऋषभ चंद्र त्रिवेदी सहित महोली विधानसभा के जन सामान्य उपस्थित रहे।

# डेढ़ अरब से भी अधिक रकम से होगा जिले का विकास



**सीतापुर ।** जिला पंचायत सीतापुर की बैठक निर्धारित समय पूर्वान्ह 12.00 बजे कार्यालय जिला पंचायत, सीतापुर परिसर में स्थित नेहरू हाल में अध्यक्ष जिला पंचायत, सीतापुर श्रद्धा सागर की अध्यक्षता में अपर मुख्य अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता, अभियन्ता, कार्य अधिकारी एवं माननीय जिला पंचायत सदस्यगणों सहित, ब्लाक प्रमुखगण के उपस्थिति में अध्यक्ष की अनुमति से अपर मुख्य अधिकारी महोदय द्वारा प्रारम्भ करायी गयी। सदस्यगणों की उपस्थिति में एजेण्डा बिन्दु के अनुसार सर्वप्रथम गत बैठक की कार्यवाही सदन में पढ़कर सुनाई गयी। तत्पश्चात बैठक हेतु निर्धारित समस्त एजेण्डा बिन्दुओं पर विस्तृत वर्चा की गयी। साथ ही जिला पंचायत, सीतापुर का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2024-25 अंकन 1,53,10,69,452.00 रूपये (मु0 एक अरब तिरपन करोड़ दस लाख उन्हत्तर हजार चार सौ बावन रूपये)। उक्त के अतिरिक्त वर्ष 2025-26 के मूल बजट अंकन 83,07,98,555.00 को सदन में पढ़कर सुनाया गया जिला पंचायत, सीतापुर में गठित समितियों के कार्यकाल अवधारण के संबंध में तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 की 15वाँ वित्त योजनान्तर्गत टाइड फंड, अनटाइड फंड एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 की पंचम राज्य वित्त आयोग तथा विभिन्न अनुदानों की गत वर्षों की अवशेष धनराशि के सापेक्ष अनुपूरक की कार्ययोजनाएं बनाये जाने पर एवं क्षेत्र पंचायतों से प्राप्त कार्ययोजनाओं की स्वीकृति पर विस्तृत चर्चा की गयी। तत्पश्चात जिला पंचायत, सीतापुर में पूर्व से प्रचलित मानचित्र संबंधी उपविधि की दरों में वृद्धि का प्रस्ताव सर्वसम्मति से सदन द्वारा स्वीकृत के साथ-साथ जिला पंचायत सीतापुर वित्तीय वर्ष 2024-25 की विभव एवं सम्पत्ति के अन्तर्गत कर निर्धारण सूची को सदन के पटल पर रखकर पढ़ा गया, जिसकी सदन द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी।जनपद के विभिन्न विभागों के विकास कार्यों की समीक्षा सदन में उपस्थिति संबंधित विद्युत विभाग, जल निगम एवं पी0डब्लू0डी0 के अधिकारियों से सदस्यगणों द्वारा विस्तृत चर्चा की गयी।अन्त में माननीय अध्यक्ष द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यगणों एवं अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए, बैठक समाप्त करने की घोषणा की गयी।

# चीनी मिलो के वाहनों की मनमानी को नही रोक पा रहा एआरटीओ विभाग



**सीतापुर।** उपसंभागीय विभाग ओवर लोड वाहनों पर लगातार कार्यवाही कर रहा है। इसके बाद भी चीनी मिलो के भारी वाहन ओवर लोड होकर ही चलते है। यह भारी वाहन इतना ओवर लोड होते है कि आये दिन दुर्घटनाओं को अंजाम दिया करते है अब तो ओवर लोड वाहन अनियनत्रित होकर पटलने भी लगे है। इसके बाद भी मिल प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी अपने भारी वाहनों को नियमानुसार नही चलवा रहे है चीनी मिलो का हर भारी वाहन ओवर लोड होकर ही चलता है। जबकि एआरटीओ मालाबाजपेई का दावा है कि हमने मिलो के अधिकारियों से बात कर ओवर लोड वाहन न चले इसके निर्देश दिये है इसके बाद भी मिल प्रशासन अपनी लापवाही से बात नही आ रहा हैं जिसका परिणाम यह हुआ कि लहरपुर क्षेत्र की शारदा सहायक नहर रेग्युलेटर के पास एक वैकल्पिक मार्ग बनाया गया है। विगत दिवस गन्ना लादकर जा रहा एक ओवरलोड ओवर हाइट ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। लोग इसकी चपेट में आने से बच गए। सुबह तंबौर की तरफ से आ रहा गन्ने से भरा ओवरलोड ट्रक घने कोहरे व खराब मार्ग के चलते अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गया। ड्राइवर व खलासी ने ट्रक से कूद कर अपनी जान बचाई। बता दें कि लहरपुर तंबौर मार्ग पर शारदा सहायक नहर रेगुलेटर के पास किवानी नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त है। नए पुल का निर्माण जारी है। आवागमन के लिए करीब 600 मीटर वैकल्पिक मार्ग बनाया गया है। यह अब बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इसी मार्ग पर प्रतिदिन लगभग एक सैकड़ा से अधिक गन्ने से भरे ट्रक गुजरते हैं।

### बेगम प्रधान ने बांटी मिठाई

**सीतापुर।** 76वें गणतन्त्र दिवस के मौके पर परसेण्डी ब्लॉक की ग्राम पंचायत देना में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में आज परम्परागत रूप से गणतन्त्र दिवस पर ध्वजारोहण उपरान्त सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। प्रधानाध्यापक खुश्तर रहमान खाँ ने गणन्तन्त्र दिवस के महत्व और भारतीय संविधान की खूबियों पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक विमल कुमार ने किया और उपस्थित शिक्षक परवेज अख्तर अय्यूबी, किरन अवस्थी, अर्चना वर्मा, संजय कुमार के अलावा डा0 कंचन, उर्मिला, तारा देवी, एसएमसी सदस्य सूर्यपाल, रसोईया राजेश कुमार, शांति देवी, सफाई कर्मी घनश्याम समेत अन्य नलागरिकों ने लगभग 60 बच्चों को पुरस्कार देकर उनका मनोबल बढ़ाया।

# विधायक ने पीडीए चैपाल लगाकर सपा कार्यकाल में कराएं गए कार्यों की दी जानकारी



**सीतापुर।** सपा विधायक अनिल वर्मा के द्वारा विकास खण्ड लहरपुर क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में जन संवाद चैपाल का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को समाजवादी पार्टी के विधायक अनिल वर्मा के द्वारा विधानसभा क्षेत्र लहरपुर के तलबीपुर,जीतामऊ आदि गांवों में पीडीए जनसंवाद चैपाल का आयोजन किया गया। सपा विधायक अनिल वर्मा ने समाजवादी पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी, समाजवादी पार्टी की सरकार के द्वारा किए गए कार्यों के बारे में भी जनता को बताया। उन्होंने भाजपा की नीतियों का विरोध करते हुए कहा कि, आम आदमी परेशान है।भाजपा सरकार में किसानों की अपनी लागत का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है, किसान भुखमरी के कगार पर हैं, आम जनता परेशान है महंगाई चरम पर है।भाजपा की सरकार में लोगों को सरकारी नौकरी नहीं मिल रही है। सरकार सिर्फ झूठे वादे करती है अधिकारी बेलगाम है। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि प्रहलाद कुमार कन्नौजिया,कौशलेंद्र सिंह,नवनीत वर्मा, भगीरथ मौर्य,शिवनाथ कन्नौजिया,रामनाथ वर्मा,प्रधान शिवकुमार गुप्ता,नफीश मंसूरी,अली मोहम्मद, पिंकू भार्गव, लालचंद भार्गव, श्यामू कन्नौजिया कौशल पंडित,सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता का वादा सबका साथ सबका विकास का वादा हवा हवाई

## नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता गरीबों के ऊपर चला रहे हैं बुल्डोजर

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** जनपद के तहसील टांण्डा क्षेत्र नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा दरगाह में अतिक्रमण हटाने को लेकर ओमकार गुप्ता सख्त दिख रहें हैं लेकिन कार्यवाही में अपनो पर रहम– गैरो पर सितम यह कहावत चरितार्थ हो रही है। नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता आजकल अतिक्रमण हटवाने को लेकर सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहे हैं। झुग्गी झोपड़ी में दुकान रख कर अपनी जीविका चला रहे लोगों के ऊपर बुल्डोजर चलाने के फिराक में नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता आखिर यह बात कुछ हजम नही हो रही है।

**अतिक्रमण हाटाने के मामले में मीडिया पड़ताल किया तो चौंकाने वाले खुलासे आ रहें हैं :** मीडिया पड़ताल में एक चौंकाने वाली बात सामने आई है बसखारी में गुड्डू कबाड्डी के द्वारा जलालपुर रोड के पटरियों पर कबाड़ रख कर अतिक्रमण किया है उसकी खबर सोशल मीडिया से लेकर प्रिंट मीडिया तक खबर प्रकाशित हुआ लेकिन नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता के कान में जू तक नहीं रेंगा जबकि रोड की पटरियों को अतिक्रमण करने से हमेशा दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है लेकिन कभी भी नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता इस मामले पर संज्ञान नहीं लिए आखिरी क्या वजह है कि जो झुग्गी झोपड़ी में रखकर दुकान चलाने वाले को ऊपर क्रोधित हैं कहीं ऐसा तो नहीं इनकम का जरिया बनाया जा रहा है। जिस तरीके बिना प्रशासनिक अधिकारियों के अतिक्रमण हटवाने का काम कर रहे हैं ओमकार गुप्ता जिससे सिद्ध हो रहा है कि नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में लूट पाट का मन बना लिए हैं नगर पंचायत



अध्यक्ष ओमकार गुप्ता मामला यहीं नहीं खत्म हो रहा है गुड्डू कबाड्डी के द्वारा विशाल पेट्रोल पंप के निकट जो बाईपास पूर्वी चौराहा को जोड़ता है गुड्डू कबाड्डी के द्वारा उस रोड को भी अतिक्रमण कर लिया गया है लेकिन नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता को नजर नहीं आ रहा है जिससे यह साफ हो रहा है कि नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता के मन में कुछ दाल में काला है।

**मीडिया पड़ताल में एक और मामला वार्ड नंबर तीन का आया प्रकाश में :** वार्ड तीन में कुछ दिन पहले ग्रामीणों ने बयान दिया था कि तालाब गाटा संख्या 1310 की जमीन को कब्जा कर लिया गया। गौरतलब है कि उसी तालाब में वार्ड तीन के वासियों पानी जाता था जिसके संबंध में खबर भी प्रकाशित हुआ था। खबर प्रकाशित होने बाद नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता ने जो गाटा संख्या 1310 तालाब को कब्जा किया था कब्जा करने वाले को नगर पंचायत कार्यालय बुलाया लेकिन बात फस गयी कार्यवाही करने का मन तो था लेकिन नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता चहेता निकल गया बेचारे नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता करें तो क्या करें किसी तरीके से बयान बाजी करके लिपा– पोती करके फुर्सत ले लिए। आज भी वार्ड नंबर तीन के नगरवासियों के समस्या बरकरार है, नाली बन्द होने से गन्दगी में जीने को मजबूर हैं, नगर वासियों ने बताया कि तालाब अतिक्रमण होने से नाली का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर इधर-उधर बह रहा है नालियां बज– बजा रही है। वाह नगर पंचायत अध्यक्ष आपका क्या राज चल रहा है। क्या यही सब का साथ सबका विकास है। कहीं ऐसा तो नहीं कि नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता ऐसा करके सुर्खियां बटोर रहे हैं सोशल मीडिया पर क्या नगर पंचायत अध्यक्ष गुड्डू कबाड्डी जैसे रोड व वार्ड तीन में तालाब पर हुए अतिक्रमण करने वालों के ऊपर बाबा का बुलडोजर चलेगा या फिर आएंगे घुटने के बल गिरेंगे नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता अब देखना या होगा की क्या कार्रवाई होती है नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता के द्वारा।

# फर्जी मार्कशीट पर नौकरी करने का आरोप, जांच कराने की गई थी मांग

## खण्ड शिक्षाधिकारी अकबरपुर जांच को फाइलों में किया दफन

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अम्बेडकर नगर।** फर्जी मार्कशीट लगा कर सरकारी नौकरी हथियाने का मामला प्रकाश में आया पीड़ित के द्वारा बताया गया विपक्षी शिवकुमार पुत्र राम अवध ग्राम कजरी जमालुद्दीन पुर पोस्ट सुल्हनतारा फर्जी मार्कशीट आधार पर शिवराम प्राथमिक विद्यालय अमौली में शैक्षणिक योग्यता के आधार पर कार्यरत थे

**पीड़ित का आरोप :** शिवराम पुत्र राम अवध उपरोक्त द्वारा 2006 में विशिष्ट बी.टी.सी. के अंतर्गत सहायक अध्यापक पद पर नियुक्ति ली गयी उक्त नियुक्ति में शिवराम के द्वारा बी.एड. के अंक पत्र के नंबर में हेराफेरी करते हुए नंबर बढ़ाकर कम्प्युटर से बना कर अंकपत्र लगाया है उक्त के धारा 1996 में बीएड की परीक्षा उत्तीर्ण की गयी है जिसका अभिलेखीय साक्ष्य उक्त वि?द्यालय के गजट में लिखित में 353/600 तथा प्रायीनिक में 132/200 लिखा हुआ है जबकि उनके द्वारा दाखिल अंक पत्र में लिखित में 363/600 तथा प्रायोगिक में 162/200 है जो कि अंतर आ रहा है जिससे साबित होता है कि उक्त शिवराम के द्वारा फर्जी अंकपत्र तैयार कराकर नौकरी प्राप्त की गयी है तथा वर्तमान में प्रधानाध्यापक के पद पर शिक्षा क्षेत्र अकबरपुर के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय अमौली पो0 सिकंदरपुर अम्बेडकर नगर में कार्यरत है

**शिकायत होने के उपरांत क्या हुआ :** खण्ड शिक्षाधिकारी अकबरपुर ने पत्रांक संख्या 713 में लिखा शिवराम सहायक अध्यापक कम्पोजिट उ0 प्रा0 वि0 अमौली के विरुद्ध की गयी शिकायत में आप द्वारा जनसुचना के माध्यम से उनको उपलब्ध करायें गए पत्रांक/मु0का0/01/2023-24 दिनांक 01/02/2024 को अपनी तरफ से प्रमाण के रूप संलग्न किया गया है उक्त को संज्ञान में लेते हुए कार्यवाही से पूर्व संस्था से इसका सत्यापन कराया जाना आवश्यक है। शिकायतकर्ता शिकायत पत्र के साथ जन सूचना से प्रमाणित मार्कशीट संलग्न करके शिकायत देने के बाद जहां जानकारी ने कैसे जांच को घुमाया जांच अधिकारी ने लिखा संस्था से सत्यापन करवाना आवश्यक जांच अधिकारी ने शिकायतकर्ता को मजबूर कर दिया अधिकारियों के चौखट पर भटकने के लिए पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई।

**शिकायतकर्ता ने लगाया आरोप अधिकारी रुपया लेकर सहायक अध्यापक शिवराम को बचा रहें :** शिकायतकर्ता अपने बयान में बताया कि जिम्मेदार अधिकारी रुपया लेकर सहायक अध्यापक शिवराम को बचा रहे हैं शिकायतकर्ता का कहना है कि मैंने जिले के सभी अधिकारियों को इस मामले को अवगत करा दिया लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति की जा रही है आखिर ऐसे फर्जी वाडा करने के वाले ऊपर कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं जिम्मेदार अधिकारी जिसको लेकर शिकायतकर्ता बहुत हैरान और परेशान है आखिर सभी साक्ष्य देने के बाद भी कार्रवाई सिफर क्यों है फिलहाल देखना या होगा इस मामले में जिम्मेदार अधिकारी इस पर कब कार्रवाई करते हैं।

# भाजपा द्वारा 15 फरवरी से 15 मार्च के बीच हर जिले में अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अम्बेडकर नगर।** भाजपा द्वारा देश के भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी वर्ष मनाए जाने की कार्यक्रम के सम्बन्ध में भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद विधान परिषद सदस्य डॉ हरिओम पाण्डेय ने कार्यक्रम जिला संयोजक सुरेश कन्नौजिया,जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय,कार्यक्रम सह संयोजक दीपक तिवारी के साथ प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि भाजपा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म शताब्दी वर्ष के रूप में मना रही है। कहा कि अटल बिहारी वाजपेई की 25 दिसंबर को जन्म जयंती पर जनपद के बूथ, मण्डल,जिला,प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर अनेकों कार्यक्रम व्यापक रूप से सम्पन्न हुए। अटल जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक प्रदर्शिनी का आयोजन किया गया। देशवासी गौरवान्वित हैं कि देश के दूरदर्शी,कर्मठ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अनेकों ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ विकसित भारत के संकल्प की ओर बढ़ रहे हैं।अटल जी पर लिखे गए लेखों,पुस्तकों को एकत्रित कर सूचीबद्ध किया जाएगा। कहा कि भाजपा द्वारा 15 फरवरी से 15 मार्च के बीच हर जिले में अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले के प्रबुद्धजन,सूचीबद्ध विशिष्ट जन एवं अटल जी के सभी प्रशंसक आमंत्रित किए जाएंगे। सम्मेलन में अटल जी के साथ कार्य कर चुके वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान,अटल बिहारी वाजपेई के व्यक्तित्व और कृतित्व पर जिलों में लेख और पुस्तकों के लेखक को सम्मानित किया जाएगा। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष ज्ञान सागर सिंह,पूर्व विधायक जय राम विमल,जिला उपाध्यक्ष मनोज मिश्र,जिला महामंत्री दिलीप पटेल देव,बाबा राम शब्द यादव शामिल रहे।

## रील बनाने की शर्त जीतने पर इतना हंसा कि चली गई जान

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** रील बनाने की शर्त जीतने की खुशी में एक युवक इतना हंसा कि उसकी जान चली गई। चिकित्सक ने हार्टअटैक से युवक की जान जाने की आशंका जताई है। पुलिस उसके दो साथियों से घटना के बारे में पूछताछ कर रही है।थाना क्षेत्र आलापुर के संदह मजगांव ग्राम पंचायत के पुरवे मजगामा गांव में सोमवार को तीन युवक घर से ट्रैक्टर लेकर रील बनाने के मकसद से अशरफाबाद गांव पहुंचे। तीनों ट्रैक्टर से रस्सी खींचने की रील बना रहे थे। इस दौरान तीनों में रील बनाने में जीत और हार की भी शर्त लग गई। इसमें विनीत (20) पुत्र गुल्लू चौहान की जीत हुई। जीत से वह इतना खुश हुआ कि हंसते-हंसते जमीन पर लोट गया। कुछ देर बाद वह उठा ही नहीं तो साथी समझे कि शायद मजाक कर रहा है। लेकिन जब दोस्तों ने पास जाकर देखा तो उसमें कोई हरकत नहीं हो रही थी। दोनों साथी विनीत को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर लेकर आए, जहां डॉ. आशीष राय ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि घटना की जांच कराई जा रही है।

# आठ ग्राम इस्मेक के साथ चार गिरफ्तार

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** वाहन चैकिंग के दौरान अकबरपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत सीहमई कारीरात मोड पर आने जाने बाले बाहनो व्यक्तियो की चैंकिग कर रहे थे पुलिस के मुताबिक तभी सीहमई कारीरात मोड पर दो मोटरसाइकिल अन्नावां बाजार की तरफ से आती दिखाई दी हम पुलिस वालो की चैकिंग कर्ता देखकर वो अपनी मोटरसाइकिलो को काफी तेजी से चलाकर भागने का प्रयास करने लगे हम पुलिस वाले हिकमत अमली से घेर घारकर सीहमई कारीरात रेलवे फाटक के पहले रोका गया तथा मोटर साइकिल सवार व्यक्तियो से नाम पता पूछा गया तो पहली मोटर साइकिल वाहन संख्या क्र-451.7425 पर चालक ने अपना नाम राहल पुत्र मुकुन्द कुमार नि0 बनगाँव डिहवा थाना को0 अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीचे 27 वर्ष बताया तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम रंजित कुमार पुत्र गिरधारी बनगाँव डिहवा थाना कोतवाली अकबरपुर बताया तथा दूसरी मोटरसाइकिल बजाज प्लसर वाहन सख्या क्र45त्त2536 के चालक ने अपना नाम पंकज कंमार पुत्र सालिखराम वन गाँव डिहवा थाना अकबरपुर उम्र करीब 26 वर्ष बत्ताया तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम प्रमोद विश्वकर्मा पुत्र महादेव निवासी दुल्लापुर थाना अहिरौली उम्र करीब 27 वर्ष बताया। पकड़े गये व्यक्तियो की जामा तलाशी ली गयी तो मोटरसाइकिल क्र45रु7425 पर पीछे बैठे व्यक्ति रंजित की जेब से 22 पुडिया स्मैक बरामद हुआ तथा वाहन सख्या क्र45त्त2536 पर पीछे बैठे व्यक्ति प्रमोद विश्वकर्मा की जेब से 24 पुडिया स्मैक बरामद हुआ। चारो व्यक्ति बता रहे है कि हम लोग स्मैक की छोटी-छोटी पुडिया में रखकर अधिक दामो मे बेचकर मुनाफा कमाते है बरामद स्मैक को तौल कराया गया तो वजन 08 ग्राम है चारो व्यक्तियों को जुर्म धारा व कारण गिरफ्तारी बताते हुए समय करीब 01.05 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया वाहन संख्या क्र45त्त2536 व वाहन संख्या क्र45रु7425 के चालको से कागजात माँगा गया तो दिखाने से कासिर रहे जिसके कारण दोनो मोटरसाइकिला को ऑनलाइन ई-चालान एप के माध्यम से सीज किया 040 57/255 किया गया। सभी को माननीय न्यायालय भेजा गया।

# श्रद्धालुओं से की बड़ी अपील, कहा- 15-20 दिन बाद आएं अयोध्या

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश स्थित प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान मौनी अमावस्या के स्नान के बाद भक्तों के अयोध्या में रामलला के दर्शन जाने की संभावना के बीच ट्रस्ट ने बड़ी अपील की है। प्रयागराज में दिनांक 29 जनवरी को कुम्भ में मौनी अमावस्या का मुख्य स्नान है। अनुमान है कि लगभग 10 करोड श्रद्धालु दिनांक 29 जनवरी को प्रयागराज में स्नान करेंगे। बहुत बड़ी संख्या में प्रयागराज से भक्तजन अयोध्या जी पहुंच रहे हैं। ट्रेन एवं सड़क दोनों प्रकार से भक्तजन प्रयाग से अयोध्या आ रहे हैं। पिछले तीन दिनों से अयोध्या जी में श्रद्धालुओं की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। अयोध्या धाम की जनसंख्या एवं आकार को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि इतनी अधिक संख्या में भक्तों को एक दिन में रामलला के दर्शन कराना बहुत कठिन है और इसी कारण भक्तों को परेशानी हो रही है। परिणाम स्वरूप किसी भी प्रकार की अनहोनी को रोकने के लिए आवश्यक हो गया है कि व्यवस्थाओं में उपयुक्त परिवर्तन किए जाएँ। भक्तों को अधिक पैदल भी चलना पड़ रहा है। हमारा यह निवेदन है कि पास-पड़ोस के भक्तजन 15-20 दिन के पश्चात दर्शन करने हेतु अयोध्या जी पधारें ताकि बहुत दूर से आने वाले भक्त अभी सुविधा से प्रभु के दर्शन कर सकें।

## पुलिस चेकिंग के दौरान एक दरोगा और सिपाही पर जानलेवा हमला

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**सुल्तानपुर।** सोमवार रात प्रतापपुर तिराहे पर पुलिस चेकिंग के दौरान एक दरोगा और सिपाही पर जानलेवा हमला हो गया। इसमें उपनिरीक्षक रामबाबू सिंह और कांस्टेबल अनुज तिवारी को चोटे आई है। आनन-फानन पुलिस टीम दोनों को लेकर सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने दरोगा की स्थिति नाजुक देख उन्हें राजकीय मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। यहां से दरोगा को लखनऊ रेफर किया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।कुड़वार थानाक्षेत्र के प्रतापपुर गांव से कस्बे का भ्रमण कर लौट रही पुलिस टीम ने बुलेट पर सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वे भाग निकले। बाद में पता चला कि ये व्यक्ति अमेठी के अभय प्रताप सिंह उर्फ शक्ति सिंह और सुल्तानपुर के अमरनाथ तिवारी उर्फ लोधी थे। कुछ देर बाद जब पुलिसकर्मी प्रतापपुर गांव से वापस लौट रहे थे, तभी इन दोनों आरोपियों ने उन्हें रोका और गालियां देने लगे। इस दौरान आरोपियों के घर से 3-4 पुरुष और कुछ महिलाएं भी लाठी-डंडे लेकर आ गए। पुलिसकर्मियों के समझाने के बावजूद आरोपियों ने लोहे की रॉड और डंडों से हमला कर दिया। हमले में दरोगा के जबड़े पर गंभीर चोट आई, जिसके कारण उन्हें लखनऊ रेफर करना पड़ा। कांस्टेबल अनुज तिवारी को भी चोटें आईं। स्थानीय लोगों के आने की आहट पाकर हमलावर धमकी देते हुए फरार हो गए।

# सात नट-बोल्ट और तीन रिंच निगल गया युवक, ऑपरेशन से बची जान

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** 15 दिन से दर्द से कराह रहे एक युवक की सीटी स्कैन जांच रिपोर्ट देखकर डॉक्टर उस समय हैरत में पड़ गए जब पता चला कि उसके पेट में सात नट-बोल्ट और तीन रिंच हैं। सोमवार को ऑपरेशन करके उसके पेट से नट-बोल्ट और रिंच निकाले गए। फिलहाल वह खतरे से बाहर और डॉक्टरों की निगरानी में है। डॉक्टरों ने बताया कि उसका इलाज मनोचिकित्सक से भी कराना होगा।मूलरूप से पश्चिम बंगाल का निवासी रोशन चौरसिया (30) करीब पांच वर्ष से अकबरपुर के इल्फातगंज में किराये के मकान में रहता है। वह होटलों में काम करता है। शुक्रवार को उसे पेट में असहनीय पीड़ा हुई। वह उपचार कराने जिला अस्पताल पहुंचा। सिविल सर्जन डॉ. बिपिन वर्मा ने उसके पेट का एक्सरे कराया। पेट में लोहे की वस्तु होने की आशंका होने पर उन्होंने मरीज को भर्ती कर लिया और सीटी स्कैन जांच कराई। शनिवार को जांच रिपोर्ट डॉक्टर को मिली, जिसमें इस बात की पुष्टि हो गईसोमवार को उन्होंने एनेस्थेटिस्ट डॉ. श्यामधर मिश्र, ओटी इंचार्ज माला, ओटी टेक्नीशियन परविंद की मदद से रोशन का ऑपरेशन किया और पेट से सात नट-बोल्ट और तीन रिंच निकालीं। ऑपरेशन के बाद उसे वार्ड में भर्ती करा दिया गया। चिकित्सक डॉ. बिपिन ने बताया कि ऑपरेशन के बाद रोशन की स्थिति सामान्य है।पश्चिम बंगाल से आए रोशन के पिता रंजीत ने बताया कि कुछ दिन पहले ही बेटे ने उन्हें फोन किया था। बताया था कि पेट में बहुत दर्द हो रहा है, इलाज कराने के लिए पैसे चाहिए। उसकी बीमारी सुनकर बृहस्पतिवार को वह अकबरपुर आए थे। शुक्रवार को वे बेटे को लेकर अस्पताल पहुंचे, जिसके बाद उसकी जांच और फिर ऑपरेशन किया गया। उनके मुताबिक, किसी के कहने पर उनके बेटे ने लोहे की वस्तुएं खा ली होंगी।

# सपा का पीडीए अपराधियों, माफियाओं, भ्रष्टाचारियों और दंगाईयों को बढ़ावा देता है : केशव प्रसाद मौर्य

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अयोध्या।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में मिल्कीपुर विधानसभा स्थित हैरिग्टनगंज के चिखड़ी में एक कालेज के मैदान में जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर जोरदार हमला बोलते हुए सपा के पीडीए को फर्जी पीडीए बताया उन्होंने कहा कि सपा के पीडीए का मतलब परिवार डेवलेपमेंट एजेंसी है। समाजवादी पार्टी के पीडीए में गरीब, नौजवान, युवाओं, महिलाओं, दलितों पिछड़ों और समाज के किसी भी तबके की भलाई नहीं है। सपा का पीडीए अपराधियों, माफियाओं, भ्रष्टाचारियों और दंगाईयों को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी समाप्तवादी पार्टी बनती जा रही है। सपा के परिवारवाद को लेकर उनका एक बार फिर एजेंडा है कि सांसद भी घर का और विधायक भी घर ही बेटा बन जाए लेकिन जनता ऐसा होने नहीं देगी। मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी भारी बहुमत से विजयी होगें और समाजवादी पार्टी की जमानत जब्त होगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने झूठ बोलकर फरेब करके और लोगों को गुमराह करके जिस गुब्बारे में हवा भरी थी, उस गुब्बारे की हवा निकल गई है। पिछले दिनों हुए विधानसभा के उपचुनावों में सात सीटों पर भाजपा गठबंधन को विजय मिली थी। उन्होंने कहा कि मोदी-योगी जी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में जब से डबल इंजन वाली सरकार काम कर रही है तब से 2017 के बाद का अयोध्याधाम और मिल्कीपुर क्षेत्र में विकास के जो अनगिनत कार्य हुए है वह सबके सामने है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में महाकुम्भ चल रहा है, भारतीय संस्कृति का एक ऐसा स्वरूप देखने को मिल रहा है। जिसमें आनन्द आता है वहां हिन्दु संत भी है, सिख संत भी है और बौद्ध संत भी है, जो वहां आस्था की डुबकी लगा रहे है यह सपा प्रमुख अखिलेश यादव से देखा नहीं जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का इतिहास रामभक्तों के खून से अयोध्या को लाल करने का रहा है। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार होती तो सैफई महोत्सव में डांस तो होता है, लेकिन महाकुम्भ और अयोध्या जैसा और काशी जैसा धाम नही होता। उन्होंने कहा कि आज बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या आ रहे हैं जिससे यहां के लोगों को रोजगार भी मिल रहा है। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि 2014 के पहले मिल्कीपुर विधानसभा की तमाम सड़को में गड्ढे दिखाई देते थे। 2014 के बाद डबल इंजन की सरकार में सड़को का सुदृढ़ीकरण व सौन्दयीकरण कराया गया है। ग्रामीण सड़को को मुख्य मार्गो से जोड़ा जा रहा है। विधायक रामचन्दर यादव ने कहा कि सपा की नकारात्मकता को जनता जान चुकी है। यहां न जातिवाद चलेगा और न परिवारवाद। यहां केवल विकासवाद चलेगा।

## झंडारोहण कर छात्राओं को मिष्ठान वितरित



दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** जनपद के अकबरपुर तहसील के मनसापुर कुटी पर सी आर इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने किया फ्लेग मार्च प्रबंधक व प्रधानाचार्य परम देव यादव ने झंडारोहण कर छात्राओं को मिष्ठान वितरित किया इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे वरिष्ठ समाजसेवी अनिल वर्मा ने बताया कि आन बान शान हमारा झंडा तिरंगा इस तरह लहराता रहे समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने राष्ट्र के प्रति समर्पित होना चाहिए तभी राष्ट्र का विकास संभव है इस दौरान संतोषसिंह, अनिलसिंह, दिनेशधुरिया, प्रिंस धुरिया, सचिनधुरिया, नितिनसिंह, सौरभधुरिया, लालमणिपांडे, प्रदीपसिंह, दीपू वर्मा, सुनील वर्मा समर बहादुर उपाध्याय अमन विश्वकर्मा सत्रोहन सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# अंचल में धूमधाम से मनाया गया आजादी का 76 वा गणतंत्र दिवस

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**बलौदाबाजार।** आजादी का 76वा गणतंत्र दिवस का पर्व ग्रामीण अंचल के मुंडा कोलिहा सर्वाडीह जुड़ा बरदा कुम्हारी कैलाशगण धाराशिव पैंजनी जामडीह लाहोद धनगांव खटियापाटी कोनारी लच्छनपुर भालूकोना कोहरौद में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सभी शासकीय भवनों तथा अर्धशासकीय जगहों व गांवो के चौक चौराहो पर राष्ट्रध्वज फहराया गया। आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा के पंचायत भवन में सुमित्रा संतोष वर्मा प्राथमिक शाला में पूर्व सरपंच कृतराम वर्मा पूर्व माध्यमिक शाला में प्रधान पाठक ममता चौहान उप स्वास्थ्य केंद्र में संतोष वर्मा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति उपार्जन केंद्र में प्राधिकृत अधिकारी गजानन वर्मा लच्छनपुर उपार्जन केंद्र में प्राधिकृत अधिकारी मुन्नालाल यदु कोनारी उपार्जन केंद्र में प्राधिकृत अधिकारी ललित नेताम भालुकोना उपार्जन केंद्र में प्राधिकृत अधिकारी रामनाथ यादव कोहरौद उपार्जन केंद्र में गजानंद साहू ने तिरंगा फहराया। आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा के शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रभात फेरी निकालकर अमर शहीद हुए जवानों को याद करते हुए जिंदाबाद के नारा लगाए गए। तत्पश्चात पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण में छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखकर उपस्थित ग्रामीणों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए खूब ताली बजाई और बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वही गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर पूर्व माध्यमिक शाला में पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर समिति प्रबंधक श्रीराम रजक नरेंद्र यदु राजेंद्र चेलक सुरेश वर्मा शिक्षाविद जगेश्वर वर्मा रामखिलावन वर्मा उमाशंकर वर्मा पीतांबर रजक शिक्षिका संतोषी जायसवाल अंजु साहू अनीता बंजारे सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# अज्ञात चोरों ने किराने की दुकान को बनाया अपना निशाना

## छत पर लगे कैमरे तोड़े डीवीआर के आधार पर पुलिस कर रही जांच पड़ताल

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

जनपद एटा के थाना सकीट क्षेत्र के शेखपुरा गांव में एक बड़ी चोरी की घटना सामने आई है सोमवार देर रात अज्ञात चोरों ने किराने की दुकान को अपना निशाना बनाया है चोरों ने छत के रास्ते दुकान में प्रवेश किया करीब डेढ़ लाख रुपए की नगदी सामान चुरा लिया घटना का पता सुबह तब चला जब दुकानदार विनोद दुकान खोलने पहुंचे उन्होंने देखा की दुकान के ऊपर का दरवाजा खुला था अंदर वंदर घुसे हुए थे दुकान में सामान बिखरा पड़ा था सीसीटीवी कैमरे टूटे हुए मिले नगदी के साथ-साथ गुटखे के पैकेट भी ले गए थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि चोरों ने दुकान में लगे चार सीसीटीवी कैमरों को तोड़ दिया है हालांकि पुलिस ने डीवीआर को अपने कब्जे में लिया है उसके आधार पर जांच की जा रही है उन्होंने बताया कि दुकान का कोई ताला नहीं टूटा है सीधे छठ के रास्ते अंदर घुसे पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है जल्द ही वारदात का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।



# राष्ट्रध्वज के सम्मान में निकली जीवोत्थान सेवा समिति टीम गलियों, कूड़े, क्षतिग्रस्त तिरंगा एकत्रित कर निस्तारित किया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी



**रामसनेही घाट बाराबंकी।** रविवार को 76वां गणतंत्र दिवस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ लोगों ने मनाया सोमवार को जीवोत्थान सेवा समिति के तत्वाधान मे सड़कों एवं गलियों से क्षतिग्रस्त तिरंगो को एकत्र कर विभिन्न जगहों पर विधि सम्मत तरीके से निस्तारित किया गया। अहमदपुर सफदरगंज तक तिरंगा कलेक्शन का कार्य (जे एस एस)के सदस्य आशीष सिंह एवं अनिल रावत अतुल सिंह व ननिहालों ने टीम के साथ किया कोटवा सड़क से पूरे चुरई,हथौंधा मोहम्मद पुर कीरत,नगर पंचायत राम सनेहीघाट एवं भिटारिया मे यह कार्य रामप्रकाश गुप्ता एवं विवेक सूर्यवंशी ने किया। दोनों ही जगह निस्तारण माँ कल्याणी के तट पर हुआ। राम सनेही घाट तट पर बाबा विजय नाथ जी हिन्दू सुरक्षा ट्रस्ट के अध्यक्ष शुभम कसौधन, विपिन कौशल, समीर साहू, अंकित कश्यप एवं सूरज श्रीवास्तव आदि निस्तारण मे रहे द्य सभी जगह इस कार्य को खूब जनसमर्थन मिला एवं प्रसंशा की गई ज्ञात हों उक्त कार्य को यह टीम 2013 से अनवरत कर रही है।

# बांदा जिले के सोना खदान में हो रहा खुलेआम अवैध खनन व जलधारा कर परिवर्तन

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता

खदान संचालक द्वारा खुलेआम एन जी टी के नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां प्रतिबंधित हैवी पोकलैंड मशीनों से हो रहा खनन अवैध खनन होने से सरकार को लग रहा राजस्व का लंबा चूना जिम्मेदारों के ऊपर लग रहे मिलीभगत के आरोप देख कर भी अनदेखा कर रहे जिम्मेदार अधिकारी

**जल धारा कर रहे परिवर्तन :** योगी सरकार की जीरो टैलेंस के नीति बांदा जनपद में तोड़ रही दम मामला दादों खादर क्षेत्र कमासिन शिकायत भी भेजी गई फिर भी अधिकारियों आंखें बंद कर लिया

# करंजी पुलिस ने बाइक चालकों को हेलमेट पहना दिया सुरक्षा का संदेश

## पंपलेट देकर बताए यातायात के नियम

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, सूरज जायसवाल



**महंगई।** पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए करंजी पुलिस ने वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए हेलमेट पहनाकर एवं पंपलेट वितरण किया। करंजी चौकी प्रभारी संतोष कुमार सिंह एवं अन्य पुलिसकर्मियों के द्वारा दतिमा, नावापारा, खोपा, राई मुख्य मार्ग पर वाहन चालकों को हेलमेट पहना, पंपलेट के जरिए यातायात नियमों का पालन करने की समझाइए दी गई। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने यातायात नियमों के संदेश को लेकर पंपलेट के जरिए सड़क हादसों से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन करने की नसीहत दी। चौकी प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने सभी लोगों को यातायात के नियमों का विशेष रूप से पालन करने का संदेश दिया। इससे अपने साथ-साथ सामने वाले व्यक्ति को भी दुर्घटना से बचा सकते हैं। उन्होंने लोगों को पंपलेट देकर कहा कि दो पहिया वाहन चालक व सहयात्री हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें। दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाए, तेज हॉर्न का प्रयोग बिल्कुल न करें। शराब वह अन्य नशा कर गाड़ी न चलाये। 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों को वाहन चलाने की छूट नही दे। सड़क पर चलते समय एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड की गाड़ी व इमरजेंसी गाड़ियों को रास्ता दें। इस दौरान चौकी प्रभारी संतोष कुमार सिंह सहित एएसआई वरुण तिवारी प्रधान आरक्षक हरविंदर सिंह, जेपी कुजूर, राजकुमार सिंह आरक्षक जितेंद्र सिंह, मुनेश्वर सिंह, मितेश मिश्रा व अन्य उपस्थित रहे।

# अर्थ होटल में दस दिवसीय पंजाबी फूड फेस्टिवल का आयोजन

## पंजाबी फूड फेस्टिवल 1 फरवरी 2025 से 10 फरवरी 2025 तक चलेगा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार अमृतसर पंजाब



शहर के बीचों-बीच स्थित द अर्थ अमृतसर ट्रेडमार्क कलेक्शन बाय विंडहैम 1 से 10 फरवरी तक पंजाबी फूड फेस्टिवल का आयोजन कर रहा है। इस मौके पर होटल के जनरल मैनेजर राम कृष्ण ने बताया कि द अर्थ होटल में चल रहे दस दिवसीय पंजाबी फूड फेस्टिवल में सबसे लजीज पंजाबी खाना खाने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि द अर्थ होटल अपने आप में एक बेहद खूबसूरत हेरिटेज बिल्डिंग है और इसका इतिहास भी काफी पुराना है। उन्होंने बताया कि द अर्थ होटल इस बार पंजाब के दूसरे इलाकों से आए लोगों की मांग पर दस दिवसीय पंजाबी फूड फेस्टिवल का आयोजन कर रहा है। इस पंजाबी फूड फेस्टिवल में पंजाब के लोगों को पंजाब का बेहतरीन खाना चखने का मौका मिलेगा। असली पंजाबी खाना ज्यादा भारी नहीं होता। समय के साथ हमने डिश बनाने में क्रीम और काजू पेस्ट का खूब इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। हालांकि, मूल रेसिपी के अनुसार, मुख्य फोकस धीमी आंच पर पकाने पर था। उन्होंने पंजाबी भोजन तैयार करने के लिए देसी घी और हल्के मसालों के इस्तेमाल पर जोर दिया। अमृतसर में पंजाबी खाना हर जगह मिलता है, लेकिन हम पंजाब की खोई हुई रेसिपी दिखा रहे हैं। जो हमारी दादी-नानी बनाया करती थीं। शेफ पंकज का कहना है कि पंजाबी फूड फेस्टिवल के खास मेन्यू में धीमी आंच पर पका अमृतसरी मटन, भट्टी दा कुक्कड़, भूना मीट मसाला, कीमा राइस, काली दाल, स्वादिष्ट तरी वाला मीट, सरसों दा साग, सरसों पालक, पनीर, आलू बड़िया, लाहौरी पनीर, हाईवे पनीर, मलाई फूल, अजवाइन अरबी, वड़ी राइस, चने दा शोरबा, मावा दी दाल शामिल हैं। इसके अलावा फेस्टिवल को मजेदार और यादगार बनाने के लिए होटल में खास पंजाबी इन-हाउस म्यूजिक और सजावट भी की गई है। विकास एफएंडबी मैनेजर का कहना है कि इस मौके पर खाने के शौकीनों को यहां पारंपरिक और लजीज व्यंजन मिलेंगे। दस दिवसीय फेस्टिवल में पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी के साथ पंजाब की विरासत को पेश किया जाएगा। पंजाबियों को खाने का बहुत शौक होता है। ऐसे खाने के शौकीनों की धरती अमृतसर में बसी है। खास मेन्यू में शामिल ये चीजें आपके मुंह में पानी ला देंगी।

# धूमधाम से मनाया गया हाई स्कूल लैंगा में गणतंत्र दिवस

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, सूरज जायसवाल



**महंगई।** लखनपुर विकासखण्ड के अंतर्गत हाई स्कूल लैंगा में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान प्राचार्य खगेन्द्र सिंह के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर गणतंत्र दिवस के पर्व की शुरुआत की गई। तत्पश्चात राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। छात्रों ने राष्ट्र गान गाया। अपने-अपने हाउस में खड़े छात्रों द्वारा मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ देशभक्ति गीतों से दर्शकों का मन मोह लिया। हाई स्कूल लैंगा के प्रभारी प्राचार्य खगेंद्र सिंह ने गणतंत्र दिवस के इतिहास पर विचार व्यक्त करते हुए छात्रों को संविधान के महत्व को समझकर उसे आत्मसात करने एवं अनुशासन का पालन कर राष्ट्र के नवनिर्माण में अपनी सहभागिता को सुनिश्चित करना आपका परम कर्तव्य है। इस दौरान प्रधान पाठक राम प्रसाद, विश्वनाथ कोर्राम, रिंकी गुप्ता मैम मधुलता अम्बस्ठ मैम ग्रामीण अंबिका यादव, समाजिक कार्यकर्ता प्रफुल्ल यादव, दुर्गेश यादव, नर्मदा सिरदार, भरत लाल प्रजापति, युवा मंडल के सदस्य विदुर,अनिल, लालबाबू, मुकेश सहित क्षेत्र के ग्रामीण व अभिभावक गण मौजूद रहें।

# झुंझुनू विप्र समाज का प्रतिनिधि मंडल ने घनश्याम तिवाड़ी से की शिष्टाचार भेंट



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान रवि शर्मा

गौड़ ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष पवन शर्मा के नेतृत्व में झुंझुनू विप्र समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यसभा सांसद व भाजपा के वरिष्ठ नेता घनश्याम तिवारी से जयपुर स्थित पार्टी मुख्यालय में जाकर शिष्टाचार भेंट कि जानकारी देते हुए भाजपा नेता महेश बसावतिया ने बताया समाज का प्रतिनिधिमंडल तिवारी का माला व दुपट्टा पहन कर फूल का गुलदस्ता भेंट किया विप्र समाज के प्रबुद्ध जनो ने घनश्याम तिवाड़ी से विप्र समाज को राजनीतिक पटल पर उचित प्रतिनिधित्व देने के साथ ही सामाजिक उत्थान के बारे में विस्तार से चर्चा की इस अवसर पर राजस्थान गौड़ ब्राह्मण महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार बासोतिया,उमाशंकर महमिया, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष कमल कान्त शर्मा, समाज के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री योगेंद्र मिश्रा, पार्षद चंद्र प्रकाश शुक्ला, समाज के जिला मंत्री सुरेंद्र शर्मा, आदि मौजूद थे ।

# ड्रग्स, हथियार, हवाला, उगाही के धंधों का किंग है गैंगस्टर कमल वीर

## अपराधिक कमाई से मथुरा, अयोध्या सहित कई शहरों में बनाई संपत्ति

### एक बैंकट हॉल स्वामी रखता है गैंग के ब्याज के पैसे का हिसाब

**मुरादाबाद।** मास्टरमाइंड गैंगस्टर कमलवीर और ललित कौशिक भले ही मुरादाबाद पुलिस की प्रभावी और जबरदस्त कार्रवाई के चलते आज सलाखों के पीछे अपने दिन काट रहे हैं। किंतु गैंग के सूत्रों के मुताबिक अभी गैंग की आर्थिक रूप से कमर नहीं टूटी है। उनके मुताबिक कमलवीर अत्यंत तीक्ष्ण और आपराधिक बुद्धि का स्वामी है। अपनी धमक के अलावा अन्य गैंगस्टरों के नाम का इस्तेमाल कर कमल वीर और ललित कौशिक ने ड्रग्स, हथियार, हवाला और रंगदारी के धंधे में करोड़ों रुपए बनाए। इस गैंग से जुड़े सूत्र बताते हैं कि अपराधों को योजनाबद्ध ढंग अंजाम देना कमलवीर का बाएं हाथ का खेल रहा है। शातिर इतना कि अपराध करने वाले सदस्य के अलावा गैंग के अन्य सदस्यों को उसके बारे में कोई जानकारी ना हो, इसका पूरा बंदोबस्त कमलवीर किया करता था। कमलवीर ने योजना बनाकर खनन माफिया से लेकर ठेकेदारों, अमीर लोगों, सट्टेबाजों, व्यापारियों, शराब कारोबारीयों तक से जमकर अवैध वसूली की। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ अन्य गैंगस्टर के नाम का इस्तेमाल कर अपने गैंग के कुछ भरोसेमंद सदस्यों से कमलवीर और ललित कौशिक लोगों को फोन कराया करते थे और उनसे मोटी रकम वसूली जाती थी। गैंग के कुछ खास लोगों को ही इस योजना में हिस्सेदार बनाया जाता था। जबरन वसूली के इस धंधे से हुए मुनाफे को कमल वीर विभिन्न शहरों में प्रॉपर्टी खरीदने में लगाता था और ब्याज पर रुपए इन्वेस्ट करता था। गैंग के सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली, कि कमलवीर और कौशिक द्वारा अन्य शहरों में जो बेनामी संपत्तियों खरीदी गई, उसकी कोई जानकारी किसी को ना हो इसका पूरा ध्यान रखा गया। गैंग के सूत्रों के मुताबिक मथुरा अयोध्या जैसी धार्मिक शहरों के अलावा कमलवीर ने अन्य शहरों में भी काफी संपत्तियां खरीदी। रेट बढ़ने पर उनमें से कुछ संपत्तियों को अलग-अलग कालखंड में मोटे मुनाफे पर बेच दिया गया।



**कमलवीर ने कॉर्पोरेट स्टाइल में किया गैंग का गठन :** शातिर दिमाग गैंगस्टर कमलवीर द्वारा गैंग का गठन कॉर्पोरेट स्टाइल में किया गया। जिसको पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अन्य गैंगस्टरों के साथ मिलकर कई जिलों तक फैला दिया गया। गैंग से जुड़े हर गुर्गे को अलग काम सौंपा गया। इन लोगों में शूटर, लोकल गैंगस्टर, रेकी करने वाले, लॉजिस्टिक सपोर्ट करने वाले और लीगल टीम शामिल है। किसी भी गैंगस्टर के जेल में जाने पर यह पूरी टीम उस गैंगस्टर की पैरवी करती है। जिसके चलते गैंग के सामने किसी भी तरह की आर्थिक परेशानी नहीं आती।

**गैंग का ब्याज का काम देखता है बैंक्विट हॉल स्वामी :** गैंग के सूत्रों से जानकारी मिली, कि कमलवीर ने अपराधिक कृत्यों से कमाए गए करोड़ों रुपयों को ब्याज पर लगा दिया। उल्लेखनीय है कि मुरादाबाद पुलिस की जबरदस्त कार्रवाई के चलते गैंगस्टर कमलवीर और ललित कौशिक जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिए गए। उनकी अचल संपत्तियां एवं बैंक अकाउंट सीज कर गैंग की कमर तोड़ दी गई। किंतु गैंग आज भी आर्थिक रूप से फल फूल रहा है। दरअसल ब्याज के काम को गैंग का सफेदपोश सदस्य एक बैंकट हॉल स्वामी व उसका ड्राइवर गुपचुप तरीके से हैंडल कर रहा है। गैंग से जुड़े सूत्रों ने जानकारी दी, कि दोनों अपराधियों के जेल जाने के बाद कुछ लोगों ने ब्याज देने में आनाकानी की, तो बैंक्विट हॉल स्वामी ने कमलवीर और ललित कौशिक का हवाला देकर उन्हें हड़का लिया। इस काम में कमलवीर कौशिक गैंग के अन्य सफेदपोश सदस्य भी बैंक्विट हॉल स्वामी की मदद कर रहे हैं। दरअसल यह बैंक्विट हाल गैंग की कार्यस्थली रहा है।

# चोरी का आरोप लगाकर दबंग ने दी किशोर को तालिबानी सज़ा

गणेश वर्मा ब्यूरोचीफ कौशांबी, केसरिया हिंदुस्तान

**कौशांबी।** जिले में चोरी का आरोप लगाकर अनसूचित समुदाय के एक किशोर को पेड़ से बांध कर प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। करारी थाना क्षेत्र के गुवारा तैयबपुर निवासी अनसूचित जाती के फूल चंद्र ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उनके अनुसार, उनका बेटा अंकित कुमार 9 जनवरी को सुबह 10 बजे अपने साथियों के साथ पड़ोसी गांव खरगू का पूरा में खेलने गया था। इस दौरान गांव के नन्हू यादव ने अंकित पर पाइप तोड़ने का आरोप लगाकर उसे पकड़ लिया और पेड़ से बांध कर प्रताड़ित किया।

# विमल अजय ने पेश की जिला पंचायत सदस्य पद के लिए प्रबल दावेदारी

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का बिगुल बज चुका है। चुनावी शंखनाद का ढोल बजने के बाद भाजपा कांग्रेस और अन्य पार्टी के नेता अपने-अपने पार्टियों से दावेदारी पेश कर रहे हैं। बलौदाबाजार जिले के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 में आगामी चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इस बार जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 अनुसूचित जाति मुक्त के लिए आरक्षित हुआ है जिसमें क्षेत्र से युवा नेता विमल अजय ने जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर को अपनी बायोडाटा प्रस्तुत कर जिला पंचायत सदस्य पद के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। हालांकि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का नामांकन दाखिल 27 जनवरी से 3 फरवरी तक होना है। किंतु युवाओं के जोश और जनता के विश्वास के साथ विमल अजय ने क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की है। विदित हो कि विमल अजय वर्तमान में युवा कांग्रेस के निर्वाचित जिला उपाध्यक्ष है। विमल ने 2011 में एनएसयूआई (हस्द्ध) छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ता के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। तब से लेकर अब तक उन्होंने कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को सफलता के साथ निभाया है।



जिसमें वे ब्लॉक महासचिव एनएसयूआई कसडोल विधानसभा ।2015 में मनोनीत जिला संयोजक युवा कांग्रेस। 2017 में मनोनीत जिला सचिव युवा कांग्रेस2019 में निर्वाचित पार्षद एवं सभापति प्रतिनिधि नगर पंचायत कसडोल। 2019 में मनोनीत प्रभारी महासचिव जिला युवा कांग्रेस। 2021 में निर्वाचित उपाध्यक्ष जिला युवा कांग्रेस। 2022 में विधायक प्रतिनिधि कसडोल विधानसभा रह चुके हैं।

विमल अजय ने क्षेत्र के विकास को अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि यदि उन्हें जनता का आशीर्वाद और समर्थन मिला, तो वे शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में बड़े बदलाव लाएंगे।उन्होंने युवाओं को राजनीति में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया और जनता को अपने विकासवादी दृष्टिकोण का भरोसा दिलाया।विमल अजय की लोकप्रियता युवाओं और क्षेत्रवासियों के बीच तेजी से बढ़ रही है। उनका मानना है कि जनसेवा और पारदर्शिता ही क्षेत्रीय विकास की कुंजी है।जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 में विमल अजय की दावेदारी ने चुनावी माहौल को और रोमांचक बना दिया है। जनता को अब उनके वादों और कार्यों पर भरोसा है और वे परिवर्तन की उम्मीद कर रहे हैं।

# अज्ञात युवक का बंबा मे उतराता हुआ मिला शव क्षेत्र में फैली दहशत

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

**एटा।** जनपद के जलेसर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक चौका देने वाली घटना सामने आई है पटना पंछी बिहार के पास स्थित बंबा में 31 वर्षीय अज्ञात युवक का शव उतराता हुआ मिला स्थानीय लोगों ने सुबह के समय शव को देखा तुरंत जलेसर थाना पुलिस को सूचना दी पुलिस के अनुसार मृतक ने ब्राउन रंग की जैकेट सफेद कमीज काली बनियान और जींस पहन रखी थी शव पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है क्षेत्राधिकारी जलेसर नितेश कुमार गर्ग ने बताया कि पुलिस मृतक की पहचान के लिए सोशल मीडिया का भी सहारा ले रही है साथ ही आला अधिकारियों ने घटनास्थल पर बारीकी से निरीक्षण किया पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है जल्द से जल्द मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है।



# अमृतसर के आप मेयर जतिंदर भाटिया का पदभार समारोह, मंत्री कुलदीप धालीवाल हुए शामिल

## आज का दिन अमृतसर के लिए बेहद ऐतिहासिक, हमारे लिए भी गर्व का पल - धालीवाल

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
कुलदीप कुमार अमृतसर पंजाब



**अमृतसर।** अमृतसर के नवनिर्वाचित मेयर जतिंदर सिंह मोतिया भाटिया ने का मंगलवार को पदभार ग्रहण समारोह हुआ। मंत्री कुलदीप धालीवाल की मौजूदगी में उन्होंने नगर निगम के मेयर की कुर्सी संभाली। इस मौके पर पार्टी के कई स्थानीय नेता और विधायक भी मौजूद रहें। मंत्री कुलदीप धालीवाल ने यहां मेयर जतिंदर भाटिया के साथ एक प्रेस कांफ्रेंस को भी संबोधित किया। धालीवाल ने कहा कि आज का दिन अमृतसर के लिए बेहद ऐतिहासिक है। आम आदमी पार्टी के लिए भी यह बहुत गर्व का पल है। धालीवाल ने कहा, मैं अमृतसर निवासियों को कहना चाहता हूं कि आपकी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए हमारे मेयर और पार्षद दिन-रात काम करेंगे। शहर के जितने भी मुद्दे हैं उनका हल करेंगे और शहर के लोगों को किसी भी तरह की कोई तकलीफ नहीं आने देंगे। शहर का काम और विकास करना हमारी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पिछले काफी महीनों से ड्रामा कर रही है। उनके पास कोई मुद्दा नहीं है। अगर कांग्रेस का मेयर बन जाए तो डेमोक्रेसी बहुत अच्छी है, अगर न बने फिर बोलते हैं कि डेमोक्रेसी की हत्या हो गई है। अमृतसर एक परिवार की जागीर नहीं है। अमृतसर लोगों का है और अमृतसर के लोग जिस मर्जी को मेयर चुनें। हम परिवारवाद नहीं चलने देंगे। उन्होंने कहा कि प्रताप बाजवा बोलते हैं कि डेमोक्रेसी का कत्ल हुआ लेकिन जो 75 साल में कांग्रेस ने पंजाब का बुरा हाल कर दिया और कांग्रेस के राज में लोगों के जिस तरह सरेआम कत्ल हुए, झूठे पर्चे हुए, दरबार साहिब पर हमला हुआ, तब इनको डेमोक्रेसी नहीं क्यों दिखी थी? मेयर चुनाव पर वे लोग झूठे अफवाह फैला रहे हैं। मेयर जतिंदर सिंह भाटिया ने मीडिया को संबोधित करते हुए पार्टी नेतृत्व और सभी पार्षदों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए यह बेहद सौभाग्य की बात है कि मुझे गुरु की नगरी का सेवा करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि अमृतसर शहर के जितने भी डेवलपमेंट के काम है रूके हुए हैं सभी को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करेंगे। हम नगर निगम के सभी 85 वार्डों के लिए बिना किसी भेदभाव और पक्षपात के काम करेंगे। सभी लोग हमारे हैं और हम भी सभी के हैं। काम के मामले में पक्ष विपक्ष वाली बात नहीं होगी। सभी वार्डों को उचित फंड दिए जाएंगे।

# विद्यार्थी शिक्षित होकर बदल सकते हैं देश की तस्वीर: फूलबाबू

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो
पीलीभीत





**पीलीभीत- बीसलपुर।** शफी एजुकेशनल ग्रुप द्वारा सचालित शफी डिग्री कॉलेज, शफी पब्लिक स्कूल व निशा गर्ल्स इंटर कालेज के आयोजित हुए वार्षिक उत्सव एवं सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखेर कर सभी का मन मोह लिया ग्रुप के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू ने समारोह का शुभारंभ करते हुए कहा कि विद्यार्थी राष्ट्र का गौरव है उन्हें अच्छी तालीम देकर एक अच्छा नागरिक बनाना प्रत्येक माता-पिता का दायित्व है। विद्यार्थी शिक्षित होकर देश की तस्वीर बदल सकते हैं। विद्यालयों में शिक्षकों को पूरी निष्ठा व लगन से विद्यार्थियों को पढ़ना चाहिए। बच्चों को हम ऐसी शिक्षा दें जिससे वह बड़ों का आदर करना सीखें अच्छी शिक्षा पाकर विद्यार्थी देश के एक अच्छे नागरिक बन सकेंगे। उन्होंने शफी डिग्री कॉलेज की बीएड टॉपर्स सुभि रस्तोगी, साक्षी राठौर, अपूर्व पाठक, सत्यम सिंह, ऋषभ कुमार सक्सेना, मुस्कान, फातिमा अली, निशा गर्ल्स इंटर कॉलेज की कक्षा 10 की टॉपर्स छात्रा इलमा, इसी विद्यालय की कक्षा 12 की छात्रा अक्षरा, डीएलएड की प्रशिक्षु छात्रा मनु शर्मा, इंस्पायर अवार्ड के लिए चयनित छात्रा सलोनी यादव को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थी ने स्वागत गीत, नाटक, ग्रुप डांस सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया। समारोह की अध्यक्षता राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य एवं उच्च शिक्षा विभाग के पूर्व डायरेक्टर डॉ एनवी खान कर रहे थे। समारोह का संचालन सूर्य प्रकाश मिश्रा ने किया। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष शकील अहमद खां, तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान, रमेश शुक्ला, मुन्नालाल, इकबाल अहमद, हसन राजा खां, नेतराम सागर, इकबाल अहमद, हेमंत मिश्रा एडवोकेट, राजीव शर्मा सहित तमाम संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

# प्रशंसनीय चिकित्सा कार्यों के लिए केएम अस्पताल की टीम हुई सम्मानित

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी



**मथुरा।** हर वैद्य(चिकित्सक) में हनुमान का वास है और वैद्य के लिए मरीज की जान भगवान लक्ष्मण के सामान है। ये बातें जिला कारागार मथुरा अधीक्षक अंशुमन ने 76वें गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर जिला कारागार मथुरा में केएम अस्पताल के चिकित्सकों के सम्मान में कहीं। कार्यक्रम में कारागार के कर्मचारियों एवं कैदियों ने देशभक्ति गानों पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके उपरांत जेल अधीक्षक ने कारागार में निरुद्ध गंभीर बीमारियों से ग्रसित बंदियों के उपचार में तत्परता के साथ उपचार करने वाले केएम मेडीकल कालेज एंड हॉस्पिटल की चिकित्सकीय टीम के लीडर व अस्थि रोग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. पंकज त्यागी को चिकित्सीय सेवाओं एवं अभूतपूर्व योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। जिला कारागार चिकित्साधिकारी डा. उपेन्द्र पाल सिंह सोलंकी ने बताया कि केएम मेडीकल एंड हॉस्पिटल के चेयरमैन किशन चौधरी द्वारा जिला कारागार में कैदियों के स्वास्थ्य चेकअप के लिए भेजी टीम पिछले कई वर्षों से मथुरा न्यायाधीश, मथुरा सीएमओ, जिला मजिस्ट्रेट की अनुमति से प्रत्येक सप्ताह में एक बार सभी बैरकों के कैदियों का उपचार एवं स्वास्थ्य परीक्षण करती है। इस प्रशंसनीय कार्य के लिए 76वें गणतंत्र दिवस पर केएम अस्पताल की टीम को सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर कारापाल सुशील कुमार वर्मा, चिकित्साधिकारी डा0 उपेन्द्र पाल सिंह सोलंकी, अन्य कारागार कार्मिक उपस्थित रहे।

## कौशांबी में भीषण सड़क हादसा

गणेश वर्मा ब्यूरोचीफ कौशांबी, केसरिया हिंदुस्तान

**कौशांबी।** जिले के सैनी कोतवाली क्षेत्रके आझुआ भौतर मोड़ के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में श्रद्धालु से भरी एक बस हाइड्रा क्रेन से टकरा गई, जिसमें 32 लोग घायल हो गए। यह हादसा रात 8 बजे हुआ। श्रद्धालुओं से भरी बस स्नान के लिए महाकुंभ जा रही थी। ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराथू व अन्य प्राइवेट अस्पतालों में इलाज के लिए भेजा गया। हिमाचल प्रदेश से प्रयागराज कुंभ स्नान के लिए जा रही कौशांबी कनवार मोड़ हाईवे पर हाइड्रा क्रेन से टकरा गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बस में लगभग 50 यात्री सवार थे, जिनमें से 32 लोग घायल हो गए। घायलों में से 10 की हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें निकटतम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# अटल स्मृति संकलन एवं संपर्क अभियान आज से अटल विरासत सम्मेलन 15 फरवरी से 15 मार्च तक होगा

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी




**मथुरा।** भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में होने वाले अभियानों के निम्मित भाजपा मथुरा महानगर द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन स्थानीय होटल शीतल रीजेंसी में आयोजित की गयी। गोवर्धन क्षेत्र विधायक मेघश्याम सिंह ने बताया कि श्रद्धेय अटलजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर पूरा देश गौरान्वित हैं और उनकी विकसित भारत की सोच को आगे बढ़ाने का कार्य मोदी और योगी सरकार कर रही हैं और आज से आगामी 31जनवरी तक अटल जी से संबंधित फोटो,वीडियो,प्रेरक अनुभव एवँ भाषण का जिला स्तर पर संकलन किया जायेगा। चुनी हुई जानकारी प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित की जाएगी। अटल विरासत सम्मेलन इस कार्यक्रम के बाद 15 फरवरी से 15 मार्च के बीच होगा। आगमी तीन दिनों में महानगर में अटल जी का कार्य देखने वाले जिलाध्यक्ष महानगर घनश्याम लोधी ने कहा कि अनुभवी व्यक्तियों से संपर्क कर अटल जी से सम्बंधित सामग्री का संकलन करना हैं और उन व्यक्तियों का सम्मान करना हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि अटल जी की प्रेरणा से सरकार कई योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित कर रही हैं। बताया कि सारी सामग्री संकलित कर प्रदेश स्तर पर भेजी जायेगी इसके बाद जो भी प्रदेश नेतृत्व से अटल जी से संबंधित अभियान आयेंगे उनसे अवगत कराया जायेगा साथ ही जिला सोशल मीडिया टीम और मंडल सोशल मीडिया टीम को अभियान से जोड़ा जायेगा ताकि सभी तक अटल जी के विचार पहुँच सके इस अभियान के संयोजक कमला प्रसाद शर्मा जिला उपाध्यक्ष रहेंगे। प्रेस वार्ता में जिला महामंत्री प्रदीप गोस्वामी, संजोयक कमला प्रसाद, अमित खंडेलवाल आदि उपस्थित रहे। जिला मीडिया प्रभारी नवीन चौधरी ने सभी पत्रकार बंधुओं का धन्यवाद किया।

# आमजन से आह्वान प्रत्येक कार्य दिवस में आयोजित समाधान शिविर में दे अपनी शिकायत : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

## - प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता पर करें समाधान



**नूंह।** नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई की। इस अवसर पर नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखी, जिनमें से अधिकतर समस्याएं परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, पेंशन, नगर परिषद, पुलिस विभाग, सिंचाई विभाग व जनस्वास्थ्य विभाग से संबंधित थी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि मंगलवार को आयोजित समाधान शिविर में कुल 7 शिकायत प्राप्त हुई तथा समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को भेज दिया गया है। इस मौके पर उन्होंने सभी संबधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायत का निपटान समय पर कर दे जिससे की आम आदमी को परेशानी न हो। उन्होंने पुरानी शिकायतों पर चर्चा करते हुए सख्त निर्देश दिए है कि ज्यादा वक्त तक कोई भी शिकायत लंबित नही रहनी चाहिए उसका समाधान कर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सभी अधिकारी जनसमस्याओं के समाधान को लेकर संवेदनशीलता से कार्य करें और नागरिकों को सरकारी कार्यालयों में ज्यादा चक्कर न लगवाएं व उनकी समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान करें। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर नागरिकों व प्रशासन के बीच बेहतर संबंध बनाने में कारगर साबित हो रहे हैं। नागरिक बेझिझक अपनी समस्याओं को लेकर शिविर में पहुंच रहे हैं जिससे प्रशासन को नागरिकों की समस्याओं का पता लग रहा है और उनका समाधान किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा एक स्थान पर ही समाधान शिविर में प्राथमिकता के आधार पर लोगों की शिकायतों का यथासंभव निपटारा किया जा रहा है ताकि लोगों को इधर-उधर न भटकना पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार प्रति कार्य दिवस सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जिला तथा उपमंडल मुख्यालय पर स्थित लघु सचिवालय में समाधान शिविर आयोजित कर लोगों की शिकायतों की सुनवाई की जा रही है। इस अवसर पर सभी विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहते हैं ताकि शिकायतों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने आम जन से आह्वान किया है कि वे किसी के बहकावे में न आएं बल्कि अपनी शिकायत प्रति दिन हर कार्य दिवस में दे सकते है। उन्होंने कहा कि सरकार निर्देशानुसार समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। इस अवसर पर नगराधीश अशोक कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# 590 बच्चों ने दी मिशन बुनियाद के तहत जिला स्तरीय, लेवल-2 परीक्षा

नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान



**नूंह।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बुनियाद कार्यक्रम में प्रवेश के लिए शिक्षा विभाग की ओर से मंगलवार को जिले में दो केंद्रों पर लेवल-2 की परीक्षा आयोजित की गई। जिला विज्ञान विशेषज्ञ व बुनियाद नोडल अधिकारी रामकिशन आर्य ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जिसमें उन्हें दोनों ही केंद्रों पर नियमानुसार समय पर व सुचारु रूप से परीक्षा चलती पाई गई। परीक्षा में 634 बच्चों में से 590 बच्चे उपस्थित हुए। विभाग की तरफ से जिले में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए दो परीक्षा केंद्र राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल नूंह व राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल नूंह -2 बनाए गए थे। सुबह साढ़े 11 बजे आरंभ हुई परीक्षा के लिए सुबह 09 बजे से ही बच्चे अपने अभिभावकों के साथ परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गए थे। परीक्षा केंद्र के मुख्यद्वार पर बच्चों की जांच करने के पश्चात ही प्रवेश दिया गया। द्वितीय चरण की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात विद्यार्थियों को तृतीय चरण की परीक्षा देनी होगी।

**चयनित बच्चों को दिलाई जाएगी प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग :-**

रामकिशन आर्य ने बताया है कि तीनों चरणों की प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले बच्चों को राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा, किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना, IIT, NEET आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की आनलाइन माध्यम से कोचिंग दिलाई जाएगी। साथ ही बुनियाद में पढ़ रहे छात्र- छात्राओं को हरियाणा सरकार द्वारा निःशुल्क स्टेशनरी,वर्दी व घर से केंद्र तक आने जाने का यातायात भत्ता भी दिया जाएगा इस समय जिले में चार बुनियाद केंद्र चल रहे है।

**बुनियाद परीक्षा का शेड्यूल :-**

परीक्षा का परिणाम 7 फरवरी 2025 तृतीय चरण की परीक्षा 11 फरवरी को तथा परीक्षा का परिणाम 20 मार्च 2025 आयेगा तथा दाखिले को लेकर काउंसिलिंग 25 मार्च व नया बैच प्रारंभ अप्रैल 2025 शुरू किया जाएगा।

# क्या भारत की सबसे बड़ी अल्पसंख्यक आबादी स्वीकार करेगी कि उनके पूर्वज राम थे : सीएम योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंडोनेशिया, जो दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम देश है, वहां के राष्ट्रपति अपने भारतीय डीएनए पर गर्व करते हैं। उनका नाम भी संस्कृत से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया में राम को पूर्वज माना जाता है, गरुड़ उनकी राष्ट्रीय एयरलाइंस है, गणपति उनकी मुद्रा पर है और रामलीला उनका राष्ट्रीय त्योहार है। भारत में रहकर, इस धरती का उपभोग करने वाली बड़ी आबादी, जो दुर्भाग्य से केवल वोट बैंक बनकर रह गई है, क्या वे स्वीकार कर पाएंगे कि उनके पूर्वज राम थे? मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ के ताज होटल में एक निजी चैनल के कार्यक्रम में सवालों के जवाब दे रहे थे।

सीएम योगी ने कार्यक्रम में देश और प्रदेश में चल रहे कई ज्वलंत मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखी। उन्होंने भारत के अल्पसंख्यकों, बिजली चोरी, वक्फ कानून, तुष्टिकरण की राजनीति और कुंभ 2025 की तैयारियों जैसे विषयों पर खुलकर बात की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने भारत के अल्पसंख्यकों को अपने पूर्वजों पर गर्व करने की सलाह दी। उन्होंने इंडोनेशिया का उदाहरण देते हुए कहा कि एक बड़ा इस्लामिक राष्ट्र भगवान राम को अपना पूर्वज मानता है, इस पर वह गर्व करता है, क्या भारत के अल्पसंख्यकों की एक बड़ी आबादी इस सच को स्वीकार कर पाएगी कि उनके भी पूर्वज राम थे।

**वक्फ कानून में बदलाव समय की जरूरत :** वक्फ कानून में बदलाव पर विपक्षी नेताओं द्वारा दी जा रही चेतावनियों पर मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि समय की जरूरत के अनुसार वक्फ कानून में बदलाव हो रहा है। मुझे खुशी है कि संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) ने इस संशोधन पर काम किया है। उम्मीद है कि अगले सत्र में इसे लागू किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी बदलाव का उद्देश्य समाज में पारदर्शिता और न्याय को सुनिश्चित करना है। जैसे देश में सीएए लागू हुआ है वैसे ही वक्फ बिल में संशोधन के बाद इसे भी लागू कर दिया जाएगा। सीएए से आज हमारे पड़ोसी देशों के अल्पसंख्यकों को देश में नागरिकता मिल रही है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में संभव हुआ है। सीएम योगी ने कहा कि वक्फ की कोई जमीन नहीं होती है, यह राजस्व की जमीन है। उत्तर प्रदेश में वक्फ ने एक लाख 27 हजार संपत्तियों पर अपना दावा किया था, जिसे हमने जांच कराया वह सिर्फ 7 हजार ही है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति राजस्व की होती है वहां थाने बने या अन्य सार्वजनिक उपयोग या प्रशासनिक उपयोग के भवन किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए और संभल में किसी ने आपत्ति भी नहीं की।

**मीर बाकी ने संभल में श्रीहरि का मंदिर तोड़कर वहां मस्जिद बनाई थी:** संभल की शाही जामा मस्जिद को लेकर छिड़े विवाद पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पुराणों में संभल का उल्लेख है। आईन-ए-अकबरी के अनुसार, मीर बाकी ने श्रीहरि का मंदिर तोड़कर वहां मस्जिद बनाई थी। उन्होंने कहा कि हम हर जगह मंदिर नहीं तलाश रहे हैं, लेकिन जहां ऐतिहासिक साक्ष्य मौजूद हैं, वहां सच को सामने लाना जरूरी है। मुख्यमंत्री योगी ने ओवैसी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भारत के पौराणिक ग्रंथ हमारे सामने इस बात के प्रमाण हैं कि श्रीहरि विष्णु का 10वां अवतार कहां पैदा होना है। 3500 वर्ष से 5000 वर्ष के दौरान ग्रंथों की रचना हुई है। इस्लाम का जन्म हुए 1400 वर्ष हुए हैं, हमें इससे कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि पुराणों के बारे में हो सकता है कि ओवैसी या अन्य लोगों को भरोसा न हो, लेकिन कम से कम आइन-ए-अकबरी देखें। वह तो इस बात का उल्लेख कर रहा है और वहां पर जो कुछ भी उत्खनन में सामने आ रहा है, वह इस बात को प्रमाणित करता है कि वहां पर कोई पौराणिक नगरी थी। पुरातात्विक अवेशषों के आधार पर हम कह सकते हैं कि यह संभल नगरी वही है, जो पुराण उल्लेख करता है। परंपरागत लोगों की आस्था वहां पर है। अगर यह तमाम चीजें वहां पर सामने आ रही हैं तो मुझे लगता है कि उनको इस सच्चाई को स्वीकार करने की हिम्मत भी करनी चाहिए।

सीएम योगी ने कहा कि संभल में बिजली चोरी की समस्या को लेकर सख्त कार्रवाई की गई है। तीन लाख की आबादी वाले कस्बे में हर महीने 200 करोड़ रुपये की बिजली चोरी होती थी। मस्जिदों के ऊपर अस्थायी सबस्टेशन बनाकर बिजली चोरी की जा रही थी। हमने चार मस्जिदों पर छापा मारा और कनेक्शन काटे। यह उस उपभोक्ता के साथ अन्याय था, जो समय पर बिल भरते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के पावर कार्पोरेशन एक साल में 46,000 करोड़ रुपये के नुकसान पर है और अगले साल तक यह नुकसान 60,000 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। लाइन नुकसान बहुत ज्यादा है। अकेले संभल कस्बे में 90 फीसद बिजली की चोरी होती थी और यह व्यवस्था तो ठीक करनी ही थी।

**दिल्ली की आप सरकार पर सीएम योगी ने साधा निशाना:** कार्यक्रम में सीएम योगी ने दिल्ली की आप सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बिजली की दरें 9-10 रुपये प्रति यूनिट हैं, जबकि उत्तर प्रदेश में यह 3.5 रुपये प्रति यूनिट है। दिल्ली में सबसे ज्यादा पावर कट होते हैं। यमुना की सफाई और बुनियादी ढांचे पर काम नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने यमुना के कार्यों को रोक दिया, जिससे वहां की स्थिति बदतर हो गई है।

# नाबालिक से दुष्कर्म करने का प्रयास दो युवकों के खिलाफ कोतवाली पुलिस को दी तहरीर



केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो
पीलीभीत

**पीलीभीत- पूरनपुर।** नकाबपोश दो युवकों ने दबाई लेने जा रही नाबालिक किशोरी को रास्ते में घेर लिया गन्ने में ले जाकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया चीखने चिल्लाने पर छोड़कर भागे किशोरी ने परिजनों को घटना के बारे में जानकारी दी परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर दो युवकों के खिलाफ तहरीर दी। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक ग्रामीण ने मंगलवार को कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया सोमवार को लगभग 1:30 बजे मेरी नाबलिग पुत्री अपने घर से चंदिया हजारा दवाई लेने जा रही थी। पहले से मौजूद रास्ते में दो नकाबपोश युवकों ने नाबालिक को तमंचे के बल पर गन्ने के खेत में ले गए और दुष्कर्म करने की नीयत से कपड़े उतारने लगे सीखने चिल्लाने पर एक मौके से भाग गया दूसरे के युवक के मुंह से कपड़ा हट गया किशोरी ने उसको पहचान लिया जान से मारने की धमकी देकर दूसरा युवक भी भाग गया। किशोरी ने घर पहुंच कर घटना के बारे में अपने परिजनों को बताया किशोरी के परिजनो ने मंगलवार को पूरनपुर कोतवाली पहुंचकर दो युवकों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बयान क्राइम इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह ने बताया तहरीर मिली है जांच पड़ताल की जा रही है।